संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, शुक्रवार, 17 मई 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



एनआईए के पूर्व महानिदेशक दिनकर गुप्ता को खालिस्तान समर्थक तत्वों से खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने हाल ही में शीर्ष 'जेड-प्लस' श्रेणी का वीआईपी सुरक्षा कवर प्रदान किया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 135 पृष्ठः 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता

## मन की बात



बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद

# धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा: मोदी

- पूर्वांचल को 'मोदी की गारंटी' दे गए पीएम, गरीब का चूल्हा जलते रहना चाहिए बच्चा भूखा नहीं रहना चाहिए

**वोट की अपील**

**मैं गारंटी देता हूं आने वाले पांच साल भी यह मुक्त राशन मिलता रहेगा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने** गुरुवार को आजमगढ़, जौनपुर और भदोही में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने पूर्वांचल के वोटरों में जोश भरने का काम किया। उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से वोट करने की अपील की।

**अगले पांच वर्षों में और क्या होगा, उसके गारंटी देने आया हूं:** पीएम मोदी ने कहा कि मेरे मन में एक ही भाव है कि गरीब का चूल्हा जलते रहना चाहिए बच्चा भूखा नहीं रहना चाहिए और मैं गारंटी देता हूं आने वाले पांच साल भी यह मुक्त राशन मिलता रहेगा। यूपी में ढाई करोड़ से ज्यादा किसानों को किसान सम्मान निधि के 70 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं। मैं काम गिनाने नहीं आया हूं। अगले पांच वर्षों में और क्या होगा उसके मैं आपको गारंटी देने आया हूं।

**अपने लिए घर नहीं, चार करोड़ गरीब परिवारों के लिए बनाया घर:** पीएम मोदी ने कहा कि गरीब का बेटा जब प्रधान सेवक बना तो सभी के लिए योजना चलाई। मेरे लिए सबसे बड़ा काम है गरीब को गरीबी से बाहर निकलना। यह मोदी अभी भी खुद का कोई घर नहीं बनाया है। मेरे नाम पर कोई घर नहीं है। मैंने अपना घर तो नहीं बनाया लेकिन गरीब मां का बेटा हूं ना, मैंने चार करोड़ गरीब परिवारों के लिए घर बनाएं।

**सपा सरकार में एक जिला एक माफिया का था दौर:** पीएम मोदी ने कहा कि सपा की सरकार में वन जिला वन माफिया का दौर चलता था। इन्होंने हर जिला में अलग माफिया दिया। इनका साम्राज्य हर जिले में था। इन लोगों ने एक-एक माफिया को एक जिले को ठेके पर देकर रखा था। यहां व्यापारी सुरक्षित नहीं था। महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं। युवाओं का कोई भविष्य नहीं होता था, लेकिन जब से योगी जी आए हैं जनता नहीं डरती। माफिया डरते हैं।




## नए संसद में भी भदोही की कालीन लगी: पीएम

**पीएम** मोदी बोले कि भदोही रिंग रोड का काम भी हो रहा है। मछलीशहर से बनारस तक नेशनल हाईवे का काम हो रहा है। यूपी में 17 एयरपोर्ट हैं। 3 एयरपोर्ट और बन रहा है। बनारस से देश- विदेश के लिए इतनी फ्लाइट उड़ने लगी है। हमारे भदोही में रेलवे लाइन अब डबल हो गई है। विकास के इन कामों का फायदा यहां के किसानों को मिलेगा। इसका फायदा भदोही के कालीन उद्योग को मिलेगा। आपको पता होगा कि हमने जो नया संसद का भवन बनाया। वहां भी यह हमारे भदोही की कालीन लगी है। भदोही की कालीन को वन जिला वन प्रोडक्ट योजना में पहले स्थान पर रखा है।

## शहजादों को लगता है विकास अपने आप हो जाएगा: पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**



**प्रतापगढ़:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतापगढ़ में विपक्ष पर करारा निशाना साधा। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन बंटने वाला है और इसके बंटने पर शहजादे विदेश भाग जाएंगे। उनका इशारा राहुल गांधी की तरफ था। पीएम मोदी यहां से भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता की चुनावी रैली में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। प्रतापगढ़ की स्थानीय बोली अवधी में भाषण शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, बेल्हा माई और बाबा घुइसरनाथ के पावन धरती प्रतापगढ़ के हम प्रणाम करे। एक तरफ अयोध्या, एक तरफ काशी एक तरफ प्रयागराज। प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप ही प्रताप है, यह वीरों की धरती है।

**इंडी गठबंधन पर साधा करारा निशाना:** पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सरकार हटाना चाहते हैं। इनका फार्मूला है, पांच साल में पांच पीएम बनाएंगे यानी हर साल एक पीएम। भानुमति का कुनबा बनाकर लूटना चाहते हैं।

## काशी वालों के लिए तो भदोही अपना ही घर है: मोदी

**पीएम** ने कहा कि **विंध्यवासिनी** मईया की जय और हर-हर महादेव से पीएम मोदी ने भदोही में संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि हम सीता मैया, बाबा हरिहरनाथ के चरण में प्रणाम करता हूं। आज सीता नवमी के पवन दिन मुझे मां सीता की तीर्थ भूमि पर आने का सौभाग्य मिला। मैं सीता मैया के चरणों में श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं। साथियों मैं काशी वाला हूं और काशी वालों के लिए तो भदोही अपना ही घर है। मुझे पक्का विश्वास है कि अगर मैं आपसे कुछ भी ना मांगू तो भी आप वोट देकर के भारी मतों के साथ यहां से कमल दिल्ली भेजने वाले हैं, लेकिन मैं आज आपके पास आया हूं आपका आशीर्वाद मांगने के लिए। इन दिनों दुनिया भर के अखबार वाले, टीवी वाले, कैमरा वाले हिंदुस्तान में चारों तरफ एक चुनाव का जायजा ले रहे हैं, लेकिन वह हैरान हो जाते हैं की इतनी गर्मी और लोकतंत्र के प्रति इतना अदभुत प्यार। यह उनके दिमाग में नहीं बैठता है। पीएम मोदी का भदोही की जनसभा में शंखनाद के साथ भव्य स्वागत किया गया।

# पीओके हमारा था, हमारा है और हम लेकर रहेंगे: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**मधुबनी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद रहेगा तब तक कोई एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म नहीं कर सकता है। विपक्ष झूठ फैला रहा है। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव और कांग्रेस आरक्षण विरोधी हैं। विपक्ष ने तेलंगाना और कर्नाटक में मुस्लिम समाज को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया है। यह एससी-एसटी, ओबीसी के आरक्षण पर डाका है। लालू भी बिहार में यही करना चाहते हैं। लालू यादव 15 साल बिहार में और 10 साल केंद्र की सत्ता में रहे मगर जननायक कर्पूरी ठाकुर को सम्मान नहीं दिया। अमित शाह ने कहा कि गरीबों, पिछड़ों की आवाज उठाने वाले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नरेन्द्र मोदी ने सम्मान दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के रहिका मध्य विद्यालय में एनडीए प्रत्याशी अमित यादव के लिये चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने मां जानकी की धरती को प्रणाम करते हुए भाषण की शुरूआत की। कहा कि पूर्व सांसद हुकुमदेव नारायण यादव का मैं बहुत सम्मान करता हूं। उन्हें भी प्रणाम। उन्होंने मधुबनी में स्थित उच्चैठ भगवती, उगना मंदिर, राजा सलहेश समेत तमाम धार्मिक देवी-देवाताओं को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर अतिपिछड़ा, किसान, गरीबों, महिलाओं के लिये आवाज बुलंद करते थे। लालू जी ने उन्हें सम्मान नहीं दिया।

## गठबंधन वाले किसे प्रधानमंत्री बनायेंगे: शाह

**शाह** ने कहा कि आइएनडीआइए का कुछ नहीं होना है। यदि स्वपन में जीत भी गये तो किसे प्रधानमंत्री बनायेंगे। आइएनडीआइए वाले कहते हैं बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेगा। मधुबनी के लोग बतायें कि क्या ममता प्रधानमंत्री बन सकती हैं, क्या लालू बन सकते हैं, क्या स्टालीन बन सकते हैं, क्या शरद पवार बन सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि देश को एक मजबूत सरकार चाहिये। कोरोना की परिस्थिति से देश को निकालने वाला प्रधानमंत्री चाहिये। बताइये प्रधानमंत्री ने सबको मुफ्त में टीका दिलाया। राहुल बाबा कहते थे नहीं लेंगे।

# छह दिन की ईडी रिमांड पर भेजे गए आलमगीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** झारखंड के मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने गुरुवार को रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने उन्हें बुधवार को उनके निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक के घर से भारी नकदी बरामदगी के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। पीएमएलए की विशेष अदालत ने मंत्री आलमगीर आलम को छह दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने बताया कि हमने 10 दिन की ईडी रिमांड मांगी थी। अदालत ने उन्हें (झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम) 6 दिन की दिन रिमांड पर भेज दिया है। कुमार ने बताया कि पूरी नकदी (जो उनके पीएस संजीव लाल के घरेलू नौकर से बरामद की गई थी) उन्हीं की है।

**जांच ने एजेंसी ने अदालत में किए कई दावे:** झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के एक सचिव के घरेलू सहायक के रांची स्थित परिसर से जब्त 32.2 करोड़ रुपये की नकदी विधायक आलम के ही हैं और उन्हें अपने विभाग में निष्पादित हर टेंडर से 1.5 प्रतिशत का निश्चित कमीशन मिलता है।

# 'आप' के खिलाफ दाखिल होगा चार्जशीट

**शिकंजे की तैयारी**

**हमारे पास केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं: सॉलिसिटर जनरल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में अपनी गिरफ़्तारी को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इसकी प्रक्रिया चल रही है। हमारे पास केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। इसके पहले ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल के उस बयान पर आपत्ति जताई, जिसमें केजरीवाल ने कहा था कि अगर आप झाड़ू को वोट देंगे, तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा। मेहता ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि ऐसा केजरीवाल सोचते होंगे। हम इस मसले पर नहीं जाएंगे। हमारा आदेश स्पष्ट है कि केजरीवाल को कब आत्मसमर्पण करना है।




# असम के हिरासत केंद्रों से 17 विदेशी नागरिकों की रिहाई के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को असम के हिरासत केंद्रों में रखे गए 17 विदेशी नागरिकों को रिहा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा है कि विदेशी नागरिकों के खिलाफ कोई अपराध दर्ज नहीं है।

**17 विदेशी नागरिकों को रिहा करने के निर्देश:** न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने मामले की सुनवाई की। अदालत में राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि असम में 17 विदेशी नागरिकों को हिरासत में रखा गया है।

# चार चरणों में अबतक 66.95 प्रतिशत मतदान

**मताधिकार**

**पहले चार चरणों में मतदान का औसत 66.95 प्रतिशत रहा है अबतक 45.1 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग के अनुसार पहले चार चरणों में मतदान का औसत 66.95 प्रतिशत रहा है यानि अबतक 45.1 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से आने वाले चरणों में बड़ी संख्या में बाहर आने और मतदान करने का आह्वान किया है। शेष 3 चरणों में मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने के लिए लक्षित प्रयासों को बढ़ाया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ 5वें, 6वें और 7वें चरण में मतदान करने वाले राज्यों के सीईओ को सभी मतदाताओं को समय पर मतदाता सूचना पर्चियां वितरित करने और आउटरीच गतिविधियों को बढ़ाने का निर्देश दिया है।



# राजद अध्यक्ष लालू यादव का देश के नाम पहला संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**



**पटना:** लालू प्रसाद यादव ने देशवासियों के नाम एक संदेश दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि सतर्क और सावधान हो जाइए! भाजपा आपका आरक्षण, देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तुल गया है। देश का संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा। आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे। आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे, जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों। आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे। संविधान है तो आरक्षण है और आरक्षण है तो गैर बराबरी, उत्पीड़न एवं अत्याचार से सुरक्षा है। समानता का भाव है, उपचार है। भाजपाई चाल चरित्र से समता विरोधी हैं। ये लोग संविधान व आरक्षण खत्म कर समाज में गैर बराबरी बढ़ा लोगों को पुनः मानसिक गुलाम बनाना चाहते हैं।

# सरकार बनी तो हर महीने महिलाओं को देंगे 8500 रु.: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, देश भर में हमारी बहनें उत्साह के साथ इंडिया अलायंस की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। जुलाई से महिलाओं के खाते में हर महीने 8500 रुपये यानी सालाना 1 लाख रुपये जमा होने से हर परिवार की आर्थिक स्थिति बदल जाएगी।



**25 लाख रुपये की मिलेगी बीमा योजनः** उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी से महिला शक्ति मजबूत होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आशा, आंगनवाड़ी और रसोइया बहनों के मानदेय में केंद्र का योगदान दोगुना किया जाएगा। 25 लाख रुपये की बीमा योजना आपको मेडिकल खर्च के दलदल से बाहर निकालेगी। हालात बदल जायेंगे। इससे पहले अपने भाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए प्रचार करते हुए, प्रियंका ने भाजपा पर उच्च मुद्रास्फीति से निपटने में असमर्थ होने का आरोप लगाया।

**सशक्तिकरण**

**अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करेगी: प्रियंका**

**देश में महंगाई बढ़ रही:** उन्होंने कहा, देशभर की महिलाएं एक ही बात कह रही हैं कि महंगाई ने जीना मुश्किल कर दिया है घर चलाना मुश्किल हो गया है। घर का हर सामान पहुंच से बाहर हो गया है।

एक सिलेंडर जिसकी कीमत 400 रु थी जो 1200 रुपये में मिल रहा है। तेल, दाल, आटा, चीनी, चावल, सब्जी सब कुछ बेहद महंगा हो गया है।

# लालू बच्चा पैदा करने के सिवाए कुछ नहीं किए: नीतीश

**टीम एक्शन इंडिया**



**रक्सौल:** पश्चिमी चंपारण लोकसभा रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के नथुनी दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरंदरा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। नीतीश कुमार ने यहां कहा कि 2005 से हमलोग (बीजेपी के) साथ हैं। हमारा रिश्ता 1995 से है। दो बार हम इधर-उधर हो गए। अब हम कभी भी अलग नहीं होंगे। पहले की ही तरह फिर से हमलोग विकास करेंगे। 'भला नौ-नौ बच्चा कोई पैदा करता है' : मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी के कारण लड़के-लड़किया पढ़ नहीं पाते थे।

इसके लिए हमने पोशाक, साइकिल योजना शुरू की। महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। उन्होंने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि वे बच्चा पैदा करने के सिवाए कुछ किए हैं।

**जिम्मेदारियां** भारत उन लोकतांत्रिक देशों में से एक है जहां न्यायिक सक्रियता के अलावा विधायी तंत्र का भी सुखद अनुभव किया

# भारत की बनी रहे सबसे बड़े लोकतंत्र की छविः जस्टिस सूर्यकांत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत** ने कहा कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत है और पृथक्करण व कानून के शासन के सिद्धांतों को ध्यान में रखती है। उन्होंने कहा कि उत्साही न्यायपालिका भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की पहचान है जहां हम कानून के शासन व सुशासन में विश्वास करते हैं और यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि यह प्रतिबद्धता दिन प्रतिदिन बनी रहे।

**भारत में है न्यायिक सक्रियता- जस्टिस सूर्यकांत :** इंडियन काउंसिल फॉर लीगल जस्टिस द्वारा आयोजित 'लोकतांत्रिक विकास में सतत न्यायशास्त्र' पर सेमिनार में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह न्यायपालिका एवं न्यायिक तंत्र ही है जो आमजन की चिंताओं से लगातार एवं व्यापक रूप से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारत में विधायिका की भूमिका को भी कमतर या अनदेखा नहीं करना चाहता। भारत उन लोकतांत्रिक देशों में से एक है जहां न्यायिक सक्रियता के अलावा हमने विधायी तंत्र का भी सुखद अनुभव किया है। जब हम न्यायपालिका की भूमिका के बारे में बात करते हैं तो हम शक्तियों के पृथक्करण और कानून के शासन के सिद्धांतों को भी ध्यान में रखते हैं। हम सभी वास्तव में मानते हैं कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत है। ये बेहद आधारभूत सिद्धांत हैं जो न सिर्फ शक्ति के केंद्रीकरण को रोकते हैं, बल्कि लगातार यह सुनिश्चित करते हैं कि वैश्विक मंच पर भारत की छवि एक सफल एवं सबसे बड़े लोकतंत्र की बनी रहे। पिछले सात दशकों में देश ने सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं नैतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया है और लिखित कानून दिन प्रतिदिन के आधार पर इन सभी बदलावों को प्रतिबिंबित नहीं भी करते हैं।




**प्रणाली**

**न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत है : न्यायाधीश सूर्यकांत**

# पीओके जल्द भारत में वापस आ मिलेगाः विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) को भारत का अविभाज्य हिस्सा बताते हुए कहा कि वो अंततः भारत में वापस आएगा। जयशंकर ने कहा कि वहां के लोग अब अपनी ही सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। पीओके में बढ़ती अशांति और लगातार हो रही हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए जयशंकर ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पीओके के लोग पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में हो रहे बड़े पैमाने पर विकास को देख रहे हैं और प्रभावित हो रहे हैं।



**पीओके के लोग खुद से पूछ रहे- हम ही क्यों पीड़ित रहें**

पीओके में लोग नियंत्रण रेखा के पार सकारात्मक बदलाव देख रहे हैं और वे खुद से पूछ रहे हैं कि अगर चीजें ऐसी हैं, तो हम क्यों पीड़ित हैं और हम इस तरह के दुर्व्यवहार को क्यों स्वीकार कर रहे हैं? वे निस्संदेह इससे प्रभावित हो रहे हैं। नासिक में 'विश्वबंधु भारत' कार्यक्रम में बोलते हुए कहा जयशंकर ने कहा कि अब बस हमें यह देखना होगा कि ये कब होता है।

**प्रतिक्रिया**

**पीओके को भारत का अविभाज्य हिस्सा बताते हुए कहा कि वो अंततः भारत में वापस आएगा**

# साहिबाबाद की गत्ता फैक्टरी में लगी भीषण आग



**काबू पाया**

**तेज लपटों से आसपास की फैक्टरियों में आग फैलने का खतरा बनने लगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के साहिबाबाद में औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 में बुधवार देर रात गत्ता बनाने की फैक्टरी में आग लग गई। तेज लपटों से आसपास की फैक्टरियों में आग फैलने का खतरा बनने लगा। सूचना के बाद वैशाली स्टेशन से अग्निशमन की सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने हथौड़े से शटर तोड़ा और टीनशेड काटकर कड़ी मशक्कत से आग को काबू कर लिया। तड़के तक आग को बुझाने का काम चला रहा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट नंबर 41/17 में जैनसन्स कोरोपैक एलएलपी के नाम से अंकुर जैन की गत्ता बनाने की फैक्टरी है। सूचना मिलने पर तत्काल वैशाली फायर स्टेशन से अग्निशमन की चार गाड़ियां लेकर अग्निशमन अधिकारी टीम के साथ रवाना हो गए। वहां दमकलकर्मियों को भीषण आग के बीच काला धुआं निकलने से सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिस पर टीम ने हथौड़े से शटर को तोड़ना शुरू कर दिया, जबकि ऊपर टीन शेड को मशीन से काटकर रास्ता तैयार किया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने चारों तरफ अन्य फैक्टरियों में आग फैलने से रोकते हुए उसे काबू करना शुरू कर दिया। सीएफओ के मुताबिक, आग बढ़ने की संभावना पर साहिबाबाद स्टेशन से दो गाड़ियां और एक गाड़ी कोतवाली घंटाघर से टीम के साथ मौके पर बुलाई गई।

फैक्टरी में चारों तरफ अधिक धुआं होने से दमकल कर्मियों को बार-बार दिक्कत हो रही थी, लेकिन कर्मियों ने तड़के पांच बजे तक आग को काबू कर लिया। इसके बाद पांच गाड़ियां स्टेशन को लौट गई, जबकि दो गाड़ियों को सुबह तक फैक्टरी में लगी आग को बुझाने के लिए रखा गया।

# भीमा-कोरेगांव केस की आरोपित की जमानत याचिका पर सुनवाई टली



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने भीमा-कोरेगांव मामले की आरोपित ज्योति जगताप की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने अगली सुनवाई जुलाई में करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान ज्योति जगताप की ओर से पेश वकील अपर्णा भट्ट ने एनआईए की ओर से पेश हलफनामा का जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की जिसके बाद कोर्ट ने तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद नियत करने का आदेश दिया। ने 4 मई, 2023 को जगताप की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र सरकार और एनआईए को नोटिस जारी किया था। जगताप कबीर कला मंच की सदस्य हैं। कबीर कला मंच प्रतिबंधित माओवादी संगठन की आनुषंगिक शाखा है। जगताप को सितंबर 2000 में गिरफ्तार किया गया था। एनआईए के मुताबिक जगताप और दूसरे आरोपियों ने 31 दिसंबर 2017 को एल्गार परिषद का आयोजन किया था जिसके बाद हिंसा भड़की थी। जगताप की जमानत याचिका बॉम्बे हाईकोर्ट ने 17 अक्टूबर 2022 को खारिज कर दिया था।

## नोएडा में जमकर गरजा बुलडोजर

**नोएडा।** शहर में अधिसूचित क्षेत्र की जमीन को भू माफिया से कब्जा मुक्त कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की है। सीईओ लोकेश एम के निर्देश पर एक मार्च से युद्धस्तर पर शुरू हुई कार्रवाई सैकड़ो भूमिया चिन्हित किए गए हैं। उनके खिलाफ विभिन्न थानों में मामला दर्ज करने के लिए तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने 13 भू माफिया खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भूलेख विभाग अधिकारियों के साथ दो से लेकर दस वर्क सर्किल तक 133362.35 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया गया है।

## 'पुलिस ने मेरे भाई को छोड़ने के लिए मांगे 5 लाख', पीड़ित पक्ष का दावा

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चिपियाना पुलिस चौकी में पुलिस हिरासत में अलीगढ़ के युवक योगेश की मौत हो गई। उसने आत्महत्या की है। उसका शव गमछे से बंधा हुआ पंखे से लटका मिला है। योगेश के भाई जितेंद्र ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रताड़ना से उसके भाई की जान गई है। आरोप है कि उसके भाई को छोड़ने के एवज में पुलिस ने पांच लाख रुपये मांगे थे। पचास हजार उसने दे दिए थे। एक हजार रुपये शराब के भी दिए। वहीं पुलिस ने किया दावा किया है कि समाज में बदनामी के डर से युवक ने आत्महत्या की है। उसके खिलाफ महिला सहकर्मी ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस योगेश को उठाकर पूछताछ के लिए चौकी लाई थी। पुलिस हिरासत में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने चौकी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिसकर्मियों के खिलाफ बिसरख कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। चिपियाना पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा युवक योगेश को बुधवार दोपहर घर से उठाकर लाया गया था। उस पर आरोप था कि उसने किसी महिला सहकर्मी से दुष्कर्म किया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत को राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएमडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001,2002,2004,3061 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 08 महीने |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 23890909.88 |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 269500.00 |
| 5. | निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | रु शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 17.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 07.06.2024 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 23.05.2024 से दिनांक 07.06.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी है। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प.सं.: 1–डब्ल्यू–उ.मु.अभि,–टी.एम.सी.–ला.–यू.टी.वी– 02–24–25
दिनांक: 14.05.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1482/24



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT-11 | कार्य का नाम: सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MTC के खंड में के खंड में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक वार्षिक जोन 2024–25 (समाप्त अवधि 30.06.2025) कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार। |
| NIT-12 | कार्य का नाम: सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत SSE/W/MOZ के खंड में के खंड में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों के रखरखाव के लिए वार्षिक वार्षिक जोन 2024–25 (समाप्त अवधि 30.06.2025) कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार। |
| NIT-24 | कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वितिय के अनुभाग में सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अनुभाग में SSE/P.way/MTC और MOZ के खंड में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन 2024–25 कार्य का प्रावधान। (समाप्त अवधि 30.06.2025) कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार। |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने तिथि और समय | 28.05.2024 से 11.06.2024 at 15:00 Hrs. |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 11.06.2024 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं NIT : 11,12 & 24-24-25-W-II दिनांक : 16.05.2024 1491/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना सं. 14/2024-2025 दिनांक: 15.05.2024

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18241059 | प्री–प्रिंटिड कंप्यूटर टिकट्स | 164430 रोल्स | 10.06.2024 |
| 02 | 09243006A | सिंथेटिक इनेमल, इंटीरियर, अंडरकोटिंग, वाइट | 60646 लीटर | 10.06.2024 |
| 03 | 09243041 | इनैमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग ब्लैक | 104174 लीटर | 10.06.2024 |
| 04 | 09243025 | इनैमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग सिग्नल रेड | 66965 लीटर | 17.06.2024 |
| 05 | 09243014 | इनैमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग पले क्रीम | 20954 लीटर | 25.06.2024 |
| 06 | 11231076 | स्टेनलेस स्टील स्ट्रेट एयर ब्रेक पाइप | 7429 मीटर | 01.07.2024 |
| 07 | 19241819 | शंटिंग कंटक्टर असेंबली | 263 नग | 19.08.2024 |

निविदा शर्ते:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 1475/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)**

**ई–निविदा सूचना**

सं. आरएस(पोल)/58/0504/2024 नई दिल्ली, दिनांक : 15.05.2024

**विषय : डीजल इंजनों के लिए क्रैंक केस ऑयल की खरीद के लिए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की ई–निविदा सं. 2024 सीसीएलबी टीसी के लिए ई–निविदा सूचना का प्रकाशन**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (सी), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित करते हैं.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सं. | 2024 सीसीएलबी टीसी |
| 2. | कार्य का नाम | अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा यथा अनुमोदित संगत विशिष्टियों के अनुरूप ब्रांडेड क्रैंक केस ल्यूब ऑयल (एचएचपी एवं एल्को इंजनों दोनों के लिए). वर्तमान में नियमित और अनियंत्रित उपयोग के लिए अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा अनुमोदित मल्टीग्रेड ऑयल के निम्नलिखित ब्रांड हैं (i) सर्वो आरआर–606 एमजी प्लस–II (आई ओ सी) (ii) एचपीआरआर–813 एम (एचपीसी) (iii) मैक आरआर–513 एम (बीपीसी) (iv) मोबिल आरआर सुपर 2413 (v) बामरोल आरआर 513 एम |
| 3. | अनुमानित मात्रा लीटर में | थोक - 6085000 लीटर पैक्ड - 76000 लीटर |
| 4. | बयाना | Rs. 50,00,000/- |
| 5. | ई–निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 06/06/2024 को 14.30 बजे |
| 6. | पूर्ण ब्यौरों और आगे के शुद्धिपत्र के लिए तथा ई–निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |
| 7. | आवंटन शीर्ष | अनुदान सं. 01 |

1476/2024 (सुनील वर्मा), निदेशक, रेल भंडार (एम)
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## हिरासत में युवक की मौत की सूचना, लड़की भगाने के मामले में लाई थी पुलिस

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना चौकी में एक युवक की पुलिस हिरासत में मौत की सूचना है। युवक को पुलिस लड़की भगाने के मामले में पूछताछ के लिए उठाकर लाई थी। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, दोपहर में उसको छोड़ दिया गया था। इसके बाद पुलिस रात में उसको दोबारा उठाया लाई। इससे तंग आकर युवक ने चिपियाना चौकी में आत्महत्या कर ली। पुलिस हिरासत में जिस युवक की मौत हुई है उसका नाम योगेश है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: (i) निविदा सूचना संख्या 81/2023–24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)**
**(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 15.05.2024**

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, टेंडर खुलने की नियत तिथि 15.05.2024 से बदल कर 14.06.2024 कर दी गई है। शेष सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

1474/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



महिमा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **महिमा पुत्री राधेश्याम यादव निवासी म. नं. सी–24, असोला फार्म, नई दिल्ली** जो दिनांक **11.05.2024** से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं. **271/2024 दिनांक 11.05.2024 को अन्तर्गत धारा 363 आईपीसी थाना मैदान गढ़ी, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंग:** महिला, **आयु:** 15 वर्ष, **कद:** 5' 4" फीट, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** लाल रंग की टी–शर्ट व सफेद रंग की जीन्स और पैरों में लाल रंग के स्लिपर पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

**थाना प्रभारी**
**थाना: मैदान गढ़ी, नई दिल्ली**
**फोन: 011–26645050**
**मोबाइल: 8750870825**

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई–मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/5689/SD/2024**


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 24/32 दिनांक: 14.05.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20233742जी | बॉल बियरिंग 6308 सी3 | 67 नग | 06.06.2024 |
| 2 | 80241441A | ट्रांसफार्मर ऑइल फॉर थ्री फेज लोकोमोटिव। | 45175 लीटर | 03.06.2024 |
| 3 | 70243502 | पैंट एनामेल जेन्सन ब्लू | 137404 लीटर | 18.06.2024 |
| 4 | 64245119 | कटिंग चेन एसेम्बली | 03 सेट | 28.06.2024 |
| 5 | 63235456B | मैन्युफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ स्फेरोवॉयडल ग्रेफाइट कास्ट आयरन इनसर्ट | 90000 नग | 06.06.2024 |
| 6 | 38241220ए | साईड फ्रेम फ्रिक्शन लाइनर | 36956 नग | 06.06.2024 |
| 7 | 38241436ए | बोल्स्टर लाईनर फॉर कास्ट स्टील बोल्स्टर | 148457 नग | 11.06.2024 |
| 8 | 50245254 | एलईडी लाल पीला और हरा | 1980 नग | 12.06.2024 |
| 9 | 20232185 | ब्रेक शू (70 एम एम ) | 9094 नग | 11.06.2024 |
| 10 | 20245014 | सप्लाई ऑफ मेटेरियल रिक्वायर्ड फॉर ट्रैप चैम्बर मोडेफिकेशन | 120 सेट | 11.06.2024 |
| 11 | 20215017B | माइक्रोप्रोसेसर बेस्ड स्पीडोमीटर कम रिकॉर्डर एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (इ एस एम ओ एन) | 07 नग | 12.06.2024 |
| 12 | 20245001C | एयर ड्रायर असेंबली फॉर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर | 45 नग | 19.06.2024 |
| 13 | 40241039 | स्लॉट वेज फॉर हिताची आर्मेचर | 7927 नग | 12.06.2024 |
| 14 | 40231285 | 4.5 के.डब्लू. 110/120 वी. डी. सी. ब्रशलेस अल्टरनेटर | 54 नग | 05.06.2024 |
| 15 | 40241031 | एन.के.एन. कलेन्डरड (नोमेक्स 410 कैप्टन -नोमेक्स 410) | 144 कि.ग्रा. | 19.06.2024 |
| 16 | 40243002 | सिंगल साइड कोटेड ग्लास क्लॉथ | 633 नग | 06.06.2024 |
| 17 | 40241109 | वेल्डिंग केबल विथ जनरल पर्पस एच.ओ.एफ.आर. | 6000 मीटर | 18.06.2024 |
| 18 | 40243017 | बैटरी ऑपरेटेड एल.ई.डी. बेस्ड टॉर्च लाइट | 8250 नग | 11.06.2024 |
| 19 | 40241105 | केबल सिंगल कोर विथ एलस्टोमेरिक इंसुलेशन | 342 मीटर | 12.06.2024 |
| 20 | 40241510 | इलैक्ट्रोलाइटिक कॉपर हार्ड ड्रान वायर | 18434 मीटर | 19.06.2024 |

**नोट:** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **855/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


# पापा को याद कर रहे बच्चो मां ने कहा अब नहीं लौटेंगे...

**पिता की याद**

**सृष्टि ने मां से पूछा कि पापा का बैग तो आ गया पापा कहां हैं। बेटी की बात सुनते ही मां की आंखों में आंसू आ गए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोनी:** न्यू विकास नगर कॉलोनी निवासी रोहित सैनी के बच्चे अपने पिता को घर के अंदर तलाशते रहे। वह अपनी मां से बार-बार पूछ रहे हैं कि उनके पिता कब आएंगे। तीन वर्षीय बेटी सृष्टि ने मां से पूछा कि पापा का बैग तो आ गया पापा कहां हैं। बेटी की बात सुनते ही मां मनीषा की आंखों में आंसू आ गए। मां बोली कि तुम्हारे पिता अब नहीं आएंगे। परिवार के अन्य सदस्य सृष्टि को बाहर ले गए। सृष्टि अपने परिवार के सदस्य से पापा के बारे में पूछने लगी। रोहित के चचेरे भाई विमलेश ने बताया कि बुधवार को रोहित जो बैग ले गया था। उसे घर लेकर आए थे। पिता का बैग जैसे ही घर आया तभी सृष्टि बोली मेरे पिता का बैग आ गया है, अब पापा घर आने वाले हैं। रात भर सृष्टि अपने पिता को याद करती रही। न्यू विकास नगर कॉलोनी में रहने वाले विपिन सोनी के बच्चे अपने पापा को याद करते-करते रो रहे हैं। भाई रिखन सोनी ने बताया कि भाई का बेटा वेदांत उर्फ राधे अपनी दादी से बोल रहा है की दादी पापा ऊपर बुआ के पास चले गए हैं। अब मैं तुम्हारा विपिन हूं। यह सुनकर विपिन की मां की आंखों में आंसू आ गए और वेदांत को गले से लगा लिया।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

ACTION INDIA
करनाल, 17 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### डा . सुशील गुप्ता को महिला शक्ति का भारी समर्थन: स्वीटी रंगा नलवी



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद:** शाहबाद के गांव कलसाना और सुलखनी की महिला शक्ति ने कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा के मार्गदर्शन में मिलकर डा. सुशील गुप्ता के पक्ष में वोट करने का समर्थन किया। स्वीटी रंगा नलवी लगातार चुनाव प्रचार कर रही है और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पुरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार चला रही है। स्वीटी रंगा ने बताया कि आज महिला शक्ति का भारी समर्थन मिला है । स्वीटी रंगा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजयी बनाना है। सभी महिला शक्ति ने स्वीटी रंगा को विश्वास दिलाया कि डॉ. सुशील गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। इ इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं साथ रही ।

### स्वादिष्ट मेथी दाना सब्जी बनाकर फरीदाबाद की सीमा सेतुमाधवन ने जीता विजेता का खिताब

**फरीदाबाद ।** ग्लेनमार्क फाउंडेशन ने इडोब्रो इम्पैक्ट सॉल्यूशंस के सहयोग से पाक प्रतियोगिता मेरी पौष्टिक रसोई के छठे सीजन के सफल समापन की घोषणा की। इस अखिल भारतीय पहल का उद्देश्य पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों के उत्सव और प्रचार के माध्यम से कुपोषण से मुकाबला करना है। साथ ही इसका मकसद देशभर में खान-पान की स्वस्थ और बेहतर आदतें अपनाने के लिए समुदायों को




सशक्त बनाना भी है। फरीदाबाद की रहने वालीं सीमा सेतुमाधवन मेथी दाना सब्जी के साथ खुली श्रेणी की विजेता रहीं। 24 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों से 800 से अधिक प्रविष्टियाँ हासिल हुईं, जिनमें 250 से अधिक कस्बे और शहर शामिल हैं। इनमें लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की प्रविष्टियाँ और जम्मू और कश्मीर से पहली बार भागीदारी भी शामिल हैं। प्रतिभागियों ने चार श्रेणियों- एनजीओ, पेशेवर, छात्र और ओपन/व्यक्तिगत में अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया।

सेलिब्रिटी शेफ गौतम महर्षि, अनुराधा शेखर, डॉ. बीएमएन कॉलेज के पूर्व वाइस प्रिंसिपल और शेफ योगेश उटेकर, प्रिंसिपल आरपीएच इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी स्टडीज सहित एक प्रतिष्ठित ग्रैंड जूरी ने पोषण, नवाचार और खाना पकाने के जुनून पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यंजनों का मूल्यांकन किया। इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर- कॉर्पोरेट सर्विसेस, चेरिल पिंटो ने कहा, "ग्लेनमार्क फाउंडेशन में हमने हमेशा खान-पान संबंधी अपनी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और इसका जश्न मनाने का प्रयास किया है, क्योंकि आधुनिक जीवनशैली के कारण अक्सर हमारी समृद्ध विरासत प्रभावित होती है। मेरी पौष्टिक रसोई के माध्यम से, हमने कुपोषण जैसे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर मुद्दों को दूर करने में पारंपरिक खान-पान के गहरे असर को सामने लाने की कोशिश की है। यह पहल सिर्फ व्यंजनों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हमारे समुदायों के सामने आने वाली पोषण संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, खान-पान की स्वस्थ और बेहतर आदतों की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव की दिशा में भी काम करती है।

# 400 पार का नारा देने वालों के रूझान आने शुरू हो गए: दुष्यंत

## सीएम रहते विकास नहीं करवा पाए सांसद बनकर क्या कर लेंगे: दुष्यंत चौटाला

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिह )

**पूर्व** डिप्टी सीएम एवं जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हरियाणा में होने वाली रैलियों के रद्द होने पर चुटकी लेते हुए कहा कि 400 पार का नारा देने वालों के रूझान आने शुरू हो गए हैं। यहां आजाद नगर में वार्ड 8 से नगर पार्षद विनोद वाल्मीकि के सहयोग से जेजेपी एससी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एससी सम्मेलन में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। एससी सम्मेलन में जहां पार्षद विनोद वाल्मीकि व मिनाक्षी चावला की अगुवाई में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का फूलों का बड़ा हार डालकर स्वागत किया वहीं सिख



समाज की और से गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने उन्हें सिरोपा भेंट कर जेजेपी को समर्थन की घोषणा की। एस सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेजेपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने पट्टीकल्याणा में बने उतरी भारत के आरएसएस मुख्यालय पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस आरएसएस ट्रेनिंग सेंटर से आपको क्या मिला अगर इसकी जगह चार फैक्ट्रियां लगाई होती तो क्षेत्र का भला हो जाता। साढ़े 9 साल तक प्रदेश के सीएम रहते मनोहर लाल क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी का तो नाम भी यहां कोई नहीं जानता। इन दोनों प्रत्याशियों का तो पता भी करनाल का नहीं है।

उन्होंने एससी समाज द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने एससी समाज को नौकरियों में पदोन्नति और शिक्षा मे 50 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने काम किया। महिलाओं को पंचायत चुनाव

**साधा निशाना**

**▶▶ जेजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान के लिए जन समर्थन मांगते हुए कहा कि अब आपकी भागीदारी का समय है**

व राशन डिपो देने में महिलाओं की भिगीदारी का हक दिलाया। उन्होंने कहा कि वह तो एमसी चुनाव में भी 50 प्रतिशत महिलाओं को भागीदारी दिलाना चाहते थे। इस बार जोटा मार दो ये काम भी कर दूंगा।

उन्होंने जेजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान के लिए जन समर्थन मांगते हुए कहा कि अब आपकी भागीदारी का समय है। देवेन्द्र कादियान आपके बीच का है 24 घंटे आपकी सेवा करेगा।

### जिला कारागार में हुआ जेल लोक अदालत का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान 6 केसों पर सुनवाई की गई। इस जेल लोक अदालत में 3 केसों का मौके पर निपटारा करके अंडरगोन किया गया। इन अंडरगोन किए गए केसों में 3 बंदियों को मौके पर ही रिहा किया गया। उन्होंने कहा कि यह जेल लोक अदालत प्रत्येक माह में आयोजित की जाती है, जिसमें केसों का निपटारा मौके पर ही जिला कारागार में ही किया जाता है। सीजेएम ने जेल अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा ऐसे केस इंडटीफाई करने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा बंदियों के केसों का निपटारा कर उन्हें रिहा किया जा सके। इस मौके पर जिला कारागार अधीक्षक सोमनाथ जगत सहित जिला कारागार का अन्य स्टाफ मौजूद था।

### नौ तपा से पहले ही सूर्य देव ने आग उगलनी शुरू कर दी है

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** नौतपा से पहले दिन ही गर्मी ने अपना तीखा असर दिखाना शुरू कर दिया है। वीरवार को कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार तक चला गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार तापमान आने वाले दिनों में 44 डिग्री के पार जाने की संभावना है। आजकल मई महीने के मध्य तन झुलसाने वाली गर्मी ने सबको बेबस कर दिया है। गर्मी के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। जानकारों के अनुसार नौतपा के पहले ही तापमान में बढ़ौतरी बनी हुई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह के अनुसार आने वाले दिनों में अभी गर्मी बढ़ने की संभावना है।

## यज्ञ से मनुष्य का जीवन बनता मंगलमय : हरिओम

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** शिवशक्ति जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में गुरुवार को जनकल्याणार्थ 11 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान कलश यात्रा और काष्ठ घर्षण से अग्नि प्रकट करके विधिविधान से आरम्भ हुआ। जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी और नरेश सैनी ने बताया कि राज राजेश्वरी भगवती मां त्रिपुर सुंदरी के आशीर्वाद से गांव बिशनगढ़ के शिव मंदिर के समीप चौपाल के सामने यह अनुष्ठान 23 मई तक त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के पावन



सान्निध्य में चलेगा। गुरुवार,23 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक पूजन व हवन होगा जिसमें मुख्य यजमानों के साथ-साथ आमजन आहुतियां देंगे। इसी के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा का समय भी प्रतिदिन दोपहर बाद 3 से सायं 6 बजे तक रखा गया है। अनुष्ठान का मुख्य आयोजन दिव्य महाआरती प्रतिदिन देर सायं 8 बजे आरंभ होगी जोकि लगभग अढाई घंटे तक चलेगी और 23 मई को पूणार्हुती के साथ शिवशक्ति महायज्ञ संपन्न होगा। आज

**विधिविधान**

**▶▶ महायज्ञ अनुष्ठान कलश यात्रा और काष्ठ घर्षण से अग्नि प्रकट करके विधिविधान से आरम्भ हुआ**

शक्तिपीठ श्री देवीकूप मां भद्रकाली मंदिर से आयोजन स्थल तक 251 कलशधारी महिलाओं की शोभायात्रा आयोजित की गई। इसके पश्चात पूरे गांव एवं यज्ञशाला की परिक्रमा के बाद हवन कुंड के पूजन के साथ-साथ देवी-देवताओं का आह्वान एवं अनुष्ठान आरंभ हुआ। पूजन के दौरान काष्ठघर्षण से अग्नि प्रकट की गई।

### भारतीय योग संस्थान द्वारा ब्रह्मसरोवर पर योग का महाकुंभ 19 को

**कुरुक्षेत्र:** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के अखिल भारतीय प्रधान माननीय देसराज ने हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 की तैयारी में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं उनके द्वारा अधिकृत मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली, द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरण के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा चयनित 100 संस्थाओं के सहयोग से 100 पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण चयनित धरोहर स्थलों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व से (एक संस्था, एक धरोहर स्थल, एक दिन) प्रतिदिन एक योग उत्सव आयोजित किया जा रहा है` अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 33वें दिन शेष रविवार, 19 मई 2024 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर धरोहर स्थल पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में यह उत्सव आयोजित करने का सौभाग्य भारतीय योग संस्थान को प्राप्त हुआ है` इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों के अतिरिक्त स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व महानुभावों को निमंत्रण भेजा गया है। कुछ ऋषियों व मनीषियों का सान्निध्य भी कार्यक्रम में प्राप्त होगा।

## जी.वी.एम इंटजी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय रोड शो का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह)

**जी.वी.एम** इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय रोड शो का आयोजन किया गया। ये रोड शो बच्चों का 10वी तथा 12वी परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहने की खुशी में निकाला गया। दसवी के छात्र लक्षित ने (478/500), छात्रा शुभ्रा ने(477/500) अंक लेकर बापौली में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय के छात्र मनप्रीत ने (453/500) अंक लेकर टॉप किया। रोड शो निकालने का मकसद सिर्फ बच्चों को




प्रोत्साहित करना था, ताकि बच्चे आगे भविष्य में और मेहनत कर सके, इस रोड शो का रिजल्ट छोटे बच्चों में भी देखने को मिला, उन्होंने अपने अध्यापकों से वादा किया कि अगले वर्ष ऐसे ही रोड शो का आयोजन और भी जोर शोर से करेगे। अर्थात इसके बाद उनके

**स्वागत**

**▶▶ रोड शो निश्चित स्थान के पहुंचने पर बच्चों व अध्यापकों को फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया**

अंदर एक प्रेरणा का भाव देखने को मिला, जोकि एक सराहनीय कदम था। इस रोड शो में स्कूल के सभी अभिभावकों ने बड़ चढ़ कर भाग लिया, सभी अभिभावक बच्चों का हौसला बड़ाने के लिए हर एक चौंक पे बच्चों के स्वागत के लिए मिले। गांव बापौली, जलमाना, गोयला खेड़ा, गड़ी भलौर, ताहर पूर, संजोली, गोयला खुर्द, भलौर, की जनता ने अपनी भागीदारी व बहुत प्रेम से स्कूल के विद्यार्थियों का स्वागत किया। स्कूल के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, डायरेक्टर विशाल जांगड़ा , राहुल जांगड़ा ,रमेश वत्स , प्रिंसिपल मनप्रीत कौर, इस रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोड शो निश्चित स्थान के पहुंचने पर बच्चों व अध्यापकों को फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## एस एम मॉडर्न हाई स्कूल के विद्यार्थियों का नाम मेरिट सूची में

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

समालखा के गांव मनाना में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया था जिसमें एस एम मॉडर्न हाई स्कूल मनाना के सभी विद्यार्थियों द्वारा मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया स्कूल प्रबन्धक ने बताया की छात्र किरण ने गाव सब से ज्यादा नम्बर 94.4 % लेकर स्कूल व गांव का नाम रोशन किया जिले का पहला स्कूल है जिस के सभी बच्चो ने मेरिट में स्थान पाया इस अवसर पर उनके माता-पिता को विद्यालय




सम्मान समारोह में सम्मानित किया स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत आने पर सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह में सभी बच्चों को स्कूल में लड्डू बांटे गए वह फूलमाला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस मौके पर अमित राठी , नरेन्द्र राठी , धमेन्द्र दीपक सोमबीर सीमा पिंकी आदि मौजूद रहे।

### मोटरसाईकिल चालक की उपचार के दौरान मौत, मामला दर्ज

**गन्नौर।** बड़ी गांव के पास पानीपत से दिल्ली सर्विस लाइन पर तेज गति से आ रहे ट्रक ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में मोटरसाईकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां उपचार के दौरान मोटरसाईकिल चालक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में गौरव गांव नन्देनगर, बिहार हाल निवासी किराएदार मकान भारत शर्मा गांव बड़ी ने बताया कि 14 मई को मोटर साईकिल पर अपने दोस्त अंकित गांव हसनपुर बिहार हाल किरायेदार मकान भारत भूषण गांव बडी के साथ गन्नौर गया था।

## योग से मोक्ष महिला आश्रम की बीमार महिलाओं को मिला लाभ

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** बुजुर्गों की सेवा व संभाल के लिए प्रतिबद्ध मोक्ष वृद्धाश्रम द्वारा संचालित मोक्ष महिला आश्रम की सदस्यों को योग व थेरेपी करवाई गई। इस प्रक्रिया से मानसिक रूप से बीमार महिलाओं को काफी लाभ मिला। योग व थेरेपी के उपरांत मोक्ष आश्रम की महिलाएं शांत चित नजर आई। आदी योगशाला व थेरेपी सेंटर द्वारा लगाई गई इस कक्षा में अवसाद ग्रस्त या मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं को निरंतर लाभ मिल रहा है। योग थेरेपिस्ट आशिमा व सारिका ने योग व थेरेपी कक्षा का संचालन किया और महिलाओं को बड़े ही सहज ढंग से समझाया। उन्होंने सही ढंग से योग करने के



सरल उपाय बताकर उनका अभ्यास भी करवाया।

मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक समाजसेवी पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा व संभाल निशुल्क की जाती है। मोक्ष वृद्धाश्रम की शाखा मंदबुद्धि महिला आश्रम में मंदबुद्धि महिलाओं की भी समुचित देखभाल की जाती है। यहां पर अवसाद ग्रस्त व मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं के लिए भोजन, आवास व चिकित्सा की संपूर्ण

**प्रावधान**

**▶▶ मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं के उपचार लिए प्रतिदिन कक्षा का प्रावधान किया गया है**

व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि मंदबुद्धि महिला आश्रम में मंदबुद्धि महिलाओं की संख्या बढ़ाने पर जोर नहीं दिया जाता बल्कि उनका समुचित इलाज करवाकर उन्हें वापस परिवार में समायोजित करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं के उपचार लिए प्रतिदिन कक्षा का प्रावधान किया गया है।

## नशीला पदार्थ रखने की महिला आरोपी गिरफ्तार, 1 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद

### गुप्त सूचना मिली कि शोरगिर बस्ती वासी महिला गांजा बेचने का काम करती है। जो आज भी अपने घर के बाहर बैठ कर गांजा बेच रही

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने की महिला आरोपी को किया गिरफ्तार। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में शोरगिर बस्ती वासी महिला को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 1 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 मई को अपराध अन्वेषण शाखा-2 के सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल गुरबक्श सिंह, प्रवीन कुमार, संजीव कुमार, महिला सिपाही पूजा व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही देवेन्द्र कुमार की टीम



अपराध तलाश के सम्बन्ध में कन्डा चौक थानेसर के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि शोरगिर बस्ती वासी महिला गांजा बेचने का काम करती है। जो आज भी अपने घर के बाहर बैठ कर गांजा बेच रही है। यदि उसको काबू करके उसकी तलाशी ली जाए तो उसके पास से काफी मात्रा में गांजा बरामद हो सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम शोरगीर बस्ती कुरुक्षेत्र पहुंची। मौका पर राजपत्रित श्री अशोक कुमार डीएसपी मुख्यालय कुरुक्षेत्र को बुलाया गया। पुलिस टीम ने शोरगिर बस्ती में एक घर के सामने बैठी महिला को महिला पुलिस की सहायता से काबू किया। राजपत्रित

**बरामद**

**▶▶ यदि उसको काबू करके उसकी तलाशी ली जाए तो उसके पास से काफी मात्रा में गांजा बरामद हो सकता है**

अधिकारी के सामने महिला पुलिस टीम द्वारा महिला आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 1 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ । अरोपिया के खिलाफ थाना कृष्णा गेट में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-2 के उप निरीक्षक जयपाल ने आरोपिया को गिरफ्तार कर लिया।

## लाडली वेलफेयर ट्रस्ट ने सेवार्थ भाव से कूलर, वाटर कूलर व पंखे करवाए उपलब्ध

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** सामाजिक सरोकारों की अलख जगाते हुए लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम को दो कूलर, एक वाटर कूलर, दो एग्जास्ट फैन, फल व मिठाइयां सेवार्थ भाव से उपलब्ध करवाए। लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला मंगालीवाला, प्रधान अनिल मीरकां, उपप्रधान वेदप्रकाश सिंगला, सचिव निर्मल गर्ग व कोषाध्यक्ष पवन जालंधरा ने हिसार के अर्बन एस्टेट में स्थित मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम पहुंचकर सभी संसाधन व सामग्री आश्रम के संचालकों को सौंपी। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आश्रम में रहने वाली माताओं-बहनों



से मुलाकात करके उनके स्वास्थ्य व कुशलता की कामना भी की। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ ही समाजसेवी दुनीचंद गोयल व सावित्री गोयल भी उपस्थित रहीं। लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला मंगालीवाला ने कहा कि ट्रस्ट समाज हित के कार्यों व सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा सेवा के विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। निशुल्क चिकित्सा शिविर व नेत्र जांच शिविर लगाकर जहां स्वास्थ्य की अलख जगाई जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### सीजेएम ने किया नारी निकेतन का दौरा महिलाओं को दिए जाने वाले भोजन को जांचा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डॉ. सविता कुमारी ने वीरवार को नारी निकेतन में रहने वाले महिला/कैदियों को दी जा रही सुविधाओं की जांच के लिए नारी निकेतन का दौरा किया। उन्होंने महिलाओं के साथ भी बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया। अधीक्षक को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित / प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि महिलाओं को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। सीजेएम ने नारी निकेतन में महिलाओं को दिए जाने वाले भोजन को भी जांच और परखा। साथ ही साथ वहां रहने वाली सभी महिलाओं से बातचीत की और उनसे उनको हो रही किसी भी तरह की असुविधा के बारे में पूछा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष रूप से उन महिलाओं को विभिन्न कानूनी सहायता योजनाओं और ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने की प्रकिया आदि के बारे में अवगत कराया गया। महिला न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और महिलाओं के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। उन्होंने अधिकारियों को नारी निकेतन और निरीक्षण गृह के पास साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत कर उनको होने वाली किसी असुविधा के बारे में पूछा, जिस पर किसने कहा कि हमें यहां किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं हो रही है।

### ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 22 मई, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** सीबीआरई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सबसे बड़ी फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस सॉल्यूशंस कंपनी, ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड (कंपनी), 22 मई 2024 को इक्विटी शेयरों का अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (ऑफर) खोलने का प्रस्ताव करती है।



एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी 21 मई, 2024 को। बोली/ऑफर बंद होने की तारीख 27 मई, 2024 को होगी। प्राइस बैंड रु364 प्रति इक्विटी शेयर से रु 383प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 39 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 39 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। ऑफर में रु 1,280.00 मिलियन तक के कुल मिलाकर इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (ताजा इश्यू) और मिलियन तक के कुल मिलाकर 12,295,699 इक्विटी शेयरों (ऑफर किए गए शेयर) तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। जिसमें कुल मिलाकर 6,615,586 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कि पीक पार्टनर्स इन्वेस्टमेंट्स (पूर्व में रउकइन्वेस्टमेंट्स श के रूप में जाना जाता था) (पीक श या प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा रुमिलियन तक है, कुल मिलाकर 5,594,912 इक्विटी शेयर तक बिस्क लिमिटेड द्वारा मिलियन तक और लिंक इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट द्वारा रुमिलियन तक कुल मिलाकर 85,201 इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से, सेलिंग शेयरधारक और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए ऐसे प्रस्ताव, बिक्री के लिए प्रस्ताव) शामिल हैं। यह ऑफर हमारी कंपनी की पोस्ट-ऑफर प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का % होगा। ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए ? 20.00 मिलियन (हमारी कंपनी की पोस्ट ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी के% तक का गठन) तक कुल मिलाकर इक्विटी शेयरों तक का आरक्षण शामिल है।

# विकासशील भारत से विकसित भारत बनाने के लिए पीएम मोदी को वोट दें : नायब सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना है तो बीजेपी को वोट दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही मजबूत और सुरक्षित भारत बनाकर विकास की गाथा लिख सकते हैं। विकासशील भारत से विकसित भारत बनाने के लिए आपको पीएम मोदी को मजबूत बहुमत से जीताना होगा। कमजोर विचारधारा वाली पार्टी को जीताने से भारत का नुकसान होगा। पीएम मोदी ने विश्व में एक नये भारत का निर्माण किया है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे। करनाल में मुख्यमंत्री सैनी ने चुनाव प्रचार के दौरान शहर के कई स्थलों पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने आर्य समाज में भी जाकर पूजा अर्चना भी किया। मुख्यमंत्री के समक्ष आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी डॉ. संतलाल, श्यामा देवी और प्रो. सागर सैनी ने अपने समर्थकों के साथ बीजेपी को ज्वाइंन किया।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस दुष्प्रचार कर रही है। राहुल गांधी गरीबों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। सभी को इससे बचना होगा। कांग्रेस पार्टी परिवार मोह में फंसकर देश के विकास को अवरूद्ध कर रही है। 55 सालों में गरीबी हटाओं का नारा देने वाली कांग्रेस लोगों को सिर्फ सपने दिखाती रही, जबकि दस वर्षों में पीएम मोदी ने सच्चे अर्थों में गरीबी हटाने का काम किया है। आज गांव से लेकर शहर तक विकास की धारा बह रही है। 2014 और 2024 के करनाल में साफ अंतर दिखता है। हमारी सरकार ने स्थानीय पार्कों को आधुनिक बनाया गया है और पार्क को एलईडी बल्ब से रौशन किया है। आज करनाल में कई योजनाएं चल रही है, जिसका फायदा शहरवासियों को मिल रहा है।

आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए सैनी ने कहा कि यह पार्टी महिलाओं का अपमान करती है। महिलाएं आम आदमी की पार्टी से सतर्क रहें। केजरीवाल की मंशा लोगों को बरगलाने की है। वे अपने जाल में कांग्रेस को फांस कर उल्लू बना रहे हैं। आज लोग मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की चाल को समझ गए हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि 25 मई को कमल के फूल पर वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को और मजबूत करें।

### कांग्रेस को संविधान, लोकतंत्र और न्यायालय पर भरोसा नहीं: नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** घमंडिया गठबंधन वोट जिहाद कर सरकार बनाना चाहती है। यह उनकी मंशा सफल नहीं होगी। कांग्रेस पार्टी को संविधान, लोकतंत्र और न्यायालय पर भरोसा नहीं है, वह अपने को सभी से ऊपर मान बैठी है। कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ रहा है। वर्ष 2029 तक कांग्रेस लुप्त हो जाएगी। उस पार्टी को उम्मीदवार नहीं मिल रहे है। बीजेपी ही है जो अपने काम के ऊपर वोट मांग रही है। कांग्रेस और उनकी सहयोगी इंडिया गठबंधन झूठ और भय का माहौल पैदाकर लोगों को बरगला रही है और देश को कमजोर करने की साजिश कर रही है। जनता में कांग्रेस के प्रति अविश्वास है। आज 50 साल सत्ता में रहने के बावजूद गारंटी देने की बात कर रही है, यह बड़ी हास्यास्पद है। उक्त बातें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलसेन ऑडिटोरियम में एक निजी चैनल के कार्यक्रम कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिखों के गुनहगारों को सम्मान करने का काम किया, जबकि पीएम नरेन्द्र मोदी ने सजा दिलवाई। कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया, जबकि मोदी सरकार ने विश्व में लोगों का मान-सम्मान बढाया। कांग्रेस एक ओर देश की समस्या के समाधान में रूचि नहीं ली, हमारे पीएम मोदी ने देश की समस्यॉं का समाधान बखूबी किया, जो प्रशंसनीय है।

## अब आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा को दिया समर्थन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा में अब आप पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गुरुवार को अब आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सागर सिंह सैनी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सुखीजा को समर्थन पत्र सौंपा। साथ में भाजपा नेता अमरनाथ सौदा व अब आप पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। समर्थन पत्र में कहा गया कि अब आप पार्टी हरियाणा में सभी 10 सीटों पर भाजपा को समर्थन देगी। भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए उनके लिए वोट की अपील की जाएगी। सागर सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर चलकर देश में विकास कार्य करवाए हैं। हर वर्ग के व्यक्ति को साथ लेकर हर वर्ग को विकास पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ओबीसी समाज का सम्मान बढ़ा है। उनके मुख्यमंत्री बनने से देश में एक अच्छा संदेश गया है।

**समर्थन**

**आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सागर सिंह सैनी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सुखीजा को समर्थन पत्र सौंपा**

अशोक सुखीजा ने कहा कि अब आप पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकताओं को भाजपा की ओर से मान.सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा ही दुनिया का सबसे मजबूत राजनीतिक दल है।

इस मौके पर अब आप पार्टी के पानीपत जिला प्रधान दिलबाग सिंह, प्रदेश कानूनी सलाहकार धर्मेंद्र वकील, सोनीपत जिला प्रधान डा. संतलाल भंडेरी, रोहतक जिला प्रधान पंकज ढींगड़ा, पूर्व सरपंच जगत राम, संजीव नैन व करनाल जिला प्रधान सीमा पांचाल मौजूद रहे।

## पति पर लगाया मारपीट व फांसी देकर मारने के प्रयास का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के कस्बा जुंडला में पत्नी ने अपने पति पर मारपीट कर फांसी देकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। पति अपना कर्ज उतारने के लिए अपनी पत्नी पर मायके से पैसे लाने का दबाव बना रहा है। इतना ही नहीं पति उसकी बेटी को उठाकर अपने घर पर ले गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत सदर थाना पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुंडला निवासी सोनिया की शादी रसूलपुर गांव के रोहतास के साथ हुई थी। उसका उसके पति के साथ बीते कुछ दिनों से झगड़ा चल रहा था। 13 मई को उसका पति जुंडला आया और उसके साथ मारपीट की और बेटी को उठाकर रसूलपुर ले गया। इसके बाद 15 मई को उसका पति कुछ लोगों के साथ आया और दोबारा से मारपीट शुरू कर दी। उसके दोनों साथी उसे मारपीट के लिए उकसा रहे थे और उसी के चलते उसके पति ने उसे फांसी भी दी, लेकिन वह किसी तरह से बच गई। पीड़िता ने बताया कि उसके पति पर 30 लाख रुपए का कर्ज है और वह कर्ज चुकाने के लिए उसके ऊपर दबाव बना रहा है कि अपने मायके से पैसे लेकर आए। इससे पहले भी पति को मायके से पैसे लाकर दिए है और इन पैसों से जुंडला में इन्होंने घर भी बनाया है। यह घर मेरे नाम पर है, लेकिन मुझे इस घर से निकाल दिया गया है। पीड़िता ने अस्पताल में जाकर अपना मेडिकल करवाया और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि सोनिया की शिकायत के आधार पर रोहतास कुमार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## विकसित भारत बनाने के लिए वोट के रूप में डालें आहूतिः सुमन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं पूरे विश्व में चहेते नेता बन चुके हैं। यही वजह है कि देश की जनता विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनेगी। सुमन सैनी बृहस्पतिवार को फूसगढ़ विकास नगर में शिव चरण शर्मा व गौशाला रोड पर संदीप सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची। इस दौरान सुमन सैनी का जोरदार स्वागत



किया गया। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। उस संकल्प को पूरा करने के लिए जनता एक-एक वोट की आहूति डालें और मतदात जरूर करें। एक वोट की ताकत बहुत बड़ी होती है। आपकी एक-एक वोट देश को आगे बढ़ाने और देश को और अधिक मजबूत करने में अहम होगी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनेकों ऐसे काम किए और योजनाएं चलाई, जिनका लाभ आने वाले समय तक लोगों को मिलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले गैस सिलेंडर की बहुत बड़ी समस्या थी। लंबी लाइनों में लगना पड़ता था। सरकार ने इसे समाप्त किया। आज घर बैठे सिलेंडर मिल रहा है। नौकरी के लिए अब कोई खर्ची और पर्ची नहीं चलती। आज गरीबों के बच्चे पढ़ लिखकर सरकारी नौकरी लग रहे हैं। सरकार ने ऐसे अनेकों कितने काम किए हैं जिससे देश की जनता का भला हुआ है।

सुमन सैनी ने कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा से नायब सिंह सैनी को भारी बहुमत से जिताने का काम करें ताकि एक कमल आपकी लोकसभा में आवाज उठा सके और दूसरा विधानसभा में। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, मेघा भंडारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, कृष्णा कुमार, गीता प्रोचा व रीमा वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

**वोट की अपील**

**सरकार ने ऐसे अनेकों कितने काम किए हैं जिससे देश की जनता का भला हुआ है : सुमन सैनी**

## एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना न चलाएं विज्ञापनः उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया, केबल संचालक और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर केबल संचालक के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है और जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी करनाल को इस कमेटी के सदस्य सचिव बनाया गया है। जिला के सभी केबल संचालकों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निदेर्शों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि एमसीएमसी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग कर रही है और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रख रही है। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रैस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर, बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म, केबल संचालक व सिनेमा घर संचालक बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकते है, अगर नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल संचालक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## महाराणा प्रताप उद्यान विवि में यूजी-पीजी के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर ओर एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में एडमिशन लेने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर ओर एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में एडमिशन लिखित परीक्षा में मैरिट के आधार पर होंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून हैं। महाराणा प्रताप उद्यान विश्विविद्यालय करनाल के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर की 120 सीटए एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर की 10 सीटों के लिए इच्छुक विद्यार्थी 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। 4 वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में एडमिशन लेने के लिए विद्यार्थियों की योग्यता 12 वीं कक्षा में सामान्य श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिए 50 प्रतिशत और एससी और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिए 47.5 प्रतिशत अंक होने अनिवार्य हैं।

कुलपति ने बताया कि इसी तरह एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में दाखिले के इच्छुक अभ्यार्थियों को बीएससी (ऑनर्स)



हॉर्टिकल्चर पास होना चाहिए। विद्यार्थी (3) विषयों एमएससी फ्रूट साइंस (4) एमएससी फ्लोरिकल्चर एंड लैड स्केपिंग 2, एमएससी वैजिटेबल साइंस (4) सीटों पर एडमिशन के लिए भी 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जो विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि वे महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में एडमिशन लेना चाहते हैं तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन के साथ ही एक ओर एप्लीकेशन ऑनलाइन करना होगा।, जिसके लिए सामान्य श्रेणी के अभ्यार्थियों को 500 रुपए व एससीएबीसीए ईडब्ल्यूएसए पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यार्थियों को 125 रुपए की फीस देनी होगी।

कुलपति ने बताया कि लिखित परीक्षा चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित की जाएगी। दाखिला प्रक्रिया, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, उपलब्ध सीटों की जानकारी आदि सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि बागवानी क्षेत्र में रोजगार के असीमित अवसर है। किसान भी परपंरागत खेती को छोडकर बागवानी की खेती की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन किसानों के पास उन्नत जानकारियां उपलब्ध नहीं होती, जिनके चलते किसान बागवानी की खेती करके भी मनमुताबिक आर्थिक लाभ नहीं ले पाते। इन सब कमियों को बागवानों द्वारा पूरा किया जाए।

## ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सनातन धर्म मंदिर रामनगर में ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। मुख्य सेवक संजय टिक्का ने ओम शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरूआत की। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता एवं समाज बृज गुप्ता ने पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने जगत कल्याण के लिए मंगल कामना की। उन्होंने ओम नमः शिवाय जाप परिवार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी सौहार्द बढ़ता है और लोगों का धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बढ़ता है। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया, फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया।

## कांग्रेस से ज्यादा अंदरूनी फूट भाजपा में: उदयभान

**इंद्रजीत क्या कहते थे, चौधरी बीरेंद्र सिंह क्या कहते हैं, कांग्रेस से ज्यादा भाजपा में अंदरूनी फूट है**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने सीएम नायब सैनी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी कांग्रेस में गुटबाजी की बात कहते हैं, लेकिन भाजपा की गुटबाजी उन्हें नजर नहीं आती। भाजपा के सांसद अरविंद शर्मा पूर्व सीएम मनोहर लाल के बारे में क्या-क्या कहते थे, इंद्रजीत क्या कहते थे, चौधरी बीरेंद्र सिंह क्या कहते हैं, कांग्रेस से ज्यादा भाजपा में अंदरूनी फूट है। करनाल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उदयभान ने कहा कि आप अनिल विज से ही पूछकर देख लो कि वे



भाजपा से कितना संतुष्ट हैं? किस तरह से अनिल विज को अपमानित होना पड़ा। सीनियर नेता रामविलास शर्मा थे, अब उनसे भी पूछ कर देख लो कि उनकी पार्टी में कितनी यूनिटी है। सीएम मनोहर लाल अनिल विज की फाइलों को ही दो-दो महीने तक नहीं देखते थे। पूरा का पूरा महकमा ही पैरालाइस कर दिया जाता है। ये बीजेपी वाले हमें क्या सीख देंगे, पहले ये अपने आप को सुधारें।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि हम पहले से ही कह रहे हैं कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और पब्लिक का फ्रेश मेंडेट लिया जाए। राज्यपाल द्वारा कांग्रेस का लेटर रिजेक्ट करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह रिजेक्ट हुआ है या नहीं, इसको लेकर अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। राज्यपाल से तो हम दबाव बनाकर रखेंगे, क्योंकि अभी हमारा फोकस लोकसभा चुनाव पर है। जब चुनाव से फ्री हो जाएंगे तो उसके बाद आगे की चर्चा करेंगे। दीपक बावरिया के लेटर बम पर उदयभान ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। वह लेटर किसी को चेताने के लिए और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए जारी किया जाता है।

**निशाना साधा**

**सीएम नायब सैनी कांग्रेस में गुटबाजी की बात कहते हैं, लेकिन भाजपा की गुटबाजी उन्हें नजर नहीं आती**

## विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज प्रताड़ना का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में विवाहित महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड ?ा, गर्भपात का प्रयास और आर्थिक फायदे के लिए वार्ड पार्षद से अवैध संबंध बनाने का दबाव डालने के संगीन आरोप लगाए हैं। महिला ने अपने मायके वालों को बुलाकर पूरी बात बताई। जब मायके वाले बेटी के ससुराल पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इंद्री थाना पुलिस ने शिकायत पर ससुराल पक्ष पर केस दर्ज कर लिया गया है।

ब्याना गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी 11 अक्टूबर 2016 को पानीपत के पसीना कलां गांव के युवक के साथ हुई थी। अब पूरा परिवार करनाल की एक कॉलोनी में रहता है। शादी के कुछ दिन तक तो ससुरालवाले ठीक रहे, लेकिन कुछ महीनों बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे बार-बार ताने दिए गए कि वह दहेज में कुछ भी नहीं लेकर आई। जबकि वह शादी में दहेज के रूप में मोटरसाइकिल, 8-9 तोले सोने के गहने दिए थे। पति भी अप्राकृतिक संभोग के लिए मजबूर करता था।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुरालवालों ने उस पर पार्षद को खुश करने का दबाव बनाया। ससुराल वाले बोलते थे कि तू पार्षद को खुश कर दिया कर, क्योंकि ये हमारे सुख-दुख में काम आता है और हमारे बेटे को अपने साथ रखा रहेगा, ताकि घर में पैसा आता रहे। ससुराल वाले पार्षद को घर पर बुलाते और अवैध संबंध बनाने के लिए बोलते थे। वह इनकार करती तो उसके साथ मारपीट करते थे।

उसने शिकायत में बताया है कि उसके पास 2 बच्चे हैं। एक 6 साल का है तो दूसरा करीब एक साल का है। जब छोटा बच्चा पेट में था तो तब मेरी सास ने गर्भपात करने के लिए कुछ दवाई खिला दी थी। तबीयत खराब होने पर प्राइवेट अस्पताल में ले गए थे। वह परिवार की शर्म में कुछ नहीं बोल पाई।

## संपादकीय

# पुरकायस्थ की रिहाई

**प्रसिद्ध** न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक व प्रधान सम्पादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी और रिमांड को अमान्य करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें तुरन्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये हैं। उन्हें पिछले साल 3 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम- यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार किया था। उन्हें चीन की ओर से दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का आरोप है कि पुरकायस्थ एवं न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने देश की सम्प्रभुता को बाधित करने एवं देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिये चीन से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी, जिसे 'टेरर फंडिंग' कहा जाता है। पुलिस के मुताबिक भारत की चुनावी प्रक्रिया में दखलंदाजी के उद्देश्य से न्यूजक्लिक ने पीपुल्स एलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्यूलरिज्म के साथ मिलकर कथित रूप से साजिश की थी। इस आरोप में इन दोनों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इस मामले में 9000 पृष्ठों का आरोप पत्र एवं कई उपकरण साक्ष्य के रूप में पेश किये थे, जिनमें मोबाइल, कम्प्यूटर आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि अमित चक्रवर्ती इस वर्ष की जनवरी में सरकारी गवाह बन गये थे जिसके कारण उन्हें 6 मई को जमानत मिल चुकी है। न्यूजक्लिक की ख्याति व्यवस्था के खिलाफ मुखर होकर खबरें देने वाले पोर्टल की है। जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उन्हें तुरंत रिहा करने का आदेश देते हुए कहा साफ किया कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी के पीछे के आरोप आधारहीन व अमान्य हैं क्योंकि गिरफ्तारी के समय उन्हें इस का आधार नहीं बताया गया था। वैसे इस मामले में दिल्ली पुलिस दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है इसलिये पुरकायस्थ की रिहाई ट्रायल कोर्ट के जमानत नियमों के तहत हुई। उन्हें जमानत बॉन्ड भरने के लिये कहा गया है। उनके वकील अर्शदीप खुराना ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी देते हुए कहा कि वे पहले से कहते आये हैं कि यह गिरफ्तारी अवैध है। पुरकायस्थ की रिहाई उन सभी लोगों एवं संगठनों के लिये राहत की बात है जो स्वतंत्र विचारों एवं अभिव्यक्ति की आजादी में भरोसा करते हैं। इनमें अनेक विचारक, लेखक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वैसे तो यूएपीए का यह कानून 1967 में अस्तित्व में आया था जो केन्द्र सरकार को कठोर शक्तियां प्रदान करता है। इसमें 2008 में एक संशोधन लाकर यह नियम बनाया गया कि अगर मामला प्रथम दृष्टया सत्य महसूस होता है तो आरोपी को जमानत देने से इंकार किया जा सकता है। 2019 में केन्द्र सरकार ने इसमें एक और महत्वपूर्ण संशोधन लाकर इसे अधिक कठोर बना दिया है। इस कानून का इसलिये मानवाधिकार संगठन विरोध करते रहे हैं क्योंकि यह लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करता है। किसी के भी वक्तव्यों या कामों को देशविरोधी अथवा उकसाने वाली कार्रवाई बतलाकर उसकी गिरफ्तारी आसान है। जमानत मिलनी कठिन है जो न्याय के अधिकार का भी हनन है। इसका इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों से सम्बन्धित लोगों के खिलाफ भी किया जाता है। इतना ही नहीं, संगठनों के अलावा व्यक्तियों पर भी यूएपीए लागू करने का नियम बनाया गया। अभियोजन के मानकों का इसमें अभाव होने के कारण इसके दुरुपयोग की गुंजाइश बहुत ज्यादा है; और वह जमकर हो भी रहा है। पीयूसीएल ने वर्ष 2022 में एक रिपोर्ट पेश की थी जिसके अनुसार इस नियम की सफलता की दर बहुत कम है।

# धर्म आधारित जनसंख्या का बढ़ता असंतुलन

श्याम जाजू

"दरअसल मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या दर वोटबैंक की राजनीति का परिणाम है। कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी सरीखे कई क्षेत्रीय दलों ने मुसलमानों को एक वोट बैंक के तरीके से इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने तो आजादी के समय से ही सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए मुस्लिम कार्ड खेला है। याद कीजिये ये कांग्रेस ही थी जो सत्ता के लिए धर्म के आधार पर देश का विभाजन करने को तैयार हो गई थी। और ये वही कांग्रेस थी जो एक ओर तो हिन्दुओं से "हम दो, हमारे दो" का आह्वान करती रही है, वहीं दूसरी ओर आज मुसलमानों के लिए "जितनी आबादी, उतना हक" जैसे नारे देती है। पश्चिम बंगाल में तो राजनीतिक लाभ और वोटों की चाह में जनसंख्या विद्रूपता अपने चरम पर है। वहां पर सत्तारूढ़ तृणमूल पर वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने का आरोप है"

**18वीं** लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच एक ऐसी रिपोर्ट आई है जिसे देश पहले से ही जानता था पर आधिकारिक तौर पर मुहर अब लगी है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के द्वारा जारी "धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी-एक क्रॉस कंट्री विश्लेषण (1950-2015)" शीर्षक से एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में बहुसंख्यक (हिंदुओं) की जनसंख्या हिस्सेदारी में गिरावट आई है। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 1950 में 84.68 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78.06 प्रतिशत हो गई है, अर्थात इसमें 7.82 प्रतिशत की कमी हुई है। जबकि इसी अवधि (65 वर्ष) में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है। अर्थात 43.15 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि। इसी अवधि में ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि, सिखों में 6.58 प्रतिशत की वृद्धि और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गई, जबकि जैन और पारसियों की संख्या में कमी देखी गई।

आजादी के समय देश का धर्म के आधार पर विभाजन हुआ- मुसलमानों और सेक्युलरों के बीच। जहां पकिस्तान केवल मुसलमानों के लिए बना, वहीं हिन्दुस्तान सभी धर्मों और सम्प्रदायों को साथ लेकर चलने वाला देश बन गया। जहां पकिस्तान से चुन चुन कर हिन्दुओं को भेजा गया या मार दिया गया, वहीं हिंदुस्तान में बड़ी संख्या में मुसलमान रह गए, जिनको समानता के साथ देश का नागरिक बने रहने का अधिकार मिला। कालखंड में इनकी संख्या बढ़ती गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत सेक्युलर है और यहां के बहुसंख्यक हिंदू सेक्युलर हैं। यही वजह है कि यहां और धर्मों और सम्प्रदायों को मानने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। शोर के विपरीत, इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि वास्तव में भारत में फल-फूल रहे हैं। पर इस रिपोर्ट का एक दूसरा भी पहलू है। वह यह कि जैसे-जैसे हिन्दुओं की संख्या घटेगी, देश में सेक्युलरिज्म की अवधारणा पर चोट पहुंचेगी। हाल की दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं वहां इनटॉलेरेंस बढ़ने की, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है। देश के अनेक राज्यों और जिलों में जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं, वहां हिन्दुओं के धार्मिक जुलूसों पर पथराव, हिंदू मान्यताओं का विरोध आदि शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल और केरल इसके मुख्य



उदाहरण हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं ( ये राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं - लद्दाख, जम्मू व कश्मीर, लक्षद्वीप, मिजोरम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, और अरुणाचल प्रदेश)। कुछ लोग पंजाब का भी नाम लेते हैं पर वहां के बहुसंख्यक सिख हिन्दुओं का ही बृहत्तर हिस्सा हैं। इसके अलावा देश ऐसे कई राज्य हैं जहां हिन्दुओं की जनसंख्या तेजी से घट रही है और मुस्लिम जनसंख्या बढ़ रही है, जैसे कि पश्चिम बंगाल, केरल और उत्तराखंड जहां पर 2001 से 2011 के दशक में ही यह वृद्धि दो प्रशित की थी। 2011 के बाद निस्संदेह यह संख्या बढ़ ही रही है इकोनॉमिक और पॉलिटिकल वीकली में छपी एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार केवल प्रदेशों में ही नहीं, देश के अनेकों जिलों में जनसंख्या का असंतुलन चिंताजनक तरीके से बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार देश के 458 जिलों में 2001 से 2011 के बीच मुस्लिम आबादी की वृद्धि 24.4 प्रतिशत की थी. कई जिले तो ऐसे हैं जो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल हो गए हैं। उदाहरण के तौर पर बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी है। यहां पर 66.8 प्रतिशत और इसके नंबर आता है मालदा जिले का, जहां 51.27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। दरअसल मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या दर वोटबैंक की राजनीति का परिणाम है। कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी सरीखे कई क्षेत्रीय दलों ने मुसलमानों को एक वोट बैंक के तरीके से इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने तो आजादी के समय से ही सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए मुस्लिम कार्ड खेला है। याद कीजिये ये कांग्रेस ही थी जो सत्ता के लिए धर्म के आधार पर देश का विभाजन करने को तैयार हो गई थी। और ये वही कांग्रेस थी जो एक ओर तो हिन्दुओं से "हम दो, हमारे दो" का आह्वान करती रही है, वहीं दूसरी ओर आज मुसलमानों के लिए "जितनी आबादी, उतना हक" जैसे नारे देती है। पश्चिम बंगाल में तो राजनीतिक लाभ और वोटों की चाह में जनसंख्या विद्रूपता अपने चरम पर है। वहां पर सत्तारूढ़ तृणमूल पर वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने का आरोप है। बंगाल सरकार की शह पर घुसपैठियों ने कथित तौर पर वोटर कार्ड से लेकर राशन, आधार कार्ड व पासपोर्ट जैसे दस्तावेज तक बना लिए हैं, जिससे मुस्लिम संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जो चुनाव में अहम रोल निभाते हैं। आज बंगाल में मुस्लिम वोट बड़ा फैक्टर बन गया है। ये लोकसभा की 42 में से 13 सीटों और विधानसभा की 294 सीटों में से करीब सौ सीटों पर हार-जीत करते हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगने वाले जिलों उत्तर दिनाजपुर में 49.92 प्रतिशत, बीरभूम में 37.06 प्रतिशत, दक्षिण 24 परगना में 35.57 प्रतिशत और उत्तर 24 परगना में 30 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, जो तृणमूल का वोट बैंक बन गई है। सीएसडीएस-लोकनीति पोस्ट पोल विश्लेषण के अनुसार, 2021 के चुनाव में 10 में से लगभग 8 मुसलमानों ने टीएमसी को वोट दिया था जो टीएमसी की जीत का कारण बना आज भारत को एक व्यापक जनसंख्या नीति की जरूरत है। धर्म आधारित जनसंख्या असंतुलन को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जनसंख्या का यह असंतुलन ही अंत में भौगोलिक सीमा में बदलाव का कारक होता है। यह हम 1947 में देख चुके हैं जब देश का विभाजन जनसंख्या के असंतुलन के कारण ही हुआ था। दुनिया में भी जनसंख्या असंतुलन से हुए बदलावों के कई उदाहरण हैं जैसे कि ईस्ट तिमोर, दक्षिण सूडान और कोसोवो आदि जनसंख्या में असंतुलन के कारण ही नए देश बने हैं। लेबनान जैसे अति समृद्ध देश जनसंख्या असंतुलन के कारण तबाह हो गए।समय आ गया है कि केंद्र में आने वाली एनडीए की सरकार कुछ सख्त फैसले ले और देश में जनसंख्या नियंत्रण, समान अचार संहिता जैसे कानून लाए। इससे आबादी बढ़ा कर राजनीतिक सत्ता हासिल करने की प्रवत्ति पर रोक लगेगी। जनसंख्या नियंत्रित होने से देश के हर नागरिक, चाहे वो किसी मजहब को मानने वाला हो, के कल्याण के लिए देश के संसाधनों के सम्यक उपयोग का रास्ता प्रशस्त होगा। यह संतोष की बात है कि इस पर प्रयास पहले ही शुरू हो गए हैं। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होना एक सार्थक शुरूआत है। वहीं जनसंख्या नियंत्रण पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगाह किया है कि परिवार नियोजन के जरिए जनसंख्या नियंत्रण की बात करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इससे जनसंख्या असंतुलन की स्थिति पैदा न हो पाए। उत्तर प्रदेश लॉ कमीशन ने उत्तर प्रदेश जनसंख्या (नियंत्रण, स्थिरीकरण और कल्याण) बिल 2021 का एक ड्राफ्ट सरकार को सौंपा है जिस पर निर्णय होना बाकी है। इससे पहले 2019 में भाजपा के राज्यसभा सदस्य राकेश सिन्हा भी टू चाइल्ड पॉलिसी पर एक प्राइवेट मेम्बर बिल लेकर आए थे। पॉपुलेशन रेगुलेशन बिल 2019 नाम वाले इस बिल में सरकारी योजनाओं का विशेष तौर पर तो जिक्र नहीं था, लेकिन उन्होंने सांसद, विधायक से लेकर स्थानीय निकाय चुनाव, लोन देने से लेकर राशन देने में इस नीति को लागू करने की बात की थी।

दरअसल जनसंख्या नियंत्रण और स्थिरीकरण तथा इसके लिए प्रस्तावित टू चाइल्ड पॉलिसी के पीछे का भाव है कि यदि जनसंख्या कम होगी, तो संसाधन लंबे समय तक चल पाएंगे और सरकार लोगों को बेहतर सुविधाएं दे पाएगी। फिर चाहे वो शिक्षा हो या फिर राशन या फिर स्वास्थ्य सुविधाएं।

साथ ही यह विचार भी है कि अगर कोई जानबूझ कर परिवार नियोजन के तरीके न अपनाते हुए लगातार बच्चे पैदा करता है, तो उनके रखरखाव की जिम्मेदारी सरकार की नहीं होनी चाहिए। ये जिम्मेदारी परिवार की होनी चाहिए। जनसंख्या नियंत्रण में दूसरा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है इस्लाम में मिलने वाली बहु विवाह की इजाजत। मुसलमान मर्दों को चार महिलाओं से शादी करने की इजाजत है।

## कविता

### माँ कहे रुक जा रे रुक जा नशे को कहो नहीं

मां कहे रुक जा रे रुक जा।

नशे को कहो नहीं।

जो होता नशा अच्छा।

तो पिता कहता इसे सही।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............

जो बात पिता ने कभी नहीं कही।

जीवन में इसे मानो चाहे रहो तुम कहीं।

शिक्षा के मंदिर में गुरुओं ने कब कहा।

यदि होता कुछ भी अच्छा, तो देते वो पढा।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............

ईश्वर के घर में भी शिक्षा यह मिली।

नशे से करो दूरी जो रहना है सुखी।

मित्र सच्चा वो है जो कुसंग से बचाए।

भटके हुए मित्र को सद्मार्ग दिखाए।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............
पत्नी वो देवी है जो घर को है बसाती।

पति जब हो जाए नशेड़ी, तो समस्या बहुत आती।

ऐसे में है उपाय, सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में जाओ

निशुल्क उपचार है इसका वहां से लाभ उठाओ।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............

अशोक कुमार

## सजन रे ! झूठ ही बोलो

सुनील कुमार महला

**बहुत समय** पहले वर्ष 1966 में एक फिल्म आई थी। फिल्म का नाम था-तीसरी कसम। इस फिल्म का एक गाना बहुत प्रसिद्ध हुआ था जिसके बोल थे-सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है, न हाथी है, न घोड़ा है, वहां पैदल ही जाना है...! आप कहेंगे कि लेखक जी आज आप झूठ की बात क्यों कर रहे हैं? तो बात यह है कि आज दुनिया झूठ के बल पर ही तो चल रही है। झूठ पर झूठ फेंकों और तमाशा देखो। हमारे खासमखास रामलुभाया जी नेता हैं और इस समय देश में चुनावी सीजन भी चल रहा है। रामलुभाया जी चुनावों में जीत हासिल करने के लिए जमकर झूठ बोल रहे हैं। वो जनता के बीच झूठ पर झूठ को हवा में लहराते हैं और स्वयं को ईमानदार छवि वाला बताते हैं। वैसे झूठ बोलना कोई आसान काम नहीं है। झूठ बोलना भी एक कला है। कहते हैं कि एक झूठ को सौ-पचास बार बोलते हैं तो वह सच का अहसास देने लगता है। इसलिए आमजन द्वारा झूठ को ही सच माना जा रहा है। खैर, नेता तो नेता हैं आखिर। हमें लगता है कि ऐसे लोगों को खुदा के पास नहीं जाना। खुदा के पास जाना होता तो वे कभी भी झूठ नहीं बोलते। वे कहते हैं -"सजन रे झूठ ही बोलो, ये झूठ का ही जमाना है, झूठ में ही हाथी है और झूठ में ही घोड़ा है। तात्पर्य है कि झूठ बोलकर चुनाव जीत जायेंगे और चुनाव जीतने पर हाथी-घोड़ा,बंगला, नौकर-चाकर सब मिल जायेंगे। इसलिए झूठ बोला जाना चुनावी सीजन का अपरिहार्य तत्व है। अब आप ही बताइए कि झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त करेंगे तो खुदा के पास क्यों जायेंगे ? यहीं रहेंगे, इसी जमीन पर। ?राज करेंगे, राज ! अजी सत्ता की कुर्सी में ही तो खुदा है और जब खुदा यहीं पर इस जमीं पर ही है तो उनके पास क्यों जाना ? ऐसे लोगों को सत्ता की मलाई में खुदा दिखता है। इसलिए झूठ पर झूठ परोसिए और सुर्खियों में रहिए। सच कहें तो झूठ और कुर्सी में सीधा संबंध पाया जाता है। आप जितना झूठ बोलेंगे, कुर्सी आपके उतनी ही नजदीक आती चली जायेगी। अजी ! राजनीति का कारोबार झूठ से ही तो चलता है।अजी ! झूठ बराबर कोई भी तप नहीं है। चुनावी समय में नेताओं के ठेठ झूठे भाषण सुनकर कभी कभी तो हमें लगता है कि झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। नेताओं के झूठ को जनता सच मानती है और सिर-आंखों पर बैठाती है। खैर, जो है सो है। वैसे आजकल झूठ बोलने वालों को कौआ भी नहीं काटता। कौए भी आजकल सच बोलने वालों को ही काटते हैं।झूठ बोलने वालों को कौआ काटने की बातें आजकल हवा-हवाई हो चलीं हैं। झूठ बोलने पर कौए काट रहे होते तो सारे हास्पीटल मरीजों से लद-पद हो जाते। यहीं कारण है कि आज सर्वत्र झूठ का बोलबाला है।

झूठ की पावर देखते हुए हम तो यही कह सकते हैं कि झूठमेव जयते। यह भी किसी ने गलत ही कहा है कि झूठ के पांव नहीं होते। अजी पांव होते हैं तभी तो झूठ, सत्ता की कुर्सी तक पहुंच पाता है। दाद देनी पड़ेगी रामलुभाया जी की, चुनावों में खड़े होने के बाद इतना सलीके से झूठ बोलते हैं कि बेचारे वोटर ऐतबार न करें तो और क्या करें।

## विचार

# झूठे विज्ञापनों के चंगुल में फंसने से कैसे बचें ग्राहक?

डॉ. रमेश ठाकुर

**देशभर में** झूठे, भ्रामक, फरेब, जालसाज जैसे विज्ञापनों का मामला गमार्या हुआ है। चाहे टीवी हों, अखबार हों या सोशल मीडिया हर जगहे झूठे विज्ञापन भरे हैं। झूठे विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए तमाम सख्त नियम मौजूद हैं। कानून भी हल्के नहीं, कठोर हैं। लेकिन, सभी हाथी के सफेद दांत जैसे निष्क्रिय ही हैं? निष्क्रिय क्यों हैं या किए हुए हैं। इस गणित को भी आसानी से समझ सकते हैं। दरअसल, झूठा विज्ञापन तंत्र कइयों की जेबें भर रहा है। एक पूरी चेन है इस खेल में? विज्ञापन कंपनियों से लेकर नामचीन हस्तियों, आर्टिस्ट व सरकारों का सीधा वास्ता है, सभी मिलकर मोटा माल काट रहे हैं। ताज्जुब होता है कि ऐसी फिल्मी हस्तियां जो शराब नहीं पीतीं, लेकिन दारू का विज्ञापन करती हैं। ऐसे क्रिकेटर जो गुटखा-खैनी को हाथ तक नहीं लगाते? पर पैसों की चाह में उसका विज्ञापन करते हैं। ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और हस्तियों पर जुमार्ने का दिखावा-डर कैसे दिखाया जाता है, जिसका एक ताजा उदाहरण सामने हैं। आज से 5 वर्ष पहले, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून-1986 को रिफार्म करके केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नए कानून उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 के रूप में इस नियत से पारित किया था कि अब झूठे विज्ञापनों पर पूर्ण विराम लगेगा। लेकिन दुर्भाग्य वैसा हो न सका। तब, नियम तो ऐसे बनाए गए थे कि किसी ब्रांड का अगर कोई नामचीन व्यक्ति झूठा एड करेगा, उस पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना या पांच वर्ष तक की जेल भी हो सकती है। वो बदला हुआ कानून भी कराह रहा है। मौजूदा समय में टीवी के पर्दे झूठे विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। सवाल उठता है, क्या उन्हें सरकार की निगरानी समिति नहीं देखती? जरूर देखती है, लेकिन देखकर अपनी आंखें मूंद लेती हैं। बीते कुछ महीनों में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की विज्ञापन निगरानी समिति ने खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों के जरिए भ्रामक दावों वाले करीब तीन दर्जन केसों की पहचान की, और ये सिलसिला रुका नहीं, बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहा है। समिति केंद्र सरकार को अप्रोच करती है कि रोकथाम लगाएं, लेकिन उनकी भी कोई नहीं सुनता? झूठे विज्ञापन के लिहाज से हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अब तक का सबसे बड़ा मामला एक्सप्रोज किया। भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने पर बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को तगड़ी फटकार लगाई, उनकी मार्केटिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाया। सरकार को कमर कसना होगा इस समस्या को रोकने के लिए, वरना चीजें और बिगडेंगी। बाएं हाथ का खेल है हुकूमतों का? हजार्ना और सजा दोनों बिना देर किए एक्टिव की जाएं। हालांकि, कंपनियां और हुकूमतें भी अच्छे से जानती हैं कि ये धंधा गंदा हैं, जनता परेशान है। पर, क्या करें, अंधी कमाई के सामने वो भी नतमस्तक हैं।

पतंजलि केस को सुप्रीम कोर्ट में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दायर किया था। उनका आरोप है कि पतंजलि ने एलोपैथिक चिकित्सा को बदनाम किया है। कोविड-19 के दौरान टीकों के बारे में गलत जानकारी देश में फैलाई। हालांकि, इस मामले में चारों तरफ से जब बाबा फंसे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से मांफी भी मांगी। पर, कायदे से देखें तो उनकी माफी इस बात पर मुहर लगाती है कि उनकी मंशा झूठे दावों की आड़ में क्या करने की रही होगी? पंतजलि का मामला इसलिए उजागर हुआ, क्योंकि उसे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कोर्ट में खदेड़ा। वरना, शिकायतें और भी बहुतेरे पीड़ित करते हैं, जिनकी सुनवाई कोई करना मुनासिब नहीं समझता? एक बात पल्ले नहीं पड़ती कि पढ़ा लिखा और जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा है। ये सोची समझी साजिश ही है। बहरहाल, झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर जैसे ही हमले होने शुरू हुए, उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया है। सोशल मीडिया की घेराबंदी कर ली। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भद्दे, अश्लील और अशोभनीय विज्ञापनों की मौजूदा समय में भरमार है। लिंग वृद्धि, स्टेमिना बढ़ाना, मदार्ना जोश बढ़ाना, लंबा-ऊंचाई में वृद्धि करने जैसे तमाम असभ्य विज्ञापन इस वक्त दिखाई पड़ते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कश्मीरी जनादेश में वोटरों की बढ़ती भागीदारी

रोहित माहेश्वरी

**संसद के** जरिए 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया। उसके बाद का यह पहला लोकसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट पर आम चुनाव के चौथे चरण में करीब 38 फीसदी मतदान हुआ। यह 1996 के बाद सर्वाधिक मतदान है। तब 40.9 फीसदी वोट डाले गए थे। राष्ट्रीय संदर्भ में यह बहुत कम मतदान लग सकता है, लेकिन कश्मीर के नाजुक हालात के मद्देनजर यह ऐतिहासिक और उत्साही मतदान है। 1998 के 30 फीसदी मतदान का भी रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले आम चुनाव 2019 में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पहले, श्रीनगर सीट पर मात्र 14 फीसदी मतदान हुआ था। चुनावी लोकतंत्र और कश्मीरी जनादेश को मतदाताओं की ऐसी भागीदारी से ताकत मिलेगी। हालांकि अमन-चैन और संपूर्ण सामान्य हालात बनना फिलहाल एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन कश्मीर बदला है और बदल रहा है। कश्मीरी घाटी में मतदान के ऐसे रुझानों को पढना और समझना बेहद मुश्किल और पेचीदा है। मतदान पर दमन और दबाव के आरोप लगते रहे हैं। मतदान से पहले सुरक्षा-व्यवस्था सबसे अहम सरोकार था, क्योंकि 4 मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला किया गया था। पुंछ इलाके के उस हमले में हमारा एक जांबाज सैनिक शहीद हुआ और 4 सैनिक घायल हुए थे। कश्मीर में ऐसा टुकड़े-टुकड़े आतंकवाद आज भी मौजूद है। कश्मीर का राजधानी-शहर श्रीनगर आज चहल-पहल में डूबा है। लोग पार्क में बैठे पार्टी कर रहे हैं और पत्रकारों को भी चाय-नाश्ते की पेशकश कर रहे हैं। श्रीनगर में चुनाव के वक्त इसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी। लोग प्रधानमंत्री मोदी और उनके बदलावों की भी चर्चा कर रहे थे। घाटी में तो भाजपा का अस्तित्व ही नहीं रहा है।

भाजपा ने अपना उम्मीदवार भी श्रीनगर से खड़ा नहीं किया था। वह किसी अपनी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस को चुनावी समर्थन दे रही थी, यह भी गप्पबाजी के अलावा कुछ नहीं है। श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस और महबूबा मुफ्ती की पीडीपी ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी उतारे थे, हालांकि दोनों ही इंडिया गठबंधन के घटक हैं।

## एक देश,एक रंगीला ,दूसरा बर्दाश्त नहीं

राकेश

**हम** तेजी से एक देश,एक निशान,एक विधान ,एक नेता ,एक भगवान की और आगे बढ़ रहे हैं ,इसीलिए हमें इस देश में रंगीला भी एक चाहिए । दूसरा कोई रंगीला हम बर्दाश्त नहीं कर सकते,फिर चाहे वो श्याम रंगीला हो या राम रंगीला। इस देश में एक ही रंगीला है। दूसरे की कल्पना करना ही जुर्म है ।राष्ट्रद्रोह है। वाराणसी के श्याम रंगीला को कल तक कोई नहीं जानता था,लेकिन आज पूरा देश जान गया है। श्याम रंगीला हास्य कलाकार है। हमारे यहां हास्य कलाकारों को पहले जोकर ,बाद में विदूषक और अब कॉमेडियन कहा जाता है। कॉमेडियन श्याम रंगीला बनारस से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते थे ,लेकिन उनका नामांकन खारिज हो गया है। उन्होंने वाराणसी से पर्चा भरा था. जांच के बाद श्याम रंगीला का पर्चा खारिज हो गया।

नामांकन रद्द होने के बाद उन्होंने कहा कि ह्यवाराणसी से नहीं लड़ने देंगे यह तय था, अब साफ हो गया। दिल जरूर टूट गया है, हौंसला नहीं टूटा है.। श्याम रंगीला की तरह 32 और लोगों के नामांकन पात्र खारिज कर दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी की मजबूरी थी कि वो ऐसा करे । यदि न करता तो उसकी छुट्टी हो जाती। बाकी का तो पता नहीं लेकिन श्याम रंगीला के नामांकन को लेकर देश में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं आयी है। बनारस में माननीय मोदी जी को हराना फिलहाल किसी के बूते की बात नहीं है । कांग्रेस के अजय राय की भी नहीं ,फिर भी राय लगातार तीसरी बार माननीय मोदी जी के सामने खड़े हुए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी का बस नहीं चलता अन्यथा वो राय साहब का नामांकन भी उसी तरह खारिज कर देता जिस तरह सूरत में हुआ ,जिस तरह खजुराहो में हुआ। जहाँ नामांकन रद्द नहीं हो सकता वहां सत्तारूढ़ दल प्रतिद्वंदी पार्टी के उम्मीदवार को खरीद लेता है या नाम वापस करा लेता है। रंगीला यदि चुनाव लादते तो कोई आसमान नहीं टूट जात। रंगीला की तरह अन्य 32 लोग भी यदि मोदी जी के खिलाफ खड़े रहते तो भी आसमान को नहीं टूटना था लेकिन मोदी जी का दिल जरूर टूट जाता।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत के वकीलों ने भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल का भव्य स्वागत किया




**पानीपत/कमाल हुसैन**

जिला बार एसोसिएशन कार्यालय में पानीपत के वकीलों ने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल का भव्य स्वागत किया और इन लोकसभा चुनावों में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में पानीपत जिला के सभी वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे बैठक को भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एडवोकेट सुभाष सैनी ने भी संबोधित किया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट अमित कादियान ने बैठक में पहुँचने पर मुख्य अतिथि और सभी वकीलों का स्वागत व आभार व्यक्त कियो इस अवसर पर मनोहर लाल ने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार गरीब आदमी के लिए अनेक कल्याणकारी नीतियां लागू करती है उसी प्रकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब आदमी को न्याय दिलवाने में अधिवक्ता समाज महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है` उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में भी भारत को शिक्षित, विकसित और भय-भ्रष्टाचार मुक्त शक्तिशाली राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो अधिवक्ता समाज को भी आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण सहयोग देना होगो उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों पर चलने वाली राजनैतिक पार्टी है भाजपा में जातिवाद, परिवारवाद और किसी व्यक्ति विशेष की मनमानी नहीं चलती बल्कि भाजपा हाई कमान का निर्णय ही सभी सिरोधार्य करना पड़ता है` इसीलिए भाजपा ऐसा कोई भी वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सकता हो

### लस्सी से लेकर आइसक्रीम तक, अमेजन फ्रेश पर मैंगो ही है भारत की पसंद

**नोएडा।** पूरे भारत में बढ़ते तापमान के कारण ग्रीष्म ऋतु के पसंदीदा आमों की मांग भी बढ़ गई है। अमेजन फ्रेश ने हाल ही में मैंगो स्टोर लॉन्च किया है, जो सुनिश्चित करता है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले फल आपके दरवाजे तक पहुंचाए जाएं। अमेजन फ्रेश पर 20 से अधिक किस्म के आम उपलब्ध है। भारत भर के ग्राहकों ने बैंगनपल्ली आम का सबसे अधिक आनंद लिया। इस मौसम में अन्य लोकप्रिय आम की किस्में रत्नागिरी अल्फांसो, सिंधुरा, तोतापरी और केसर हैं। फलों की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, अमेजन फ्रेश पर सभी आम कार्बाइड मुक्त होते हैं, सुरक्षित रूप से पकाए जाते हैं, और ग्राहकों तक पहुंचने से पहले 4-चरणीय कठोर गुणवत्ता जांच प्रक्रिया से गुजरते हैं।
अमेजन फ्रेश इन के निदेशक श्रीकांत राम ने कहा, ह्लइस गर्मी में, हमने अमेजन फ्रेश पर आम, आइसक्रीम और डेयरी उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। हमने आम के स्वाद वाली आइसक्रीम, आम आधारित डेयरी पेय (लस्सी, दही, शेक) में 30% से अधिक की वृद्धि देखी, तथा आइसक्रीम और डेयरी पेय श्रेणियों में बेची गई इकाइयों में वर्ष-दर-वर्ष 43% की वृद्धि देखी। इसके अलावा, हमारे ग्राहक आधार में भी विस्तार हुआ हैं, आइसक्रीम खरीदने वालों में 20% की वृद्धि हुई, तथा डेयरी और डेयरी वैकल्पिक पेय खरीदने वालों में 33% की की वृद्धि हुई हैं। अपने ग्राहकों की विविध प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए, हमने उत्पादों का एक व्यापक चयन किया है, जिसमें जमे हुए डेसर्ट से लेकर प्रीमियम प्राकृतिक फल-आधारित आइसक्रीम और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प शामिल हैं, जिनमें चीनी मुक्त, शाकाहारी और कम कैलोरी वाले विकल्प भी शामिल हैं, जो उपभोक्ताओं की बदलती मांगों को पूरा करते हैं।
उन्होंने आगे कहा कि शहरों में, आइसक्रीम की सबसे अधिक खपत दिल्ली में हुई, जिसके बाद मुंबई और बेंगलुरु का स्थान रहा, जबकि डेयरी पेय पदार्थों की खरीद में मुंबई सबसे आगे रहा, जिसके बाद दिल्ली और बेंगलुरु का स्थान रहा। उल्लेखनीय रूप से, वेनिला सबसे पसंदीदा आइसक्रीम फ्लेवर के रूप में उभरा है, और बटरमिल्क, लस्सी, फ्लेवर्ड मिल्क, मिल्कशेक, स्मूदी, डेयरी विकल्प जैसे बादाम और ओट्स मिल्क आदि के बीच बटरमिल्क इस मौसम का सबसे पसंदीदा पेय पदार्थ रहा है।

# लोकसभा चुनवा: पोलिंग पार्टियों को दिया गया प्रशिक्षण

**चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें, पोलिंग पार्टियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेगा जिला प्रशासन: डीसी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

सामान्य पर्यवेक्षक की रविन्द्रन की उपस्थिति में वीरवार को आर्य कॉलेज के खेल के मैदान और आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में पानीपत ग्रामीण और पानीपत शहरी विधानसभा की पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया में सभी पोलिंग पार्टियों को आश्वस्त किया कि सभी मतदान केदो पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी और संबंधित पीठासीन अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान केंद्र के अंदर कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करें। उन्होंने प्रशिक्षण पाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी



प्रकार की कोताही न बरतें। पूरी निष्ठा, ईमानदारी से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करायें। उन्होंने कहा कि इस बार हर बूथ पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। मुख्यालय पर बैठे अधिकारियों की भी हर बूथ पर कैमरे के माध्यम से नजर रहेगी। आयोग की ओर से पहली बार वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनिंग ऑफिसर जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार और नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नरेंद्र पाल मलिक ने विस्तार से पोलिंग प्रक्रिया को समझाया। इस दौरान एसडीएम मनदीप कुमार भी मौजूद रहे।
एसडीएम मनदीप कुमार ने बताया कि मॉक पोल की यह प्रक्रिया

**ट्रेनिंग**

**मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी और संबंधित पीठासीन अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा**

मतदान आरंभ होने से पहले यानी सुबह 5.30 बजे दो पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में शुरू की जानी चाहिये। यदि किसी कारणवश पोलिंग एजेंट मौजूद नहीं है तो 15 मिनट इंतजार के बाद एक एजेंट की मौजूदगी में प्रक्रिया आरंभ करें। यदि एक भी एजेंट उपस्थित न हो तो सुपरवाइज/सेक्टर ऑफिसर की मौजूदगी में, अगर ये भी उपलब्ध न हों तो पूरी टीम मिलकर मॉक पोल की प्रक्रिया को पूरा करे।

## दिव्यांग जनों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

लोकसभा चुनाव 2024 के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत चुनाव आयोग के दिशानिर्देश अनुसार गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में दिव्यांग जनों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया व चुनाव के दौरान उनकी क्या- क्या जिम्मेदारियां होगी अवगत कराया गया। हर विधान सभा क्षेत्र में एक एक पिंक बुथ भी बनाया गया है जिस पर पीडब्लयू डी को नियुक्त किया गया है। तहसीलदार निर्वाचन सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जो कर्मचारी चुनाव में डयूटी देगे उन्हें फार्म 12डी भरना जरूरी है। वे 23 मई तक जमा करा सकते है। उन्होंने बताया कि पीडब्लयूडी व 85 की आयु वाले बुर्जगों के लिए 18 मई को वोटिंग का प्रावधान है। 30 के करीब बुर्जग चिन्हत हुए है। जो घर से ही मतदान की सुविधा का लाभ लेंगे। बूथो पर व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। इसका भी बुर्जग लाभ ले सकते है। इस मौके पर बीआरसी विक्रम सहरावत ने उपस्थित दिव्यांग जनों व महिलाओं को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया।

## टीम लीडर्स मीट में टॉप लीडर्स हुए सम्मानित


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा टीम लीडर्स मीट का भव्य आयोजन डिवेंचर होटल में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। इस अवसर पर फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को करप्शन फ्री इंडिया अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सभी टॉप लीडर्स एंव फाउंडेशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। विशेष उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्टेट चेयरमैन हरियाण एनडी गोयल, जिया निदेशक अश्वनी मेहता को सम्मानित किया गया।

## लोक सभा चुनाव: पीओ को दिया ईवीएम प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

लोकसभा 2024 के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में पोलिंग ऑफिसर (रिर्जव) को चुनाव के दौरान भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश पर ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया। पोलिंग ऑफिसर को ईवीएम की बारिकियों से अवगत कराते हुए बीआरसी विक्रम सहरावत ने बताया कि पोलिंग से एक दिन पूर्व भी अंतिम रिहर्सल होगी जिन अधिकारियों की डयूटियां लगाई गई वे समय पर पहुंचे व ईवीएम की जानकारी लें। उन्होंने बताया कि रिहर्सल वाले दिन बूथ के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने



कहा कि हर चुनाव में कुछ न कुछ नया होता है। हमें ईवीएम से जुड़ी जानकारी के बारे में किसी भी प्रकार की शंका नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईवीएम हर चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे कोई भी जरूरी कार्य हो उसके बाद भी पुलिस की उपस्थिति में ईवीएम को अकेला न छोड़े। समय पर मतदान

**रिहर्सल**

**अधिकारियों को मोकपोल के लिए पहुंचना होगा समय पर: तहसील निर्वाचन बीआरसी विक्रम**

केन्द्र पर पहुंचे व मोकपोल का हिस्सा बने क्योंकि बगैर मोकपोल के चुनाव संभव नहीं है। उन्होंने इस दौरान पोलिंग अधिकारियों को ईवीएम से जुड़ी शंकाओं का भी निदान किया।
इस मौके पर निर्वाचन तहसीलदार सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पोलिंग वाले दिन पार्टियों के मतदान केन्द्र पर विशेष प्रबंध किए गए है। पानी से लेकर शौचालय तक की विशेष व्यवस्था की गई है।

## आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां व उम्मीदवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।
उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान राजनैतिक पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार न करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए।
उत्तम सिंह ने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर मकान मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि न चिपकाए जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का दबदबा: मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों का प्रचार अभियान तेजी से जारी है। जनसंपर्क अभियान के तहत सभी उम्मीदवार जनता के बीच पहुंच कर अपनी पकड़ मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। इस बीच सोनीपत से भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को दर्जनभर से अधिक गांवो में पहुंचकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान हर जगह उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में वह गुरुवार को गोहाना विधानसभा अंतर्गत 12 से अधिक गांवो में जनसंपर्क किया। इस दौरान वह कासंडी के ब्राह्मण चौपाल में शामिल हुए। चौपाल में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का दबदबा है। पीएम मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ देश के सभी वर्गों को एक साथ लेकर चल रहे हैं। जो गरीबों, किसानों और नवजवानों को भारत के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। बडौली ने कहा की जनसंपर्क के जरिए उन्हें मिल रहा अपार जनसमर्थन से साफ है की

**वोट की अपील**

**पीएम मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ देश के सभी वर्गों को एक साथ लेकर चल रहे हैं: मोहन लाल बड़ौली**

सोनीपत की जनता ने भी पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। अपने जनसंपर्क अभियान में मोहन लाल बडोली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गोहाना में 18 मई को आयोजित होने वाली जनसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने के लिए अपील की।

## चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया एवं अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. पंकज यादव के मार्गदर्शन में तय चार्ट के अनुसार जिले में लोगों को 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता आभियान के तहत कैंपेनर डॉ. हितेश चंद शर्मा ने 12




मई से खेल स्टेडियम में वोकाथन खिलाडियों से मतदान इंटरेक्शन, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में ,आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय में स्वीप प्लान कार्यक्रम के तहत पेंटिग, वोटिंग सॉन्ग कंपोजिंग, नुक्कड़ नाटक, डिबेट, स्पीच, फिल्म प्रसारण, बैग्स पर आकर्षक मतदान स्लोगन युक्त स्टिकर्स द्वारा सभी मतदाताओं, अभिभावकों, माता पिता, सम्बंधी को वोट डालने का संदेश दिया गया। शिक्षाविद् डा हितेश चंद शर्मा ने बताया कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**सीआईए** वन पुलिस टीम ने हरि नगर में एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान भारत उर्फ भरतू निवासी हरि नगर के रूप में हुई। पानीपत, कमाल हुसैन सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उसकी टीम बुधवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर 6 फाटक के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक हरिनगर टावर वाली गली से पैदल आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है।
सूचना को पुख्ता मानकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सामने गली में पैदल आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा।

## हिम्मत सिंह का नाम प्रस्तावित होने पर जश्न मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** अखिल भारतीय रोड महासभा द्वारा रोड धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन पद पर रोड बिरादरी के युवा हिम्मत सिंह के नाम प्रस्तावित होने पर लड्डू बांट कर खुशी जताई एवं हरियाणा सरकार खासकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार प्रकट किया । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन नियुक्त करने का प्रस्ताव करके रोड समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है। भाजपा सरकार ने पहले



भी कई महत्वपूर्ण पद देकर काफी सम्मान दिया है। इस मौके पर चेयरमैन हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड धर्मवीर मिजापुर ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को चरितार्थ किया है व युवाओं को बिना खर्ची व बिना पर्ची के पक्की नोकरियाँ देने का काम किया है। ठीक उसी प्रकार से राजनैतिक नियुक्तियों में भी सामान्य कार्यकताओं को आगे बढ़ाने का काम किया है तथा रोड समाज को हिस्सेदारी देकर समाज का गौरव बढ़ाया है। अखिल भारतीय रोड महासभा के प्रधान रामपाल पलवल ने हिम्मत सिंह को चेयरमैन प्रस्तावित करने पर माननीय मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर अखिल भारतीय रोड महासभा के उप प्रधान राज कुमार मेहला, सुरेंदर बडसालू, प्रेस सचिव धर्मवीर खेडी, पूर्व चेयरमैन जिला परिषद गुरदयाल सुनेहड़ी, पूर्व चेयरमैन जिला परिषद प्रवीन चौधरी, रजनीश खासपुर, मंडल अध्यक्ष, राजेश मिजापुर, बलबीर टामक, रामपाल डाबर, चदन सिंह, भूपिंदर पलवल, सुरेंदर खासपुर, रामपाल कारसा, गुरुचरण रोड, सोहन लाल रामगढ तथा महासभा के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे ।

## कार्यकर्ताओं को मनोहर लाल चुनाव जीतने के हुनर सीखा गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल का पानीपत जिला में व्यस्त कार्यक्रम रहा फिर भी मनोहर लाल कुछ समय निकालकर लोकसभा चुनाव जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे इस बैठक में करनाल लोकसभा के भाजपा संयोंजक विधायक हरविंदर कल्याण भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट शहरी विधायक प्रमोद विज कृष्ण छोकर, गजेंद्र सलूजा , देवेंद्र दत्ता सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे इस थोड़े से समय में ही मनोहर लाल चुनाव जीतने के अनेक हुनर सीखा गए बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि की



कार्यकर्ता ही चुनाव की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं इसलिए इस समय हरियाणा भाजपा बूथ प्रबंधन पर विशेष जोर दे रही है उन्होंने कहा कि जब उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया था तो उन्हें प्रदेश में खजाना खाली मिला था और उस समय भय भ्रष्टाचार का माहौल कायम था लेकिन उन्होंने भाजपा हाई कमान के निदेर्शों पर हरियाणा में सुशासन स्थापित करके भय भ्रष्टाचार का माहौल समाप्त करने का सौभाग्य मिला है उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो बड़ी गंभीर समस्या थी जहां सरकारी नौकरियां बिकती थी वही कार्यालय में पूरी पारदर्शिता के साथ कोई भी कार्य नहीं हो पा रहा था लेकिन पार्टी आई कमान से मिले सहयोग के कारण उन्होंने इन सभी पर सफलता हासिल की आज प्रदेश की बड़ी से बड़ी सरकारी नौकरी पर गरीब परिवार का प्रतिभाशाली नवयुवक पद प्राप्त कर लेता है और सभी कार्यालय में सुशासन स्थापित करके सभी कार्य ऑनलाइन होने लगा है जिससे लाभार्थी को उसकी राशि सीधे उसके बैंक खाते में पहुंचा दी जाती है उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जो विकास कार्य करवाए गए हैं और बिना भेदभाव के सरकारी नौकरियां दी गई हैं उनकी चर्चा पूरे भारत में हो रही है उन्होंने कहा कि कि मैं भले ही इस समय मुख्यमंत्री की कुर्सी पर ना हो लेकिन सरकार तो भाजपा की है यदि आपसे किसी ने किसी भी काम करवाने की एवरेज में पैसे लिए हो तो इसकी सूचना उन्हें दे सकते हैं और उनके साथ हर हाल में न्याय होगा उन्होंने यह भी कहा कि की पानीपत की ऐतिहासिक भूमि ने हमेशा ही देश की राजनीति को नई दिशा प्रदान की है इसलिए उन्हें इन लोकसभा चुनाव में भी पानीपत के लोगों का अधिक सहयोग मिलने की संभावना है इसलिए सभी भाजपा पदाधिकारी और त्रिदेव बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुखों को घर-घर जाकर बूथ प्रबंधन के कार्य को और अधिक मजबूत बनाना होगा बैठक को जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी संबोधित किया
विजय जैन ,रघुनाथ तवर , लोकेश नागरू रविंदर भाटिया , मेघराज गुप्ता , जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष आशु शेरा रोशन लाल महाला ,शशिकांत कौशिक , विजेंद्र आटा, विनोद छोकर ,सुभाष , ब्रह्मपाल रावल और ऋषि पाल रावल भी मौजूद रहे ।

## कत्था फैक्ट्री में बॉयलर फटा, पूर्व विधायक ने लिया घटनास्थाल का जायजा

**अपील**

**पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान की जाए और पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की अपील भी की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली मे एक कत्था फैक्ट्री में बॉ**यलर फटने से काफी बड़ी दुर्घटना हुई। जिसमे कई मजदूरों की मौत हुई साथ ही आस पास के मकानों की दीवारों में बड़ी बड़ी दरारें आ गई। पूर्व विधायक राई



जयतीर्थ दहिया एवम मौजूदा कांग्रेस प्रत्याशी के भाई महाबीर ने मौके पर पहुंच कर दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवारों से अपनी संवेदना व्यक्त की। जयतीर्थ दहिया ने प्रशासन से अपील की कि मौके पर घायलों और पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान की जाए और पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की अपील भी की।

# आखिर कौन स्वाति पर बना रहा है दबाव?'

## जानने के लिए आप सांसद के आवास पर पहुंची दिल्ली पुलिस, अधिकारी स्वाति से बात करके उनसे जानना चाहेंगे कि आखिर क्यों वह शिकायत नहीं दे रही

**पूछताछ**

▶▶ सीएम और उनके निजी सचिव समेत घटना के दौरान सीएम के आवास पर मौजूद स्टाफ से पूछताछ की जाएगी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति** मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजकर एक्शन रिपोर्ट देने को कहा है। इसके बाद एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाहा और उत्तरी जिला की महिला एडिशनल डीसीपी स्वाति मालीवाल के सरकारी आवास पर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक ये अधिकारी स्वाति से बात करके उनसे जानना चाहेंगे कि आखिर क्यों वह शिकायत नहीं दे रही है? उन पर कोई शिकायत न देने के लिए दबाव तो नहीं बना रहा है? वह कब तक शिकायत देंगी? उन्हें कहीं से धमकी तो नहीं मिल रही है? वह पुलिस सुरक्षा तो नहीं चाह रही हैं? इन सभी बिंदुओं पर पुलिस अधिकारी स्वाति से बात करेंगे।

**मामले में सीएम से हो सकती है पूछताछ:** पुलिस के अधिकारी दोपहर करीब 1.30 बजे स्वाति के दीन दयाल मार्ग स्थित टाइप 7 स्थित आवास पर पहुंची। इस मामले में गृह मंत्रालय के निर्देश पर पुलिस कई कदम उठा रही है। सूत्रों के मुताबिक, अगर स्वाति मालीवाल पुलिस अधिकारी को शिकायत देती है, तब पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर देगी।

इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके निजी सचिव विभव कुमार समेत घटना के दौरान सीएम के आवास पर मौजूद सभी स्टाफ से पूछताछ की जाएगी।

**विभव कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया:** बता दें, राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वाति के साथ मारपीट मामले में बिभव कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया है। एनसीडब्ल्यू ने बिभव कुमार को कल (17 मई) को आयोग के सामने पेश होने के लिए बुलाया है।

### स्वाति मालिवाल पर दबाव बना रहे केजरीवाल: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की राज्य सभा सदस्य स्वाति मालिवाल के साथ दुर्व्यवहार किये जाने की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी लगातार हमलावर है। भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर स्वाति मालिवाल पर बेजा दवाब बनाने का आरोप लगाया है। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी को महिला सम्मान से कोई लेना देना नहीं है। उत्तर प्रदेश में टूटी फूटी पंचर साइकिल लेकर गए हैं अरविंद केजरीवाल, जिसमें हवा भरने मुलायम सिंह यादव पहुंचे हैं। उनके नेता संजय सिंह स्वयं स्वीकार करते हैं कि स्वाति मालिवाल के साथ मारपीट हुई। सबने उम्मीद लगाई कि नारी शक्ति के सम्मान के साथ केजरीवाल समझौता नहीं करेंगे । विभव कुमार के खिलाफ कार्रवाई करेंगे लेकिन अरविंद केजरीवाल को कोई पछतावा नहीं है। मालिवाल के साथ दुर्व्यवहार होता है लेकिन वे पश्चाताप भी नहीं कर रहे हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के साथ रहने वाले निजी सचिव विभव कुमार पर मारपीट करने के आरोप लगे हैं लेकिन विभव अरविंद केजरीवाल के संरक्षण में घूम रहे हैं। यह पूछा जाएगा कि केजरीवाल के घर पर कभी चीफ सेक्रेटरी पिट जाते हैं , कभी उनकी पार्टी की नेत्री पिट जाती हैं, उनके आवास पर पाप हो रहे हैं। केजरीवाल को जिनपर कार्रवाई करनी थी वो जुड़वा भाई बन कर घूम रहा है। साफ है महिला सम्मान के लिए उनके पास कोई जगह नहीं है।

# स्वाति आप परिवार की हैं भाजपा इस पर राजनीति न करें: संजय



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव अपने सुरूर पर है और ऐसे में हर पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। ऐसे में पांचवें चरण के मद्देनजर लखनऊ में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई।

हालांकि यहां भी स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के सवाल ने अरविंद केजरीवाल का पीछा नहीं छोड़ा। एक पत्रकार ने उनसे स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट पर सवाल किया।

**केजरीवाल ने माइक संजय की ओर दिया:** इस पर केजरीवाल ने माइक को संजय सिंह की तरफ कर दिया। तब उत्तर प्रदेश के आप प्रभारी संजय सिंह ने मामले में मोर्चा संभालते हुए कहा, कि मणिपुर में करगिल सेनानी कि पत्नी को निर्वस्त्र किया गया, सैकड़ों महिलाओं के साथ दरिंदगी हुई।

**गोलमोल जवाब**

▶▶ स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के सवाल ने अरविंद केजरीवाल का पीछा नहीं छोड़ा

# यादव सिंह के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने धोखाधड़ी एवं भ्रष्टाचार के आरोपित और नोएडा के पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस में राहत दी है। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने यादव सिंह के खिलाफ किसी भी निरोधात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यादव सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एनके कौल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक अक्टूबर 2019 को यादव सिंह को जमानत दी थी लेकिन अब सीबीआई की ओर से पूरक चार्जशीट दाखिल होने के बाद याचिकाकर्ता के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने किसी भी निरोधात्मक आदेश पर रोक लगने का आदेश दिया। सीबीआई के मुताबिक 14 से 23 दिसंबर, 2011 तक कई इंजीनियरिंग विभाग यादव सिंह के नियंत्रण में थे। यादव सिंह न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी (नोएडा) के चीफ इंजीनियर थे। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 954.38 करोड़ रुपये के एग्रीमेंट बॉन्ड जारी किए जो 1280 प्रोजेक्ट के लिए थे।

# आप एमएलए के घर दोबारा नोएडा पुलिस ने दी दबिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ि पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों के साथ मारपीट व धमकी देने के मामले में आरोपी दिल्ली के आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे अनस फरार हैं। नोएडा पुलिस की टीम ने गुरुवार को ओखला स्थित विधायक के घर दोबारा पहुंचकर दबिश दी। विधायक और उनके पुत्र घर पर नहीं मिले। इसके बाद घर के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया। पुलिस की टीम विधायक पिता-पुत्र की तलाश कर रही है।

सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह फिलिंग स्टेशन पर आम



आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान का बेटा अनस मंगलवार सुबह कार में पेट्रोल भरवाने आया था। उसने अपनी कार पेट्रोल लेने के कतार में लगाकर बोला कि उसके आगे वाली कार को आगे बढ़ाकर पहले उसकी कार में पेट्रोल डाल दे। इसपर सेल्समैन ने कहा कि आप लाइन में आइए और आपकी बारी आने पर तेल डाल दिया जाएगा। पेट्रोल पंप कर्मचारी की इस बात से नाराज होकर विधायक के बेटे अनस ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और धमकी दी थी। इसके कुछ देर के बाद विधायक अमानतुल्लाह मौके पर पहुंच गए थे और उन्होंने भी पेट्रोल पंप कर्मचारियों को धमकी दी थी। इस मामले में कोतवाली फेज वन पुलिस ने विधायक पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद से दोनों फरार हैं। इस मामले में गुरुवार को नोएडा पुलिस की टीम पुलिसकर्मियों की टीम ओखला स्थित विधायक के घर पहुंचे। घर जाकर पुलिस ने तलाशी ली लेकिन पिता-पुत्र नहीं मिले।

**तलाश**

▶▶ आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे अनस फरार

# एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की सूचना पर मचा हड़कंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आईजीआई हवाईअड्डे पर दिल्ली-वडोदरा एयर इंडिया की एक फ्लाइट में उस समय दहशत फैल गई, जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर देखा, जिस पर बम शब्द लिखा हुआ था। बम की सूचना पर तुरंत यात्रियों को फ्लाइट से नीचे उतारा गया। मौके पर पहुंची बम एवं डॉग स्क्वायड की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बाद में यात्री दूसरी से यात्रियों को रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया प्लेन में एक टिशू पेपर मिला था, जिस पर बम लिख हुआ था। जिसे देखते ही यात्री और चालक दल में हड़कंप मच गया। यात्रियों को फ्लाइट से नीचे उतारा गया। बताया जा रहा है कि घंटों छानबीन के बाद भी कुछ नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक, 15 मई की शाम लगभग 7:30 बजे वड़ोदरा के लिए प्रस्थान करने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पाए जाने के बारे में एक सूचना प्राप्त हुई, जिस पर बम शब्द लिखा हुआ था।

# हाईकोर्ट ने एनआरएआई की ओलंपिक चयन नीति को बरकरार रखा

**खारिज**

▶▶ ओलंपिक चयन ट्रायल में शामिल न किए जाने को लेकर दायर की गई याचिका खारिज होने के बाद सुनाया




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा बनाई गई 2024 पेरिस ओलंपिक चयन नीति को बरकरार रखा है। कोर्ट ने यह आदेश एक शूटर द्वारा उसे ओलंपिक चयन ट्रायल में शामिल न किए जाने को लेकर दायर की गई याचिका खारिज होने के बाद सुनाया। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, ओलंपिक खेलों 2024 के लिए हमारी चयन नीति निष्पक्ष, उचित और पारदर्शी है। सभी एथलीटों को उचित मौका दिया गया है। निशानेबाजों के क्वालीफाई करने के लिए पॉलिसी (नीति) अधिक समावेशी है। भारतीय निशानेबाजी दल ने 26 जुलाई, 2024 को शुरू होने वाले आगामी पेरिस 2024 खेलों के लिए प्रत्येक राष्ट्र के लिए अधिकतम 24 कोटा में से रिकॉर्ड 21 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किए हैं। जबकि राइफल और पिस्टल में से प्रत्येक ने अधिकतम आठ कोटा हासिल किए हैं। शॉटगन निशानेबाजों ने अब तक का अपना सर्वोच्च पांच कोटा हासिल कर लिया है। टीम चार ओलंपिक पदकों (एक स्वर्ण सहित) की संख्या में और पदक जोड़ने की कोशिश करेगी जो इस खेल ने अब तक इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता में जीते हैं।

### प्रॉपर्टी डीलर ने महिला इंजीनियर से किया दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: एक प्रॉपर्टी डीलर ने फ्लैट दिखाने के बहाने एक महिला से दुष्कर्म** किया। आरोपित ने पीड़िता की अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर उनसे डॉलर में राशि वसूल ली। इस संबंध में महरौली थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ महरौली थानाक्षेत्र छतरपुर में रहती है। वह एक निजी कंपनी में इंजीनियर हैं। पीड़िता ने बताया कि वह कुछ समय से एक फ्लैट खरीदने के लिए प्रॉपर्टी डीलर से संपर्क कर रही थी। इसी दौरान करीब डेढ़ साल पहले उनकी मुलाकात एक प्रॉपर्टी डीलर से हुई। उसने महिला को कई जगह पर फ्लैट दिखाए। महिला का आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर ने उसे फ्लैट दिखाने के बहाने अपने पास बुलाया और दुष्कर्म किया।

**पति को वीडिया दिखाने की दी धमकी:** इसी दौरान उसने एक अश्लील वीडियो भी बना ली। फिर आरोपी ने वीडियो महिला के पति को दिखाने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया। महिला का आरोप है कि आरोपित ने उसे ब्लैकमेल कर उसके घर में रखे लाखों रुपये के डॉलर ले लिए। जब महिला के पति किसी काम से विदेश जाने लगे तो उन्होंने पीड़िता से डालर मांगे, लेकिन वह सब आरोपित ले चुका था।

# के. कविता की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने 24 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। कविता ने सीबीआई के मामले में जमानत याचिका दायर की है। कविता ईडी की ओर से दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग और सीबीआई दोनों के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के मामले में कविता की हाई कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका लंबित है। ईडी के मामले में 10 मई को हाई कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। ईडी के मामले में दायर जमानत




याचिका पर हाई कोर्ट अगली सुनवाई 24 मई को ही करेगा। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 6 मई को कविता की ईडी और सीबीआई के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। उसके बाद कविता को सीबीआई ने भी 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाले में के कविता भी साजिश में शामिल थीं।

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने विभव कुमार को किया तलब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को शुक्रवार को तलब किया है। इस मामले में महिला आयोग ने 17 मई को सुबह 11 बजे सुनवाई निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अबतक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। आम आदमी पार्टी ने माना है कि स्वाति मालीवाल से बदसलूकी हुई है लेकिन अब तक मामले में केजरीवाल की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभव कुमार पर दिल्ली में सीएम आवास पर स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप लगा है।

# पद्मश्री से सम्मानित लेखिका मालती जोशी का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पद्मश्री** से सम्मानित वयोवृद्ध लेखिका मालती जोशी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने निधन की पुष्टि की है। मालती जोशी पिछले कुछ समय से आइसोफेगस के कैंसर से पीड़ित थीं। उनका निधन बुधवार को दिल्ली में उनके पुत्र सच्चिदानंद जोशी के आवास पर हुआ। सच्चिदानंद जोशी प्रसिद्ध साहित्यकार और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के सदस्य सचिव हैं। अंतिम समय में उनके दोनों पुत्र ऋषिकेश और सच्चिदानंद तथा पुत्रवधुएं अर्चना और मालविका उनके पास थे। पचास से अधिक हिन्दी और मराठी कथा संग्रहों की लेखिका मालती जोशी शिवानी के बाद हिन्दी की सबसे लोकप्रिय कथाकार मानी जाती हैं। मालती जोशी की अनूठी कहानी कहने की शैली साहित्यिक दुनिया में एक विशेष स्थान रखती है। उनके काम पूरे भारत के कई विश्वविद्यालयों में शोध का विषय रहे। उनके साहित्यिक योगदान ने पाठकों और विद्वानों पर समान रूप से अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने 60 से अधिक किताबें लिखी हैं। मालती जोशी को साहित्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 2018 में प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मालती जोशी का जन्म 4 जून, 1934 में औरंगाबाद में हुआ था और उनकी शिक्षा मध्य प्रदेश में हुई। उन्होंने इंदौर के डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के होलकर कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। स्नातक शिक्षा के बाद उन्होंने 1956 में हिंदी साहित्य में कला में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। जोशी की कुछ कहानियों को दूरदर्शन द्वारा टेलीविजन के लिए तैयार किया गया है।



### एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जेट एयरवेज एयरलाइन के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी और कंपनी की कार्यकारी उपाध्यक्ष अनीता गोयल का गुरुवार सुबह मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनीता गोयल का अंतिम संस्कार आज दिन में मुंबई में किया जाएगा। 2015 में अनिता गोयल जेट एयरवेज की गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष बनीं। इसके साथ ही वह निदेशक मंडल का हिस्सा भी रहीं। नरेश गोयल के परिवार में अब उनके दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। जेट एयरवेज के दिवालिया होने के बाद से नरेश गोयल मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। वे आखिरी वक्त में अपनी पत्नी के साथ थे। नरेश गोयल भी कैंसर से पीड़ित हैं।



# पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से पंचायती राज व्यवस्था हुई मजबूत : मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से पंचायती राज व्यवस्था और ज्यादा मजबूत हुई है। राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करना सरकार की प्राथमिकता है।



मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को करनाल में सरपंच एसोसिएशन के सदस्यों व पदाधिकारियों से चर्चा की और अपनी पंचायत के हर गांव में शत प्रतिशत मतदान कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर करीब 250 सरपंच मौजूद थे। सरपंचों ने कहा कि पिछले एक दशक से गांवों की दशा और दिशा बदल रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की अधिकांश जनसंख्या गांवों में बसती है, इसलिए भाजपा ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देती है, ताकि देश का विकास तीव्र गति से संभव हो। भाजपा गरीबों के विकास एवं उत्थान की चिंता करती है। केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों के अन्न और दवा की चिंता करती है। भाजपा सरकार बनने के बाद गांवों का चहुंमुखी विकास हुआ है। गांव में सडक, पेयजल एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर हुई हैं। मनोहर लाल ने कहा कि कहा पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री कि अनेकों ऐसी जनकल्याणकारी स्कीम है, जिसका टारगेट गरीब से गरीब इंसान हैं। सरकार की किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, बिजली, आयुष्मान योजना, हर घर नल व गरीब कल्याण आदि योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचा है। उन्होंने कहा सरकार की योजनाओं ने गांवों की तस्वीर बदल दी है। योजनाओं ने गांवों में उन्नति व खुशहाली लाने का काम किया है। करनाल लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, विधायक राम कुमार कश्यप, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी व पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क सहित अन्य मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की चैकिंग हेतू की गई नाकाबंदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव-2024 के तहत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की चैकिंग हेतू नाकाबंदी की गई है। इसके तहत आज थाना मधुबन टीम द्वारा मंगलौरा नाका पर चैकिंग के दौरान एक गाड़ी से 3 लाख रुपए, थाना घरौंडा क्षेत्र में लगाए गए नाका पर एक गाडी की चैकिंग में 5 लाख रुपए व एक अन्य गाड़ी की चैकिंग में 1,27,400 रुपए बरामद किए गए। थाना घरौंडा के प्रबंधक ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान गाड़ी को रूकवाकर चैकिंग के लिए बोलने पर वह आनाकानी करने लगा, लेकिन जब उन्हें कहा गया कि यह आदर्श आचार संहिता के तहत चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, तो वह मन मारकर गाड़ी की डिग्गी खोलकर चैकिंग करवाने लगा व दौराने चैकिंग उसकी गाड़ी से 5 लाख रुपए बरामद हुए। इसी प्रकार एक अन्य गाड़ी से भी 1,27,400 रुपए बरामद किए गए। थाना मधुबन प्रभारी ने कहा कि मंगलौरा चौंकी इन्चार्ज व उनकी टीम द्वारा यूपी बार्डर पर लगाए नाका पर चैकिंग के दौरान एक गाड़ी से 3 लाख रुपए पकड़े गए। पूछने पर जब गाड़ी चालक किसी प्रकार के कोई सबूत पेश नहीं कर पाया तो उसके रुपए कब्जे में लेकर एसडीएम आफिस में जमा करवा दिए गए।



## न्यूज फ्लैश

### सफाई के नाम पर लाखों खर्च, फिर भी जलमग्न रहता है पांची जाटान रोड, दुकानदार परेशान




**गन्नौर।** पांची जाटान रोड पर जनस्वास्थय विभाग व नगरपालिका की अनदेखी के चलते गंदे पानी की निकासी के लिए बनाया गया नाला बार- बार ओवरफ्लों होने के कारण सड़क पर भरने वाले गंदे पानी से दुकानदार, वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीयवासी सुभाष, डा. वेदप्रकाश, प्रेम राठी एडवोकेट व अन्य का कहना कि कई साल से पांची जाटान रोड पर ओवरफ्लों होने वाले नाले की समस्या का समाधान नही हो पाया है। उन्होंने बताया कि पिछल्ले कई दिनों से पांची जाटान पर दुकानदार इतने परेशान है ओवरफ्लों होने वाला नाले का गंदा पानी सड़क व उनकी दुकानों के आगे भर जाता है। जिस कारण दुकानदारों की दुकानदारी दिनभर प्रभावित रहती है। वे सरकार व प्रशासन को कोसते रहते है। एडवोकेट प्रेम राठी ने बताया कि गढ़ी झंझारा रोड पर बने नाले का गंदा पानी भी मोटर के माध्यम से इसी नाले में डाला जाता है। जिस कारण नाले की ठीक ढंग से सफाई न होने के कारण व नाला छोटा होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लों होकर सड़क पर जमा हो जाता है। उन्होंने बताया कि अभी यह हाल है तो बरसात के समय परेशानी का दुकानदारों को सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गंदे पानी की निकासी का पांची रोड पर स्थाई समाधान नही हो पाया है।

**सफाई के नाम पर हर साल होता है लाखों रुपएं का टैंडर** – स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि सफाई के नाम पर हर साल लाखों रुपएं का टैंडर होता है लेकिन ठेकेदार खानापूर्ति करके अपना काम पूरा कर लेते है। उनका कहना कि अगर सफाई ठीक की जाए तो गंदे पानी की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल सकती है। नगरपालिका द्वारा सफाई के लिए छोड़ा गया करीब 12 लाख रुपएं का टैंडर भी खानापूर्ति बनकर रह गया है। थोड़ी सी बरसात होते ही शहर में जलभराव की समस्या हो जाती है।

**शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई : एसडीएम** – एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि गंदे पानी के सड़क पर जमाव की समस्या को लेकर उनके पास अभी तक कोई शिकायत नही आई है। अब समस्या उनके संज्ञान में आई है तो संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के लिए बोला जाएगा।

### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का दसवीं व बारहवीं में शानदार प्रदर्शन





**गन्नौर।** सीबीएसई द्वारा घोषित किये गए बारहवी और दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जी टी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जोरदार सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने बताया कि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कक्षा बारहवी के कुनाल ने 95.20, वंशिका ने 94, यश गौतम ने 93 और कार्तिक ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं दसवीं के यश चौधरी ने 93. 40, हैप्पी ने 93.20, आर्यनपाल ने 92.60 और शुभम ने 90 प्रतिशत अंक लेकर अपने अभिभावकगन और विद्यालय का गौरव बढाया। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता और समन्वयिका नेहा संधू ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत का ही फल है जो उन्होंने अपने अद्यापको के मार्गदर्शन में की। प्रधानाचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति करे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

# छात्र एम्बैसेडर बनकर मतदाताओं को करेंगे जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एक-एक मतदाता को वोट का महत्व बताने और 25 मई के दिन बूथ पर जाकर वोट का प्रयोग करने के विषय को लेकर स्कूलों का एक-एक विद्यार्थी जागरूकता एम्बैसेडर की भूमिका में नजर आएगा। यहां करनाल में 47 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने स्लोगन, पोस्टर मेकिंग सहित अन्य प्रतियोगिताओं में केवल और केवल मतदाताओं को वोट डालने का संदेश दिया है।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की ओर से बड़े स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन 13 मई से किया जा रहा है और यह अभियान 23 मई तक जारी रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल व जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा के प्रयासों से एक ही दिन में 250 से ज्यादा राजकीय और अराजकीय स्कूलों में 47 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन सभी विद्यार्थियों ने करनाल के मतदाताओं को 25 मई के दिन अपने-अपने बूथों पर जाकर वोट डालने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, निबंध, मेंहदी व रंगोली, रघु नाटिका, सेमिनार, संकल्प पत्र, शपथ, जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को वोट डालने का अनोखा संदेश दिया है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी भी बढ़ चढकर भाग ले रहे है। इन तमाम गतिविधियों का सिर्फ एक ही लक्ष्य है कि प्रत्येक मतदाता अपना वोट जरूर डाले। जब करनाल जिले में अधिक से अधिक मतदान होगा तभी युवाओं के प्रयास सार्थक होंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि स्वीप गतिविधियों में शहर के प्रत्येक व्यक्ति, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।



# जेएमसी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं में किया सराहनीय प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर के विद्यार्थी सीबीएसई दसवीं में गणित व विज्ञान में बेहतरीन प्रदर्शन करके छाए हुए हैं। बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में निशुल्क पढ़ाया जाता है। यहां अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों से पढ़ाई करके हर्ष ने गणित में 100 प्रतिशत, वृतिका ने 99, प्रथम ने 99, रिद्धि ने 98, समृद्धि ने 98, दिव्यांश ने 97, गौरव ने 95, कुनाल ने 95, रजत ने 92, सिया गुप्ता ने 92 व छाया ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसी भांति बहुत से बच्चों ने विज्ञान विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके अपने आप में अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है।

जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से निशुल्क शिक्षा व शिक्षण संबंधी संसाधनों को उपलब्ध करवाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस सेंटर के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों को आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाएं भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। विशेष बात यह है कि तमाम सेवा कार्य नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते संचालित हो रहे हैं। संयुक्त रूप से बताया कि सरकारी विद्यालयों में लाइब्रेरी की स्थापना, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना में भी जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर का विशेष योगदान है।

# डी ए वी सैंटनरी पब्लिक स्कूल में पूल पार्टी मनाई गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )** डी ए वी सैंटनरी पब्लिक स्कूल समालखा में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक पूल पार्टी मनाई गई। कोऑर्डिनेटर रचना नागपाल के निर्देशन में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक सभी बच्चे पूल के पास एकत्रित हुए । गर्मी के मौसम को देखते हुए म्यूजिक और डांस के साथ विद्यार्थियों ने पूल पार्टी का आनंद लिया । सभी छात्र पानी में नहा कर बड़े ही आनंदित लग रहे थे। वीनू नर्सरी अध्यापिका बच्चों के साथ क्रीडा करते हुए छात्रों को गाइड कर रहे थे और बच्चों की प्रसन्नता को बढ़ा रहे थे। इसके पश्चात बच्चों को जलपान भी कराया गया।

# विरेंद्र मराठा को मील रहा 36 बिरादरी का जनसमर्थन: डॉ नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

इनेलो के प्रधान महासचिव हरियाणा चौधरी प्रेम सिंह भालसी व युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ नवीन नैन भालसी ने इनेलो+एनसीपी के साझे उम्मीदवार विरेंद्र मराठा का किया भालसी पहुँचने पर जोरदार स्वागत, अभिनंदन। इस दौरान मराठा विरेंद्र वर्मा ने बताया कि बिजेपी 400 पार का झूठा नारा देखकर लोगों को गुमराह कर रही है,परन्तु ये पूरे भारत में बहुमत भी साबित नही कर सकेंगे ये हरियाणा में दस की दस सीटों को खो रहे है,साथ ही हरियाणा प्रदेश में परिवर्तन की लहर है किसान,कमेरे वर्ग के साथ 36 बिरादरी के लोग किसानों के मसीहा चौधरी अभय सिंह चौटाला जी को हरियाणा का मुख्यमंत्री देखना चाहते है। इस दौरान चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने बताया कि आज के समय किसान व कमेरे वर्ग के साथ साथ दुकानदार व मजदूर वर्ग सभी वर्तमान सरकार से दुखी होकर परिवर्तन करने के लिए तैयार होकर विरेंद्र मराठा के साथ खड़ा है।




# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर धारा-144 के आदेश पारित

**सोनीपत।** जिलाधीश डॉ० मनोज कुमार ने गोहाना में 18 मई को होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर उनकी सुरक्षा को देखते हुए रैली स्थल, हैलीपैड तथा गोहाना शहर में कम ऊंचाई पर उडने वाले ग्लाइडर/ड्रोन/मानव रहित हवाई उपकरणों (यूएवी) पर भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा-144 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि ड्रोन नियम, 2021 के तहत जिला को रेड जोन घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

# करनाल की पोलिंग पार्टियों को दी गई ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पंचायत भवन में करनाल विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की ट्रेनिंग आयोजित की गई। इसमें चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को मॉक पोल, मतदान के बाद मशीन को सील बंद करने का तरीका, मॉक पोल अथवा मतदान के दौरान मशीन खराब होने पर उठाये जाने वाले कदमों, विभिन्न फार्मों को भरने का तरीका, टेंडर वोट, चेलेंज्ड वोट आदि के बारे में जानकारी दी गई। डीडीपीओ राजबीर ने कर्मचारियों से अपील की कि वे बिना किसी डर के पूरी निष्ठा से चुनावी ड्यूटी करें। प्रशासन की ओर से उन्हें हर संभव सहयोग मिलेगा।

ट्रेनिंग के दौरान मास्टर ट्रेनर रणजीत ने बताया कि एक वोट को पोल करने की प्रक्रिया में 20 सेकंड का समय लगता है यानि एक मिनट में तीन वोट पड़ेंगे। मतदान निर्धारित समय पर शुरू हो जाना चाहिये। मतदान से पहले मॉक पोल जरूरी है जो कि मतदान से डेढ़ घंटा पहले शुरू होना चाहिये। यदि किसी कारणवश पोलिंग एजेंट मौजूद नहीं है तो 15 मिनट इंतजार के बाद एक एजेंट की मौजूदगी में प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। यदि एक भी एजेंट मौजूद न हो तो सुपरवाइजर/सेक्टर ऑफिसर/ नोडल अधिकारी की मौजूदगी में, यदि ये तीनों भी उपलब्ध न हों तो पूरी टीम मिलकर मॉक पोल की प्रक्रिया को पूरा करे। मॉक पोल के लिये नोटा सहित 50 वोट डालना जरूरी है। वीवीपैट से पर्चियां निकालकर उनका सीयू से मिलान करने के बाद इन पर्चियों के पीछे हस्ताक्षर करने के बाद इन्हें काले रंग के लिफाफे में सीलबंद कर दें। सीयू को क्लीयर करने के बाद मतदान की प्रक्रिया निर्धारित समय पर आरंभ करें। उन्होंने मतदान के बाद मशीन को सील करने के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। एसोसिएशन प्रोफेसर डॉ. दिनेश ने विभिन्न प्रकार के फार्मों और लिफाफों के साथ-साथ टेंडर वोट, चेलेंज्ड वोट की जानकारी दी। साथ ही बताया कि नेत्रहीन मतदाता अपने साथ एक सहयोगी को बूथ में ला सकता है।



# अशोक ने जनकल्याण के निमित हवन करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण भाव रखने वाले अशोक मंगालीवाला ने जनकल्याण के निमित हवन करवाया। उन्होंने अपनी पत्नी दीपा गोयल व अन्य साथियों के साथ हवन-यज्ञ में हिस्सा लेकर सभी के स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना की। हवन के उपरांत गायकों ने भजनों के माध्यम से संकटमोचक हनुमान व अन्य देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान किया। हिसार के सेक्टर-13 में आयोजित हवन व भजन संध्या में काफी संख्या में समर्थकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अशोक मंगालीवाला ने कहा कि वे हमेशा जनहित के कार्यों व समाज कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वे तीन दशकों से अधिक समय तक विदेश में व्यवसाय व उद्योग के माध्यम से काफी धन व शोहरत हासिल कर चुके हैं। यदि वे चाहते तो विदेश में बड़ी आरामदायक जिंदगी व्यतीत कर सकते थे लेकिन स्वामी गुरवानंद महाराज जी के आदेशानुसार उन्होंने अपनी जन्मभूमि हिसार को अपनी कर्मभूमि बनाया है। इसलिए हिसार के विकास व सामाजिक कार्यों के माध्यम से जनता की सेवा करना ही उनका प्राथमिक लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि अशोक मंगालीवाला ने कई सेवा प्रकल्प शुरू किए हैं।

# दिव्यांशु बुद्धि राजा ने किया समालखा हल्के में ताबड़तोड़ प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**करनाल** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा ने बृहस्पतिवार को समालखा विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ जन सम्पर्क अभियान चलाते हुए 2 दर्जन गांवों में पहुंच कर लोगो से वोट की अपील की। हल्का समालखा के गांवों में प्रचार के दौरान विधायक धर्म सिंह छौक्कर तो साथ नहीं रहे, लेकिन उनके समर्थकों ने कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा पर फूलों की बारिश कर गर्मजोशी से स्वागत किया। गांव जौरासी में दिव्यांशु को 101 किलो लड्डुओं से तोला गया।




दिव्यांशु बुद्धि राजा ने अपना प्रचार अभियान हल्के के गांव झट्टीपुर से शुरू किया और देर शाम तक समालखा के गांव में जन सम्पर्क में लगे रहे। अपने जन सम्पर्क अभियान के दौरान ग्रामीण जनसभाओं में कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा के निशाने पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रहे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को दिवाली के फुस्स बम बताया। दिव्यांशु बुद्धि राजा ने मनोहर लाल को रिजेक्टेड मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि इन्होंने साढ़े 9 साल प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते कोई काम नहीं किया। इन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रताड़ित करने का काम किया। अब समय आ गया है जब प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगी। कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा ने केंद्र व राज्य सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार समालखा के विधायक धर्म सिंह छौक्कर को भी चुनाव प्रचार से दूर रखने के हथकंडे अपना रही है, लेकिन उनको इस बात का एहसास नहीं है कि जितनी तानाशाही करेंगे जनता उतनी ही ताकत के साथ विरोध करेंगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लड़ाई लाठी डंडे से नहीं बल्कि वोट की चोट से लड़ी जाती है। इसलिए आने वाली 25 मई को इस तानाशाह सरकार को जनता वोट की चोट से सबक सिखायेगी। ठेठ हरियाणवी भाषा में दिव्यांशु बुद्धि राजा ने गांव वासियों को कहा कि आज तो मैं हाजरी लगाने आया हूं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी आयु अभी महज 31 वर्ष की है यदि उन्हें सेवा का मौका दिया तो बाकि की सारी उम्र आपकी सेवा में लगाउंगा।

# सर्वसम्मति से हरीश अरोड़ा को प्रदेश का संगठन मंत्री बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ बीएमएसआरएम की बैठक का आयोजन एस डी कॉलेज में किया गया बैठक की अध्यक्षता प्रधान हरसीमरन सिंह व सचिव प्रफुल्ल चंद्र झा ने की। जिसमें चौथी बार सर्व सम्मति से हरीश अरोड़ा जी को प्रदेश का संगठन मंत्री बनाए जाने पर शुभकामनाएँ दी और अब पानीपत इकाई की तरफ से भी सम्मानित किया गया । इस मौके पर एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अनुपम अरोड़ा जी ने सभी दवा प्रतिनिधियों को मोबाइल से होने वाले मानसिक तनाव , कैंसर के बारे में अवगत करवाया ;वही प्रदेश के संगठन मंत्री हरीश अरोड़ा जी ने दवा कंपनियों के बढ़ते दबाव को मद्देनजर रखते हुए मजदूर एक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया वही हरीश अरोड़ा जी ने 25 तारीक को चुनाव में मतदान करने के लिए भी सभी को प्रेरित किया बैठक में दवा प्रतिनिधियों की तरफ से गौरव महाजन, अनिल कुमार, सुमित खनेजा,अमन मलिक,राकेश राजपूत , आशिम अंसारी , रवि प्रकाश , दीपक ग्रोवर,मोहित चोपड़ा ,नवीन मुंजाल उपस्थित रहे ।



## पुतिन चीन की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे

एजेंसी



**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। श्री पुतिन यहां अपने समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात और दोनों देशों से संबंधित मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

## चीन में भूकंप के झटके

**बीजिंग।** चीन के पापुआ न्यू गिनी क्षेत्र में गुरुवार तड़के मध्यम स्तर के भूकंप के झटके महसूस किये गये। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार अंतरराष्ट्रीय समयानुसार करीब 03=48 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में 7.10 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 148.47 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।




## कैमरून में अलगाववादियों के हमले में दो सैनिकों सहित चार लोगों की मौत

**याउंडे ।** कैमरून के युद्धग्रस्त अंग्रेजी भाषी क्षेत्र उत्तर-पश्चिम में एक अलगाववादी हमले में दो सुरक्षा सैनिक और दो नागरिक मारे गए है। सुरक्षा और स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी।



एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अलगाववादी लड़ाकों ने क्षेत्र के बंबुई इलाके में मंगलवार रात कैमरून सुरक्षा के दो सदस्यों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी ने बताया, सैनिक एक बार में शराब पी रहे थे और वहां से निकलने वाले थे तभी छिपे हुए अलगाववादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद हुई झड़प में दो सैनिक, बार मालिक और एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि झड़प में 26 वर्षीय एक महिला भी घायल हो गई। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। कैमरून 20 मई को राष्ट्रीय दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है।

## वाकिया के प्रधानमंत्री की हालत गंभीर

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फ़िको को कई गोली लगने के बाद उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और अभी उनकी सर्जरी चल रही है। यह जानकारी श्रम मंत्री एरिक टॉमस ने कहा।



श्री टॉमस ने स्लोवाकिया के मार्किज़ा ब्रॉडकास्टर से कहा कि प्रधानमंत्री की हालत गंभीर है. उन्होंने कहा कि वह अधिक जानकारी नहीं दे सकते लेकिन कहा कि सर्जरी चल रही है।

## रूसी हमले के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने विदेशी दौरा रद्द किया

**कीव।** अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन के राष्टपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने स्पेन और पुर्तगाल की यात्रा रद्द कर दी है, सीएनएन पुर्तगाल और अन्य मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि ऐसा उनके देश में नए सिरे से लड़ाई के कारण हुआ है। स्पेन के राजा फेलिप 17 मई को ज़ेलेंस्की के लिए एक स्वागत समारोह आयोजित करने वाले हैं और उनके सम्मान में भोजन की मेजबानी करेंगे। पिछले साल नाटो की संयुक्त घोषणा के बाद ज़ेलेंस्की के प्रधान मंत्री पेड्रो सांचेज़ के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने की भी उम्मीद थी। पुर्तगाली सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ने यात्रा रद्द कर दी है लेकिन कोई कारण नहीं बताया। स्पैनिश सरकार ने कहा कि वह सुरक्षा कारणों से टिप्पणी नहीं कर सकती। यूरोपीय संघ के अन्य देशों के साथ, स्पेन ने फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के बाद वित्तीय और सैन्य सहायता के साथ यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। एक मसौदा दस्तावेज़ के अनुसार, ज़ेलेंस्की की नियोजित यात्रा कीव के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा समर्थन की यूरोपीय संघ की प्रतिज्ञा के साथ मेल खाने के कारण थी।

## नासा ने ध्रुवीय क्षेत्रों के ताप उत्सर्जन का अध्ययन करने के लिए नया मिशन शुरू करने की योजना बनाई

एजेंसी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में नासा ने पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से गर्मी के नुकसान का अध्ययन करने और बदलती जलवायु पर जानकारी प्रदान करने के लिए इस महीने एक नया मिशन शुरू करने की योजना बनाई है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने यह जानकारी दी। मिशन का नाम पोलर रेडिएंट एनर्जी इन द फार-इन्फ्रारेड एक सपेरिमेंट (पीआरईएफआईआरई) है। यह पृथ्वी पर दो सबसे दूरस्थ क्षेत्रों का आर्कटिक और अंटार्कटिक का अध्ययन करेगा । जेपीएल ने बताया कि पीआरईएफआईआरई के प्रत्येक क्यूब उपग्रह या क्यूबसैट पृथ्वी की सतह और वायुमंडल द्वारा अंतरिक्ष में उत्सर्जित दूर-अवरक्त ऊर्जा के रूप में गर्मी को मापने के लिए एक थर्मल इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करेंगे। जेपीएल के अनुसार मिशन का डेटा ध्रुवों पर ग्रीनहाउस प्रभाव



के बारे में हमारी समझ को बेहतर बनाने में विशेष रूप से जल वाष्प, बादलों और पृथ्वी के वायुमंडल के अन्य तत्वों की गर्मी को फंसाने और इसे अंतरिक्ष में विकीर्ण होने से रोकने की क्षमता में मदद करेगा।

शोधकर्ता इस जानकारी का उपयोग जलवायु और बर्फ मॉडल को अद्यतन करने के लिए करेंगे जिससे इस बात का बेहतर अनुमान लगाया जा सकेगा कि गर्म होती दुनिया में समुद्र के स्तर, मौसम और बर्फ के आवरण में कैसे बदलाव होने की संभावना है।

## लेबनान में इज़रायली हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के मंसूरी मैदान पर इजरायली हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि घायल सीरियाई लोगों को लेबनानी नागरिक सुरक्षा द्वारा दक्षिण-पश्चिमी शहर टायर के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

सूत्रों ने कहा कि इज़रायल ने जेज़िन क्षेत्र के जबल अल-रेहान क्षेत्र सहित पांच कस्बों और गांवों पर सात हवाई हमले किए और दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र में 11 कस्बों और गांवों की ओर लगभग 50 गोले दागे।

इजरायल द्वारा मंगलवार को दक्षिणी लेबनान में एक कमांडर की हत्या के जवाब में हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने मेरोन हवाईअड्डे पर निगरानी इकाई के मुख्यालय तबरैय्या शहर के पश्चिम में इलानिया हवाईअड्डा सहित 91वीं डिवीजन की कमान का मुख्यालय बरनिट बैरक में कई जगहों पर हमला करने के लिए



मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया था। उल्लेखनीय है कि इज़रायल पर हमास के हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लेबनानी सशस्त्र समूह हिज्बुल्लाह द्वारा इज़रायल की ओर दागे गए रॉकेटों की बौछार के बाद 8 अक्टूबर, 2023 को लेबनान-इज़रायल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी गोलीबारी की। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार हिज़्बुल्लाह और इज़रायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 463 लोग मारे गए हैं, जिनमें 291 हिज़्बुल्लाह सदस्य और 86 नागरिक शामिल हैं।

## रूस ने नष्ट की क्रीमिया को निशाना बनाने वाली 10 अमेरिकी मिसाइल, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कीव के दौरे पर

एजेंसी

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के यूक्रेन की ओर से क्रीमिया को निशाना बनाने के लिए दागी गई 10 अमेरिकी मिसाइलों को नष्ट कर दिया। यह हमला उस समय हुआ जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कीव के दौरे पर हैं। मंत्रालय ने कहा कि 10 यूक्रेनी एटीएसीएमएस मिसाइलों को क्रीमिया के ऊपर काला सागर में नष्ट कर दिया गया। सेवस्तोपोल के गवर्नर मिखाइल राजवोझायेव ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने काला सागर के ऊपर और बेलबेक हवाई ठिकाने के पास कई यूक्रेनी मिसाइलों को नष्ट कर दिया।

राजवोझायेव ने कहा कि नष्ट की गई मिसाइलों के टुकड़े रिहायशी इलाकों में गिरे, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अन्य यूक्रेनी हमलों में रूसी हवाई रक्षा



(प्रणाली) ने तड़के बेलगोरोड क्षेत्र में नौ यूक्रेनी ड्रोन, दो विल्हा रॉकेट, दो एंटी-रडार एचएआरएम मिसाइल और दो हैमर गाइडेड बमों को भी नष्ट कर दिया। बेलगोरोड के गवर्नर वुचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि डुबोवॉय गांव में यूक्रेनी रॉकेट के कारण घर में आग लगने से दो लोग घायल हो गए। सेना ने कहा कि पांच अन्य यूक्रेनी ड्रोन कुर्स्क क्षेत्र में और तीन ड्रोन ब्रांस्क क्षेत्र में नष्ट किये गये।

रक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा कि तातारस्तान क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। रोस्तोव क्षेत्र के गवर्नर वासिली गोलुबेव ने कहा कि दो ड्रोन से एक ईंधन डिपो पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ और न आग लगी। ब्लिंकन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर कीव पहुंचे और उन्होंने यूक्रेन के लोगों को आश्वस्त किया कि वे अकेले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कारणों से देरी हुई लेकिन अरबों डॉलर की अमेरिकी सैन्य सहायता उनके पास पहुंचने वाली है और यह युद्ध के मैदान पर 'वास्तविक अंतर' लाएगी।

## पुतिन ने नई सरकार की नियुक्ति के आदेश पर किए हस्ताक्षर, रक्षा मंत्री का तबादला शामिल

एजेंसी

**मास्को।** रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने नयी सरकार की नियुक्ति के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें एक पूर्व उप प्रधानमंत्री को रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। पुतिन का छह साल का नया कार्यकाल सात मई को शुरू हुआ था। तब रूस के कानून के अनुरूप सरकार ने इस्तीफा सौंप दिया था। पुतिन ने मिखाइल मिशुस्तिन को तीन दिन बाद पुनः प्रधानमंत्री नियुक्त किया जिसे संसद के निचले सदन ने तत्काल अनुमति दे दी। उन्होंने रविवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत सर्गेई शोइगु को रक्षा मंत्री के पद से हटाकर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का प्रमुख नियुक्त किया गया। पुतिन ने पूर्व उप प्रधानमंत्री आंद्रेई बेलौसोव को नया रक्षा मंत्री भी नियुक्त किया जो आर्थिक विशेषज्ञ हैं और उनकी कोई सैन्य पृष्ठभूमि नहीं है।

पुतिन ने कुछ कैबिनेट सदस्यों की पुनः नियुक्ति का भी प्रस्ताव रखा और मिशुस्तिन ने कई नए मंत्रियों के लिए नाम प्रस्तुत किए, जिनमें से सभी को संसद ने मंजूरी दे दी। यूक्रेन में रूसी सैनिकों को भेजने के पुतिन के फैसले में शोइगु की अहम भूमिका मानी जाती है। पुतिन ने जिस आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, उसमें व्यापक तौर पर पिछली कैबिनेट को ही रखा गया है और साथ ही ऊर्जा, खेल, परिवहन, उद्योग तथा कृषि मंत्रियों के रूप में नये चेहरों को भी शामिल किया गया है।

## नेपाल में गृहमंत्री लामिछाने के खिलाफ विपक्ष का सड़क से संसद तक विरोध

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री रवि लामिछने के खिलाफ विपक्ष ने कांग्रेस संसद के दोनों सदनों से लेकर सड़क तक मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग पर अड़ा है। नेपाली कांग्रेस तो संसद के पिछले सत्र से लेकर इस बार के बजट सत्र तक लगातार सदन की कार्रवाई अवरूद्ध कर प्रदर्शन कर रही है। विपक्ष ने बजट सत्र में कार्यवाही एक मिनट के लिए भी नहीं चलने दी है। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति संबोधित जरूर कर चुके हैं पर धन्यवाद प्रस्ताव की औपचारिकता अब तक पूरी नहीं हो पाई है। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी जाएगी। कांग्रेस ने सरकार पर दबाब बढ़ाने के लिए अपनी पार्टी के सभी संगठनों को सड़क पर उतार दिया है।

## इमरान खान के खिलाफ 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई स्थगित

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इमरान खान के खिलाफ 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी। मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। 71 वर्षीय पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक पिछले साल अगस्त से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में बंद हैं।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने 'सुरक्षा चिंताओं'के कारण खान के खिलाफ मामले की सुनवाई स्थगित करने के अडियाला जेल के अधीक्षक के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इसमें कहा गया है कि अदालत ने सुनवाई 17 मई तक के लिए स्थगित कर दी। अपने अनुरोध में जेल अधिकारी ने पंजाब गृह विभाग द्वारा प्रतिबंधित संगठनों द्वारा पंजाब की जेलों पर खतरे की चेतावनी की रिपोर्ट का हवाला दिया। यह कहते हुए कि



अडियाला जेल प्रांत की सबसे संवेदनशील जेल है और इसमें 7,000 से अधिक कैदी हैं, अधिकारी ने कहा कि हाई-प्रोफाइल राजनीतिक कैदियों सहित गंभीर अपराधों में शामिल अपराधी भी वहां कैद हैं।

अनुरोध में कहा गया है कि मियांवाली, डेरा गाजी खान, रावलपिंडी (अडियाला) और अटक जेलों के लिए भी सुरक्षा संबंधी धमकियां मिली हैं। रिपोर्ट के बाद जेल और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। अखबार ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों द्वारा आसपास के इलाकों की भी तलाशी ली जा रही है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को पंजाब गृह विभाग ने सुरक्षा चिंताओं के कारण अडियाला जेल में सभी कैदियों के रिश्तेदारों और अन्य लोगों से मिलने पर तीन दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया। कैदियों को कोई भी सामान देने पर भी रोक लगा दी गई। अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद सत्ता से हटाए जाने के बाद से इमरान खान को कम से कम चार मामलों में दोषी ठहराया गया है।

## कनाडा के जंगलों में लगी भीषण आग, 6,600 से अधिक निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा में भीषण जंगल की आग के कारण 6,600 से अधिक निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, वुड बफेलो की क्षेत्रीय नगर पालिका ने स्थानीय आपातकाल की स्थिति घोषित करने के बाद दोपहर निकासी आदेश जारी किया। रिपोर्ट के मुताबिक, अग्निशामकों के लिए रास्ता बनाने के लिए फोर्ट मैकमरे के कई इलाकों को खाली कराया जा रहा है। क्षेत्रीय अग्निशमन प्रमुख जोडी बुट्ज़ ने कहा कि इस आदेश से निकासी क्षेत्र में 6,600 लोग प्रभावित होने की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय सड़कें एवं राजमार्ग पर दोपहर वाहनों की भारी भीड़ देखी गयी। कनाडाई सरकार ने चेतावनी दी है कि देश भर में सामान्य से अधिक तापमान के कारण जंगल में आग लगने का खतरा बढ़ सकता है। कैनेडियन नेशनल फायर डेटाबेस के अनुसार, 2023, में देश भर में 7,131 आग की घटनाएं दर्ज की गई थी और इस दौरान, 17,203,625 हेक्टेयर भूमि जल गई, जो पिछले सालों की तुलना में सबसे अधिक है।

## 'भारत चांद पर पहुंच गया, जबकि हम'', सांसद ने खोली पाकिस्तान की पोल

एजेंसी

**तेल-अवीव।** पाकिस्तान के एक सांसद ने अपने ही देश की पोल खोल कर रख दी है। सांसद ने चंद्रयान-3 मिशन का जिक्र करते हुए एक तरफ जहां भारत की उपलब्धियों को गिनाया तो वहीं कराची में ताजे पानी की कमी और बच्चों की स्थिति को लेकर अपनी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कराची में 70 लाख और पाकिस्तान में 2.6 करोड़ से अधिक बच्चे ऐसे हैं, जो स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

**'कराची में खुले गटर में गिरकर मर रहे बच्चे'**

मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के नेता सैयद मुस्तफा कमाल ने संसद में कहा कि जहां भारत चांद पर पहुंच गया है, वहीं कराची में बच्चे खुले गटर में गिरकर मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जब टीवी देखते हैं तो खबर आती है कि भारत चांद पर उतर गया है। ठीक दो सेकंड बाद उसी स्क्रीन पर खबर आती है कि कराची में खुले गटर में एक बच्चे की मौत हो गई।

**'कराची को 15 साल तक नहीं मिला ताजा पानी'**

एमक्यूएम-पी नेता के कहा कि कराची पाकिस्तान का राजस्व इंजन है। पाकिस्तान की स्थापना के बाद से यहां दो बंदरगाह चालू हैं और दोनों कराची में हैं। कराची पूरे पाकिस्तान, मध्य एशिया से लेकर अफगानिस्तान तक का प्रवेश द्वार हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल तक कराची को थोड़ा सा भी ताजा पानी नहीं दिया गया। यहां तक कि जो पानी आया, टैंकर माफिया ने उसे जमा कर लिया और



कराची के लोगों को बेच दिया।

**'दो करोड़ से अधिक बच्चे नहीं जाते स्कूल'**

सैयद मुस्तफा कमाल ने कहा कि हमारे पास कुल 48,000 स्कूल हैं, लेकिन एक नई रिपोर्ट कहती है कि उनमें से 11,000 'भूतिया स्कूल' हैं।

सिंध में 70 लाख बच्चे स्कूल नहीं जाते और देश में कुल 2,62,00,000 बच्चे स्कूल नहीं जाते। अगर हम सिर्फ इसी पर ध्यान केंद्रित करें तो देश के नेताओं को ठीक से नींद भी नहीं आनी चाहिए।

**14 जुलाई 2023 को भारत ने चंद्रयान-3 मिशन को किया लॉन्च**

गौरतलब है कि पिछले साल 14 जुलाई को भारत ने चंद्रयान-3 मिशन को लॉन्च किया था। लैंडर ने अगस्त में चंद्रमा की सतह पर लैंड किया था। इस तरह भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया।

## महिलाओं के कमाने से बढ़ रहे हैं तलाक : सईद अनवर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पूर्व कप्तान सईद अनवर ने महिलाओं को लेकर एक विवादित बयान दिया है। सईद अनवर का आपत्तिजनक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में उन्होंने कहा है कि जब से महिलाओं ने कमाना शुरू किया है, तब से घरों में लड़ाई-झगड़े बढ़ गए हैं और तलाक भी ज्यादा होने लगे हैं। उनके इस बयान की लोग आलोचना कर रहे हैं।

**वायरल हो रहा वीडियो**

वायरल वीडियो में सईद अनवर ने कहा, 'मैं पूरी दुनिया घूमकर आ रहा हूं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया जाकर आया हूं। यूरोप के देशों में पति-पत्नी में लड़ाइयां हो रही हैं। इतने हालात खराब हो गए हैं कि उन्होंने लड़कियों को कमाई पर लगा दिया है।'

**इन खिलाड़ियों का लिया नाम**

उन्होंने वीडियो में कहा, 'जब मेरी ऑस्ट्रेलिया के एक मेयर से बात हुई तो मैंने उनसे पूछा कि आपके यहां ड्रग्स, डिप्रेशन और खुदकुशी के केस क्यों बढ़ रहे हैं, तो उन्होंने कहा- जबसे हमने औरतों को कमाई पर लगाया, हमारा कल्चर बर्बाद हो गया है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के एक खिलाड़ी शॉन टैट ने मुझे बुलाया। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने भी मुझे बुलाया। उन्होंने मुझसे पूछा कि हमारे हालात कैसे सही हो सकते हैं।'

**सईद अनवर वर्कफ्रंट**

सईद अनवर ने पूर्व क्रिकेटर के तौर पर 55 टेस्ट और 247 वनडे मैच खेले हैं। अनवर ने अपनी बेटी की मौत की वजह से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया था। हालांकि, बाद में उन्होंने फिर से कमबैक किया। पूर्व क्रिकेटर ने 2003 विश्व कप में भारत के खिलाफ शतक बनाया था। साल 2003 में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने 2003 में अपना आखिरी मुकाबला खेला था।

## चीन ने लागू की विदेशी पर्यटक को वीजा-मुक्त प्रवेश की नीति

**बीजिंग।** चीन ने देश के समुद्र तट के साथ सभी क्रूज जहाज बंदरगाहों के माध्यम से विदेशी पर्यटक समूहों के वीजा-मुक्त प्रवेश की अनुमति देने वाली नीति लागू की है। राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन (एनआईए) के अनुसार पर्यटक समूह जिनमें से प्रत्येक में दो या अधिक विदेशी होते हैं और चीनी ट्रैवल एजेंसियों द्वारा संगठित या प्राप्त होते हैं, शंघाई, तियानजिन, गुआंगज़ौ, सान्या और अन्य सहित 13 चीनी शहरों में क्रूज बंदरगाहों के माध्यम से क्रूज जहाजों पर चीन में वीजा मुक्त प्रवेश कर सकते हैं। एनआईए के एक बयान के अनुसार पर्यटक चीन में 15 दिनों से अधिक नहीं रह सकते हैं। चीन में रहते हुए वे तटीय प्रांतों, नगर पालिकाओं और स्वायत्त क्षेत्रों के साथ-साथ बीजिंग का भी दौरा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एनआईए ने घोषणा की कि सात क्रूज बंदरगाहों, अर्थात् डालियान, लियानयुंगंग, वेनझोउ, झोउशान, गुआंगझोउ, शेन्ज़ेन और बेइहाई को 54 देशों के नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त पारगमन बंदरगाहों के रूप में नामित किया गया है। बयान में कहा



गया है कि यह कदम चीन की वीजा-मुक्त पारगमन नीति के तहत क्रूज जहाजों के माध्यम से इन बंदरगाहों से विदेशी यात्रियों के पारगमन और प्रस्थान की सुविधा प्रदान करता है।

एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी माओ जू के अनुसार क्रूज प्रवेश और निकास प्रक्रियाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए एनआईए ने अन्य सेवाओं के अलावा विदेशी क्रूज यात्रियों के लिए निकासी, चालक दल लैंडिंग और क्रूज रखरखाव की सुविधा पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई उपाय पेश किए हैं।

## कूटनीतिक वार्ता से ही नेपाल-भारत की समस्या का समाधान संभव: विदेश मंत्री श्रेष्ठ

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने विश्वास व्यक्त किया है कि कूटनीतिक वार्ता के जरिये ही भारत के साथ चली आ रही समस्याओं का समाधान हो सकता है। कूटनीतिक संवाद के जरिए हल होने वाली समस्याओं का दूसरा या तीसरा विकल्प नहीं ढूंढ़ा जाना चाहिए।

नेपाल-भारत संबंधों पर नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमिनार में विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि सदियों से रहे संबंध को छोटी-मोटी सीमा समस्या के कारण नहीं बिगड़ा जा सकता। दोनों देशों के संबंध प्रकृति द्वारा संरक्षित, सांस्कृतिक एकता से सिंचित, व्यापक, बहुआयामिक तथा अतुलनीय है।

विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच कुछ समस्याएं हैं, जो अभी की नहीं है बल्कि



इतिहास से चलती आ रही है। इन समस्याओं के लिए न तो वर्तमान भारत सरकार और न ही नेपाल सरकार जिम्मेदार है।

इतिहास की इन समस्याओं का समाधान कूटनीतिक संवाद के जरिए किए जाने की बात विदेश मंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक माध्यम से इन समस्याओं का समाधान कर संबंधों को नई ऊंचाई पर पहुंचाने की आवश्यकता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि द्विदेशीय सम्बन्ध सार्वभौम समानता, शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व, सद्भावना, पारस्परिक विश्वास और समझदारी पर आधारित होने के कारण इसको और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच निरन्तर होने वाले उच्चस्तरीय भ्रमण, इन संबंधों को और ऊंचाई प्रदान करते हैं।

# राष्ट्र संस्कृति को बचाने व गौरवशाली भारत बनाने के लिए भाजपा को वोट दें: स्वामी सुमेधानंद

**दौरा**

**उन्होंने बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी बर्की, बहबलपुर, धिकताना व बाडो पट्टी का दौरा किया**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
सीकर के सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे विकसित भारत, राष्ट्र संस्कृति को बचाने व गौरवशाली भारत बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में हर नागरिक अपना सहयोग दें। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती गुरुवार को हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह के पक्ष में प्रचार अभियान चला रहे थे।
उन्होंने बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी बर्की, बहबलपुर, धिकताना व बाडो पट्टी का दौरा किया और ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने पार्टीजनों के साथ बैठक करके चुनाव की रणनीति बनाई और जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने भारतीय संस्कृति बचाने व उनका जीर्णोद्धार करने का महान कार्य किया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार का न तो भारतीय संस्कृति पर ध्यान था और न ही हमारी आस्था के केन्द्रों को तवज्जो दी गई। ऐसे में हमें भली-भांति समझना व जानना होगा कि किस पार्टी का साथ देकर हम हमारी संस्कृति व आस्था के केन्द्रों को जिंदा रख सकते हैं। उन्होंने कहा की विपक्षी दल कांग्रेस के पास राष्ट्र निर्माण का कोई विजन नहीं है। वह हिंदुओं को जातियों में बांटकर वोट लेना चाहती है जो अब संभव नहीं होगा क्योंकि हिंदू जाग चुका है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। यह सब तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर ही संभव है। ऐसे में ग्रामीण एकजुटता से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह के पक्ष में मतदान करें ताकि हमारे हिसार के सांसद का सहयोग तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में हो।
स्वामी सुमेधानंद के साथ दौरों पर गए भाजपा जिला सचिव स्वामी दर्शन गिरी ने कहा कि बरवाला क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल है। नागरिकों में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को लेकर उत्सुकता है। उन्होंने कहा कि बरवाला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार को ऐतिहासिक बढ़त मिलेगी।
भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस दौरान उनके साथ बहबलपुर सरपंच रमेश, रामधारी, बंटी, बाडो पट्टी से पवन शास्त्री, निहाल सिंह, आशीष, रामचन्द्र, कृष्ण, महाराज भंडारी नाथ, धिकताना से सरपंच कृष्ण यादव, सूबेदार जयसिंह, ध्यानगिरी महाराज, बुगाना सरपंच सोनू, अजय सूरा, नसीब, हेमचंद सूरा, सुनील नैन, सुलखनी सरपंच विकास, मदन जांगड़ा व सुरेन्द्र सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने सिवाय भ्रष्टाचार और घोटालों के देश को कुछ नहीं दिया : कुलदीप बिश्नोई

**जनसभा**

**फतेहाबाद के गांव नाढोडी में तंवर के लिए मांगे वोट, ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव में पहुंचे भाजपा नेता**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने गुरुवार को गांव नाढोडी में जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर के पक्ष में वोटों की अपील की। जनसभा में उनके साथ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम सहित भाजपा के कई नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कुलदीप बिश्नोई, सुभाष बराला और दुड़ाराम एक ट्रेक्टर पर सवार होकर काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आज वे अपने घर में अपने ही भाई बहनों से अशोक तंवर के लिए वोटों की अपील करने आए हैं, उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि इलाके की जनता उनका साथ बिलकुल उसी प्रकार से देगी जिस प्रकार से भजनलाल का दिया करती थी। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आज देश को मजबूत करने का समय आ गया है, आज लोग अशोक तंवर को विजयी बनाकर लोकसभा में भेजेंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती मिलेगी और देश को फिर से तीसरी मजबूत सरकार मिलेगी, जो देश और देशवासियों के हितों के फैसले ले सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुशासन के साथ नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते खेल : नरसी राम बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में दो दिवसीय अंतर विभागीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता गुरुवार को सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने खिलाड़ियों का परिचय लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल निदेशालय का ये शानदार प्रयास है। खेलों से विद्याथीयों का बहुमुखी विकास होता है। अच्छा करने पर जहां खिलाड़ी का भविष्य चमकदार हो सकता है, वहीं केवल भाग लेने से ही शरीर को स्वथ्य बनाए रखा जा सकता है। खेल अनुशासन के साथ नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।
खेल निदेशालय के डीन प्रो. दलबीर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की चार टीमों ने लड़कों के वर्ग में तथा लड़कियों के वर्ग में यूटीडी की टीम तथा एक अतिथि टीम ने भाग लिया। लड़कों के वर्ग का फाइनल मुकाबला टीम 'ए' व टीम 'डी' के बीच हुआ। इस मुकाबले में टीम ए ने टीम डी को हराया। लड़कियों के वर्ग में फाइनल मुकाबला लड़कियों के वर्ग में यूटीडी की टीम विजयी रही।
इस अवसर पर खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा, सहायक खेल निदेशक डा. मृणालिनी नेहरा, कबड्डी कोच सुरेश कुमार, फुटबॉल कोच विनोद कुमार, बास्केटबॉल कोच अजय लांबा, तीरंदाजी कोच संदीप कुमार व क्रिकेट कोच विकास कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### चिकित्सा से संबंधित कोर्सों बारे अपना दायरा बढ़ा रहा विश्वविद्यालय : प्रो. नरसी राम बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
यहां का गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय एवं आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट, हिसार फॉर क्लीनकल ट्रेनिंग, आर एंड डी सर्विसेज एंड रिलेटिड सर्विसेज हिसार (आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट) अब चिकित्सा, मनोविज्ञान एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में मिलकर कार्य करेंगे। इसके लिए गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट के बीच गुरुवार को मैमोरंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू) हुआ है।
विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई एवं आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट की ओर से संस्थान के निदेशक डा. विक्रम जैन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय की ओर से गवाह के रूप में कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर तथा डीन इंटरनेशल अफेयर्ज प्रो. नमिता सिंह ने हस्ताक्षर किए। आधार हेल्थ इंस्टीट्यूट की ओर से एडमिनस्ट्रेशन हेड उमेश कुमार एवं इंटनेशल प्रमोशंज एवं बिजनेस डवलपमेंट मैनेजर उदय गोदारा ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए।
कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने बताया कि चिकित्सा से संबंधित कोर्सों को लेकर विश्वविद्यालय अपना दायरा बढ़ा रहा है। विश्वविद्यालय में इस वर्ष से चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित पांच नए कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं। इनमें बीएससी नर्सिंग, बीएससी लैबोरट्री, बीएससी ऑपरेशन थियेटर टेक्नॉलाजी, जीएनएम तथा एएनएम नए कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में फामेर्सी, फिजियोथैरपी, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस तथा मनोविज्ञान विभागों में भी चिकित्सा से संबंधित कोर्स विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।डा. विक्रम जैन ने भी इस एमओयू को दोनों संस्थानों के लिए अत्यंत लाभदायक बताया है और कहा है कि इस एमओयू से दोनों संस्थानों के लिए चिकित्सा क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत होगी। इस अवसर पर प्रो. वीके बिश्नोई, प्रो. सुमित्रा सिंह, डा. अर्चना कपूर तथा डा. जसप्रीत कौर भी उपस्थित रहे।
विश्वविद्यालय के इन कोर्सों के विद्यार्थियों को होगा लाभ
प्रो. नमिता सिंह ने बताया कि इस एमओयू से क्लीनीकल साइकोलॉजी, बीएससी नर्सिंग, बी. वीओसी पेशेंट केयर मैनेजमैंट, बी. वीओसी क्रिटीकल केयर मैनेजमैंट, बी. वीओसी पारा मैडिकल एंड हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन, इंटीग्रेटिड बीएससी ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च-एमएससी मेडिकल इमेजिंग टेक्नॉलोजी, बैचलर इन मेडिकल लैबोरट्री टेक्नीशियन, बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नालॉजी, जीएनएम तथा एएनएम के अतिरिक्त इंटीग्रेटिड बीएससी ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च-योगा साइंस एंड थैरेपी, एमबीए इन हेल्थ केयर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन आरसीआई तथा डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग आदि कोर्सों के विद्यार्थियों को सीधा लाभ पहुंचेगा।

### जेवरात चोरी मामले में फरार आरोपी सुनार को पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
पांच साल पहले 2019 में जेवरात चोरी के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी सुनार को क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी कासिम, शेख अक्सर, दानिश तथा राहुल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।
पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राजाराम उर्फ रामू सुनार है जो दिल्ली की जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। 29 अक्टूबर 2019 को सेक्टर 31 थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था

# झज्जर जिला में 17861 फर्स्ट वोटर, सभी से मतदान का आह्वान

**मतदान**

**–मताधिकार अपने आप में बहुत बड़ा प्रोत्साहन है, सभी वोटर करें मतदान: जिला निर्वाचन अधिकारी**



**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
रोहतक लोकसभा सीट के चुनाव में झज्जर जिला के 17861 युवाओं को पहली बार मतदान का अधिकार मिला है। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने गुरुवार को जिले के सभी मतदाताओं के साथ इन युवाओं से 25 मई के दिन मतदान अवश्य करने का आह्वान किया है।
उन्होंने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार अपने आप में एक बड़ा प्रोत्साहन है व सभी मतदाताओं को गर्व के साथ मतदान करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बनते हुए विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि जिले में 808054 कुल मतदाता हैं जिनमें से 379782 महिला व 428259 पुरुष मतदाता हैं। जिले में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 17861 है। ये मतदाता लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में 797 पोलिंग बूथों पर मतदान होगा जिनमें से 168 शहरी पोलिंग बूथ हैं व 628 ग्रामीण। इसके अलावा बहादुरगढ़ में एक 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण 146(क) अतिरिक्त बूथ स्थापित किया गया है।
बीते लोकसभा चुनाव 2019 में झज्जर जिले में 68.84 प्रतिशत मतदान हुआ था व इससे पूर्व 2014 के लोकसभा चुनाव में 66.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने कहा कि बीते दो चुनाव से लगातार चुनाव प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है व इस बार स्वीप अभियान भी बड़े स्तर पर चलाया जा रहा है और अपेक्षित है कि जिले में मतदाता इस बार अधिक से अधिक मतदान में भागीदार बनते हुए बीते सालों की तुलना में अधिक मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। चुनाव को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है।
उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। इस एप पर मंगलवार तक झज्जर जिले में अभी तक 158 शिकायतें आई थी। इन सभी शिकायतों को तय समय 100 मिनट से पहले ही एक्शन लेते हुए समाधान कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी एआरओ व फील्ड टीमों को सी-विजिल एप की शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# देवर ने भाभी को होटल में ले जा किया दुष्कर्म, खींची अश्लील फोटो

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
जुलाना थाना क्षेत्र के तहत एक होटल में देवर तथा भाभी के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो खींच कर ब्लैकमेल किया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने देवर के खिलाफ दुष्कर्म करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हांसी के सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुआ सास रोहतक जिले के गांव में विवाहित है। जिसका बेटा सौरभ उनके पास आता-जाता था। वे



जुलाना इलाके रिश्तेदारी में विवाह मे आए हुए थे। जिस पर सौरभ उसे जुलाना क्षेत्रके होटल में ले गया और दुष्कर्म किया। सौरभ ने उसकी अशखेल फोटो खींच ली और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी।
गुरुवार को महिला थाना प्रभारी मुकेश देवी ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित सौरभ के खिलाफ दुष्कर्म करने, मारपीट करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मौजूदा समय में पौधारोपण जरूरी : प्रो. बीआर कम्बोज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। पर्यावरण व भूमि संरक्षण के लिए मौजूदा समय में पौधारोपण जरूरी है। वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प हम सभी को लेने की जरूरत है। हमारा कर्तव्य है कि पर्यावरण सुधार के लिए अधिक से अधिक सख्या में पौधारोपण करना चाहिए।

# मतदाता को मतदान के लिए नहीं लगना पड़ेगा घंटो लाइन में

**अहम कदम**

**निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाइन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं और बूथ पर भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है।
आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैंए जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केंद्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देख कर बगैर वोट डाले ही वापस चले जाते हैं लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केंद्रों की जानकारी मिल सकेगी।
**क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकृति प्रदान की**
जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद



इमरान रजा ने वीरवार को बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा। जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं।
**मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय इंतजार नही करना होगा** डीसी ने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा
और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

# फरीदाबाद: मतदान से 9 दिन पहले 89 वर्षीय बुजुर्ग ने डाला वोट

**मतदान की सुविधा**

**85 वर्ष आयु वर्ग के और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा शुरू हो गई है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
चुनाव आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा शुरू हो गई है। इसके तहत गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तैयार की गई टीम मतदाताओं के घर पहुंची और पूरी चुनाव प्रक्रिया अपनाते हुए मतदाताओं से वोट डलवाए।



जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के अनुसार घर बैठे मतदान के लिए दो दिन निर्धारित किये गये हैं। पहला दिन 16 मई है और फिर 18 मई को वोट डलवाए जाएंगे। इसके लिए पहले जिन बुजुर्गों ने आवेदन किए थे, उन्हीं को यह सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत आज सबसे पहले निर्वाचन अधिकारी की ओर से नियुक्त वोटिंग टीम पीठासीन अधिकारी बिजेंद्र कुमार के नेतृत्व में सेक्टर-15 पहुंची। यहां 89 वर्ष के बुजुर्ग मतदाता केसी बांगा के निवास पर पूरी तरह से वही प्रक्रिया अपनाई गई जो मतदान केंद्र पर होती है। निर्वाचन टीम ने मतदाता केसी बांगा की वोटर स्लिप देखी, वोटर लिस्ट में नाम जांचा गया, आधार कार्ड से पहचान की गई और फिर उसी तरह से एक मेज पर तीन तरफ से ढक कर एक स्थान निर्धारित किया गया, जहां मतदाता ने बैलेट पेपर पर अपने पसंद के अनुसार प्रत्याशी के खाने में टिक मार्क किया।
इसके बाद बैलेट पेपर स्वयं ही मतदाता ने बंद किया और उसे लिफाफे में डाल गया, जिसे मतदाता को ही सील करना होता है। मतदाता अगर सील करने में सक्षम नहीं है तो उसके स्वजन इसमें मदद कर सकते हैं। यहां केसी बांगा के पुत्र महेश बांगा ने सील करके लिफाफा निर्वाचन टीम को सौंपा।

# मतदाताओं को मिलेगा 25 मई का स्नेह भरा निमंत्रण

**लोकसभा चुनाव**

**– शादी के कार्ड की तरह छपे कार्ड पर लिखा- हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर-जरूर आना...**

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
लोकसभा चुनाव को लेकर जोर-शोर से तैयारियां जारी हैं, इस बार मतदाताओं को मतदान के प्रति रिझाने के लिए अनूठे कदम उठाते हुए आकर्षित किया जा रहा है। जिले में बीएलओ के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से मतदाताओं को मतदान हेतु



निमंत्रण पत्र भी वितरण किया जाएगा। बीएलओ वोटर इन्फार्मेशन स्लिप के वितरण के साथ ही इस कार्ड का वितरण भी करेंगे।
जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से सभी मतदाताओं को चुनाव के दिन मताधिकार का प्रयोग करने लिए पोलिंग बूथों पर आने का निमंत्रण दिया गया है। मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित बेहद सुंदर ढंग से सुसज्जित निमंत्रण पत्र तैयार किया है जिसमें सभी औपचारिकताएं किसी सामान्य उत्सव के निमंत्रण की तरह ही लिखी गई हैं। नायब तहसीलदार (इलेक्शन) सुरेंद्र कुमार ने गुरुवार को बताया कि चुनाव आयोग की एक अनोखी पहल है, जिसके तहत मतदाताओं को इस बार मतदान करने के लिए बुलाने हेतु ब्याह-शादी के कार्ड की तरह का कार्ड छपवाकर निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह निमंत्रण पत्र बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची के वितरण के साथ ही मतदाता को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निमंत्रण पत्र को बड़े ही क्रिएटिव ढंग से तैयार किया गया है जो मतदाताओं का ध्यान आकर्षित कर रहा है। विवाह के कार्ड के डिजाइन से प्रेरित कार्ड पर लिखा है कि हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर-जरूर आना। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा इस पूरी प्रक्रिया को बेहद गंभीरता के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कार्ड में ये है खास

निमंत्रण पत्र पर एक तरफ वोटर जागरूकता से जुड़ी सामग्री प्रकाशित है। कार्ड पर चुनाव से संबंधित विभिन्न एप के बारे में बताया गया है। इसके अलावा बूथ पर मतदान देने की प्रक्रिया का वर्णन है ताकि किसी मतदाता को परेशानी ना हो। कार्ड को बेहद सुसज्जित ढंग से तैयार किया गया है व चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण इन्फार्मेशन इस कार्ड पर अंकित है।

# कार ने मारी टक्कर, स्कूटी सवार एक महिला की मौत, दूसरी गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
गुरुवार को जींद-नरवाना नेशनल हाइवे पर गांव अहिरका के निकट कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई। दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया है।
अर्बन एस्टेट निवासी सोमबीर की पत्नी 42 वर्षीय पत्नी निशा, बडौदा निवासी 20 वर्षीय किरण स्कूटी पर




सवार होकर गांव झांज कला की तरफ से शहर की तरफ लौट रही थी। जब वे गांव अहिरका फ्लाईओवर के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें एक महिला डिवाइडर पर जा गिरी। जबकि दूसरी हाइवे पर गिर कर दोनो गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को राहगीरों ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घटना को अंजाम देकर चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। जहां चिकित्सकों ने निशा को मृत घोषित कर दिया। मृतका सरकारी स्कूल में अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई ओर हालातों का जायजा लिया। सदर थाना के जांच अधिकारी कुलबीर ने बताया कि पुलिस ने पीछे से आ रहे दूसरे गाड़ी चालक सावित्री नगर निवासी वरूण की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## पुलिस हिरासत में युवक की मौत, पूरी चौकी सस्पेंड

**गौतमबुद्धनगर:** ग्रेटर नोएडा पुलिस की चिपियाना चौकी में हिरासत में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने पुलिस चौकी में हत्या करने का आरोप लगया है। उधर, नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने ग्रेटर नोएडा की चिपियाना पुलिस चौकी में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है। आलाधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा की चिपियाना चौकी की पुलिस एक युवक को किसी केस के मामले में पूछताछ के लिए चौकी पर लाई थी। युवक की ग्रेटर नोएडा पुलिस की हिरासत में ही मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा में हुई इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी इस घटना को आत्महत्या बताने की कोशिश में जुटे हुए हैं। मरने वाला युवक योगेश है और मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला था। ग्रेटर नोएडा पुलिस द्वारा बचाव में बताया जा रहा है कि बलात्कार के एक मामले में लखनऊ से ट्रांसफर होकर आया था। उस मामले में योगेश को आरोपी बनाया गया है। उसी केस के मामले में ग्रेटर नोएडा की चिपियाना पुलिस ने योगेश को हिरासत में लिया था। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने ग्रेटर नोएडा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई का आरोप है कि उसके भाई को ग्रेटर नोएडा पुलिस घर से उठाकर चिपियाना चौकी पर लाई थी। पुलिस के एक दरोगा ने उसके भाई को छोड़ने के लिए पांच लाख मांगे थे। उसने एक लाख रुपये दे दिए थे और चार लाख रुपये गुरुवार की सुबह देने को कहा था। उसका आरोप है कि बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात को पुलिस वालों ने उनके भाई की हत्या कर दी। ग्रेटर नोएडा की पुलिस उपायुक्त सुनीति सिंह ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट द्वारा करवाया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का एक पैनल बनाया गया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। इस मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## मदरसे में बम धमाका, गेंद समझकर छात्र ने उठाया

टीम एक्शन इंडिया

**सारण:** छपरा के गड़खा थाना क्षेत्र के मोतिराजपुर गांव स्थित एक मदरसा में अचानक ब्लास्ट हो गया। इसमें मदरसा के मौलाना और उनका छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की गूंज आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया।

# आजमगढ़ को बदनाम करने वाले बेनकाब हुए: योगी

### आदित्यनाथ ने आजमगढ़ के फरिया-निजामाबाद रोड के लालगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया

**विपक्ष पर हमला**

**▸▸ देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जोड़े जाते थे और उसे बदनाम किया जाता थे**



टीम एक्शन इंडिया

**आजमगढ़:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। देश में विकास कार्य ठप हो चुके थे क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी थी। उस दौरान गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करते थे, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। वहीं देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जोड़े जाते थे और उसे बदनाम किया जाता था। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। भाजपा उम्मीदवार दिनश लाल यादव निरहुआ और लालगंज की प्रत्याशी नीलम सोनकर के समर्थन में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें दुनिया में सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद-नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है। आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर एक विश्वविद्यालय बन गया है। इसके साथ ही आजमगढ़ पूर्वांचल एक्सप्रेस से जुड़ गया है। आज आजमगढ़ में एयरपोर्ट भी है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का इंतजार कर रहे देशवासी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजमगढ़ को बदनाम करने वाले आज बेनकाब हो चुके हैं। आज आजमगढ़ वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज समेत अन्य जिलों से फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ जुड़कर नये भारत के नये उत्तर प्रदेश का नया आजमगढ़ बन चुका है। पहले देश और दुनिया में लोग आजमगढ़ का नाम सुनते ही चौंक जाते थे। उस दौरान यहां के लोगों को देश और दुनिया में जाने में काफी समस्या होती थी क्योंकि वहां आजमगढ़ वासियों को होटल तो दूर धर्मशाला में भी रूम नहीं मिलते थे।

## सपा-कांग्रेस का गठबंधन जब हुआ, महामारी का कारण बना: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया

**कौशाम्बी:** लोकसभा सीट कौशाम्बी में भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने तीन चरण के चुनाव का रुझान सामने रखकर देश के अंदर एक बार फिर मोदी सरकार का नारा देकर अपने भाषण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में कायाकल्प किए जाने की बात कही। 10 साल पहले के भारत की तस्वीर सामने रखकर उन्होंने कहा कि गरीबी भूख से आम आदमी मरता था। किसान आत्महत्या करते थे। युवक पलायन कर रहे थे। बेटी, व्यापारी, सुरक्षित नहीं थे। जगह-जगह विस्फोट होते थे। देश में पहचान का संकट था, लेकिन अब भारत बदल गया है। देश का सम्मान पूरा विश्व करता है। पीएम मोदी के भारत की तस्वीर सामने रखते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व कुशलता को बताते हुए उन्होंने कहा कि अब भारत में कोई पटाखा भी फूटता है, तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हम नहीं है। हम किसी को छेड़ते नहीं और कोई छेड़ता है तो छोड़ते नहीं, की बात कह कर देश में विकास कार्यों का परिदृश्य मुख्यमंत्री ने जनसभा में बैठे लोगों के सामने रखा। लखनऊ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह फ्री राशन देने की बात करते हैं। जब उनकी सरकार थी, तो गरीब भूख से मर रहे थे। सत्ता थी तो माफिया के करीब थे, उनकी जबान सिली हुई थी, लेकिन अब माफिया मुक्त यूपी हुआ है। साल 2024 के आम चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस का गठबंधन अब वापस सत्ता में नहीं आने वाला। इसके बाद के होने वाले चुनाव में जनता इनका नाम भूल जाएगी।

## 19 तक बंद रहेंगे चारधाम यात्रा के आफलाइन पंजीकरण काउंटर



टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में खोले गए ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर 17 मई से 19 मई तक बंद रहेंगे। यह निर्णय धामों पर पूर्व से पंजीकृत श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन कराए जाने की दृष्टि से लिया गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के निदेशक सुमित पंत ने इसकी पुष्टि की है। चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य किया है। इससे श्रद्धालुओं को अपनी पंजीकृत तिथि पर दर्शन लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसी क्रम में धामों पर दर्शन की टोकन व्यवस्था भी सुचारु रूप से कार्य कर रही है। इससे श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन का लाभ मिल रहा है।

**पंजीकृत**

**▸▸ यह निर्णय श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन कराए जाने की दृष्टि से लिया गया है**

## मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ: सीएम



टीम एक्शन इंडिया

**कोडरमा:** जिले के जयनगर प्रखंड के पिपचो मां गंगा पब्लिक स्कूल के मैदान पर गुरुवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि देश ने 56 इंच के सीने वाला को प्रधानमंत्री बनाया है, ना खाएगा ना खाने देगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां विपक्ष के गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। आने वाले दिनों में फिर से नरेन्द्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार की ओर से कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद विकास और सामाजिक न्याय बढ़ा है। कश्मीर में चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों ने देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट दिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मिल गया, अब कृष्ण मंदिर की बारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य सरकार ने नौकरियां को बेचने का काम किया है।

**दावा**

**▸▸ आने वाले दिनों में फिर से नरेन्द्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे: सीएम मोहन**

## मुंबई में इंडी गठबंधन की रैली में नहीं जाएंगी ममता

**कोलकाता:** मुंबई में शुक्रवार को होने वाली इंडी गठबंधन की रैली का औपचारिक आमंत्रण ममता बनर्जी को नहीं मिला है। इसलिए तृणमूल कांग्रेस का कोई प्रतिनिधि भी इस रैली में शामिल नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इंडी गठबंधन की इस रैली का आह्वान किया।

## भाजपा ने 60 लाख युवाओं के भविष्य के साथ किया खिलवाड़: अखिलेश



टीम एक्शन इंडिया

**बांदा:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह से देश और प्रदेश में सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराकर 60 लाख लोगों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया गया है। उससे आहत युवा भाजपा को माफ नहीं करेंगे आने वाले चुनाव में सबक सिखाएंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुवार को बांदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र के अतर्रा कस्बा स्थित हिंदू इंटर कॉलेज में समाजवादी पार्टी कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी कृष्णा देवी पटेल के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती के दौरान 60 लाख युवाओं ने परीक्षा दिया था उन्हें भरोसा था कि परीक्षा देने के बाद उन्हें नौकरी जरूर मिलेगी। लेकिन पेपर लीक होने से युवाओं को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह पेपर लीक नहीं हुए बल्कि सरकार ने पेपर लीक कराया था ताकि अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को नौकरी न देना पड़े। इसी तरह केंद्र सरकार ने फौज की नौकरी खत्म करके अग्नि वीर के नाम पर भर्ती की। जिनको शहीद होने पर आखरी समय पर भी सम्मान तक नहीं मिलेगा। अखिलेश ने कहा कि अब अगर भाजपा की सरकार आ गई तो अभी तो फौज की नौकरी 4 साल की हुई है। पुलिस की तीन साल की नौकरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हवाई अड्डे रेलवे समेत अन्य जगह बेचने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें खनन के नाम पर बदनाम करने वाली सरकार की कलई खुल रही है।

**सरकार को घेरा**

**▸▸ नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराकर 60 लाख लोगों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया**

## चारधाम से बिना दर्शन न लौटे कोई भी श्रद्धालु: कैबिनेट मंत्री



टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** कैबिनेट व उत्तरकाशी जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने गुरुवार को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के संबंध में स्थानीय प्रशासन से वार्ता की। मंत्री ने प्रशासन से कहा है कि यात्रा व्यवस्थित रहे और कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन कर वापस न जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री के सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम भी वहां कैंप किए हुए हैं। गुरुवार को जारी एक बयान में कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद ने बताया कि उनके प्रभारी जनपद उत्तरकाशी के पवित्र धाम गंगोत्री और यमुनोत्री में पिछले दिनों श्रद्धालुओं के बिना दर्शन कर लौटने की जानकारी मिली। इसका संज्ञान लेते हुए मंत्री ने स्थानीय प्रशासन से वार्ता की है। उन्होंने कहा है कि चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। ऐसे में किसी भी श्रद्धालु को बिना दर्शन कर लौटने न दिया जाए। व्यवस्थाओं में सभी लोग अपना सहयोग दें। इसके लिए मंत्री ने यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से भी आग्रह किया है। प्रशासन के अनुसार यात्रा सुचारु रूप से चल रही है।

इसी क्रम में मार्ग वन-वे किया गया है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में अव्यवस्था न फैले। इसके लिए गाड़ियों में सवार श्रद्धालुओं को भंडारा आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

**विशेष ध्यान**

**▸▸ यात्रा व्यवस्थित रहे और कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन कर वापस न जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए**

## महिला अपराध के आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या हुई कार्रवाई: हाईकोर्ट



टीम एक्शन इंडिया

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य में जमीन कब्जा, महिला अपराध एवं रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है। इस संबंध में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार को एक चार्ट तैयार करने को कहा है, जिसमें आरोपितों की पहचान से संबंधित डाटा रहे, ताकि वह अगर दूसरी बार भी वे अपराध करते हुए पकड़े जाएं तो उनकी पहचान आसानी से हो सके।

**जवाब तलब**

**▸▸ रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हैं**

## प्रियंका ही हराना चाहती हैं राहुल को चुनाव: केशव

टीम एक्शन इंडिया

**रायबरेली:** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रियंका गांधी ही राहुल गांधी को चुनाव हराना चाहती हैं, और वे राहुल गांधी को चुनाव हरा भी देंगी।उन्होंने कहा कि गांधी परिवार में खुद ही सामंजस्य नहीं है और सबकी महत्वाकांक्षा है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र में ऊंचाहार के किसुनदासपुर गांव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम ने कहा कि अमेठी में 2019 चुनाव में प्रियंका ने ही राहुल गांधी को हराने की साजिश रची थी।

पर्दाफाश

### अजीत ने रात ढाई बजे से सुबह 4 बजे के बीच सभी को उतारा था मौत के घाट

## सामूहिक हत्याकांड: भाई अजीत निकला हत्यारा



टीम एक्शन इंडिया

**सीतापुर:** सीतापुर जिले के पल्हापुर गांव में हुए सामूहिक हत्याकांड का खुलासा बृहस्पतिवार को पुलिस ने कर दिया। आईजी रेंज सीतापुर तरुण गाबा ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले को परत दर परत मीडिया के सामने रखा। उन्होंने बताया कि आरोपी अजीत सिंह ने रात ढाई बजे से सुबह 4 बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया और फिर अनुराग के आत्महत्या की कहानी गढ़ी। उन्होंने बताया कि अजीत दो बजे के करीब उठकर बाहर आया और सभी को जगाने के लिए बिजली का मेन स्विच बंद कर दिया। इस पर सबसे पहले प्रियंका बाहर आई। उसने पहले प्रियंका और फिर बारी-बारी से परिवार के छह सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद करीब 4 बजे सभी को फोन कर सूचना दी। प्रभाकर (पाटीदार) मौके पर पहुंचा तो 40 मिनट तक अपनी गाड़ी की चाभी नहीं दी। पुलिस के अनुसार, घटना करने का अजीत के पास उस दिन भी एक कारण था। रात में केसीसी का लोन चुकाने को लेकर उसकी परिजनों से बहस हुई थी। जिस असलहे से वारदात को अंजाम दिया गया वो घर में ही मौजूद था।

**अजीत ने बयां की थी हत्याकांड की पूरी कहानी:** हत्याकांड को अंजाम देने वाले अजीत सिंह ने पुलिस की पूछताछ में उस रात की अपनी क्रूरता की पूरी कहानी बयां की थी। उसने बताया कि सबसे पहले अपनी भाभी के सीने में गोली मारी थी। गोली की आवाज सुनकर जब उसकी मां सावित्री पहुंची थी तो उन पर हथौड़े से वार कर घायल कर दिया था। उसके बाद अनुराग व उसके तीनों बच्चों को मौत के घाट उतारा। कुछ देर घायल मां के पास बैठा रहा। फिर अचानक उनका सिर कूंच दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अजीत सबसे ज्यादा खुन्नस प्रियंका सिंह से रखता था। इसलिए वह 11 मई की रात असलहा और हथौड़ा लेकर उनको ही मारने के लिए छत पर पहुंचा था।

सोते वक्त ही उसने प्रियंका के सीने में गोली मार दी थी। गोली चलने की आवाज जब सुनाई दी तो अजीत की मां सावित्री वहां पहुंची। उनको देख उसने उन पर हथौड़े से वार कर दिया। वह घायल होकर वहीं गिर गईं। उसके बाद अनुराग के कमरे में गया। उसको दो गोलियां मारीं। फिर वह ऊपर आया। अनुराग के तीनों बच्चों की हत्या की। सबसे बाद में उसने मां को मारा।

